हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11



खेल

**विनेश फोगाट को ट्रायल में हिस्सा लेने दें, दिल्ली हाई कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई को लगाई...**

Page 09



देश

**रास्ते पर नमाज पर रोक के खिलाफ कोर्ट जाएगी तृणमूल, ममता बनर्जी ने पार्षद को...**

शुक्ल पक्ष, पूर्व फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • रविवार • 24 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 171 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,45,800 | ₹ 2,85,000 |



## आज का इतिहास

**1921 :** उत्तरी आयरलैंड के नए संसद के लिए प्रथम आम चुनाव का आयोजन किया गया।

**1883 :** न्यूयॉर्क शहर ने बुकलिन ब्रिज (चित्र) खोला - उस समय दुनिया का सबसे लंबा सस्पेंशन ब्रिज।

## न्यूज बाइट्स

### पूर्व सीएम को मिलेगी सीएम जैसी वीवीआईपी एयरपोर्ट सुविधा

**पटना (नि.सं.)** । बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार को अब पटना और दिल्ली एयरपोर्ट पर विशेष वीवीआईपी प्रोटोकॉल सुविधा दिए जाने की तैयारी की जा रही है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत उनकी गाड़ी सीधे एयरपोर्ट के रनवे तक जा सकेगी, जिससे उनकी आवाजाही को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाया जा सके। सूत्रों के मुताबिक, 19 मई को नागर विमानन विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में इस प्रस्ताव पर सहमति बन चुकी है। विभागीय स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं और जल्द ही इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी होने की संभावना है। आदेश जारी होते ही यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जा सकती है। नई व्यवस्था के तहत एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच प्रक्रिया में भी विशेष छूट और प्रोटोकॉल लागू किए जाएंगे। अभी तक इस तरह की सुविधा केवल कार्यरत मुख्यमंत्री को ही प्राप्त होती थी, लेकिन अब पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी यह सुविधा देने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि उनकी उच्च सुरक्षा श्रेणी, लंबे राजनीतिक अनुभव और लगातार होने वाले वीवीआईपी मूवमेंट को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित एआई समिट का किया उद्घाटन

# बिहार बनेगा एआई हब, राज्य सरकार जल्द लायेगी एआई पॉलिसी : सीएम

- सभी विभाग एआई का अधिक से अधिक उपयोग करें। एआई के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आयेगी।
- एआई के माध्यम से बिहार देश के अग्रणी विकसित राज्यों में शामिल होगा।

**निज संवाददाता | पटना**

राजधानी पटना स्थित ऊर्जा स्टेडियम में शनिवार को 'बिहार एआई समिट-2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आने वाले समय में जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रहा है और बिहार को तकनीक आधारित विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में संचार क्रांति आई है और आज करीब 120 करोड़ लोग मोबाइल फोन का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल युग में एआई की भूमिका अत्यंत अहम होगी। साथ ही उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बिहार में बिजली, सड़क और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को व्यवस्थित कर विकास की मजबूत नींव रखी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो बिहार को समृद्ध बनाना होगा। उन्होंने बिहार के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि मगध ने पूरे देश को स्वर्णिम काल दिया था।



### योजनाओं में पारदर्शिता लाने में निभाएगा बड़ी भूमिका

मुख्यमंत्री ने सभी विभागों से अधिक से अधिक एआई तकनीक के उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी और पंचायत स्तर पर आयोजित हो रहे "सहयोग शिविर" में भी तकनीक की बड़ी भूमिका होगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि आम लोगों की समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### राज्य में खुलेंगे मॉडल स्कूल और डिग्री कॉलेज

मुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र को लेकर कई बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 534 प्रखंडों में मॉडल स्कूल खोले जाएंगे। पटना में 10 तथा गया, बिहार शरीफ, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, हाजीपुर और छपरा जैसे नगर निगम क्षेत्रों में 5-5 मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे। छोटे जिलों में भी 3 से 4 मॉडल स्कूल खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों की गुणवत्ता ऐसी होगी कि मंत्री और अधिकारी भी अपने बच्चों को वहां पढ़ाने के इच्छुक होंगे। इसके अलावा जुलाई महीने में राज्य के 211 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने की घोषणा भी की गई।

### नीट परीक्षार्थियों को मिलेगी फ्री बस सुविधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 जून को होने वाली नीट परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए सरकार विशेष व्यवस्था करेगी। परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए छात्रों को मुफ्त बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### बिहार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब बनाने की तैयारी

मुख्यमंत्री ने युवाओं से बिहार को एआई हब बनाने में सहयोग और सुझाव देने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही एआई नीति लाएगी और भविष्य में भी इस प्रकार के समिट आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि एआई के माध्यम से बिहार देश के अग्रणी विकसित राज्यों में शामिल होगा। वहीं कानून-व्यवस्था पर भी सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि यदि कोई अपराधी पुलिस को चुनौती देता है तो 48 घंटे के भीतर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराधी किसी भी जाति या धर्म का हो, सरकार सभी पर समान रूप से सख्त कार्रवाई करेगी।

### 51 हजार युवाओं को मिली सरकारी नौकरी, पीएम ने बांटे नियुक्ति पत्र

# विकसित भारत के अहम सारथी हैं युवा : पीएम

**एजेंसी | नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आयोजित 19वें रोजगार मेले में देशभर के 51 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्ति पत्र वितरित किए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि भारत के युवा 'विकसित भारत' के निर्माण में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रेलवे, बैंकिंग, रक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा समेत कई क्षेत्रों में युवाओं को नई जिम्मेदारियां मिली हैं। उन्होंने सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन हजारों युवाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और वे अब देश की विकास यात्रा के भागीदार बन रहे हैं।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में पांच देशों की यात्रा के दौरान उन्होंने दुनिया की कई बड़ी कंपनियों के प्रमुखों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने महसूस किया कि पूरी दुनिया भारत के युवाओं और देश की तकनीकी प्रगति को लेकर बेहद उत्साहित है। दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहती है। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न देशों के साथ साझेदारी बढ़ा रहा है ताकि युवाओं को अधिक रोजगार और वैश्विक अवसर मिल सकें। स्वच्छ ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, टिकाऊ विनिर्माण और महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम हो रहा है, जिससे भविष्य में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दिशा में सरकार विभिन्न क्षेत्रों में बड़े स्तर पर निवेश कर रही है, जिससे युवाओं के लिए लाखों नए रोजगार के अवसर तैयार हो रहे हैं।

## विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम : मंगल पांडेय

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19वें रोजगार मेले में देशभर के 47 केंद्रों पर 51 हजार से अधिक युवाओं को एक साथ नियुक्ति पत्र सौंपना 'विकसित भारत @2047' के संकल्प की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम है। श्री पांडेय ने आज बयान जारी कर कहा कि मोदी सरकार ने बीते वर्षों में मिशन मोड में लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां देकर यह साबित किया है कि पारदर्शिता और योग्यता ही हमारी प्राथमिकता है। न सिफारिश, न भ्रष्टाचार - केवल मेरिट के आधार पर युवाओं को अवसर मिल रहे हैं। यह 'नौकरी के नाम पर ठगी' की पुरानी संस्कृति को खत्म कर 'भरोसे की नई संस्कृति' की स्थापना है। उन्होंने कहा कि रेलवे, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों में चयनित ये युवा न केवल अपने परिवार, बल्कि राष्ट्र निर्माण के भी सारथी बनेंगे। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बिल्कुल सही कहा कि भारत की वैश्विक साझेदारियां युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोल रही हैं। नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे, यूएई और इटली के साथ तकनीक, ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रक्षा क्षेत्रों में हुए समझौते भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन हब बना रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग में भी बड़ी संख्या में नियुक्तियां हुई हैं। कोविड के बाद मोदी सरकार ने स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर और मैनपावर दोनों पर अभूतपूर्व निवेश किया है। उन्होंने कहा कि नए एम्स, मेडिकल कॉलेज और हेल्थ वेलनेस सेंटरों में युवाओं को सेवा का अवसर मिलना 'स्वस्थ भारत, सशक्त भारत' की गारंटी है।

# बिहार बोर्ड 10वीं-12वीं कंपार्टमेंटल परीक्षा का रिजल्ट जारी

## इंटर में 55.31% और मैट्रिक में 57.18% परीक्षार्थी सफल

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शनिवार को इंटरमीडिएट और मैट्रिक विशेष सह कंपार्टमेंटल परीक्षा 2026 का रिजल्ट जारी कर दिया। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने परिणाम घोषित करते हुए बताया कि इंटरमीडिएट कंपार्टमेंटल परीक्षा में 55.31% परीक्षार्थी सफल हुए हैं, जबकि मैट्रिक में 57.18% छात्र-छात्राएं पास हुए हैं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षा में छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों से बेहतर रहा। इंटर में 59.29% छात्राएं और 52.65% छात्र सफल हुए। वहीं मैट्रिक परीक्षा में 53.48% छात्राएं तथा 57.84% छात्र पास हुए हैं। विद्यार्थी बिहार बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। इंटरमीडिएट विशेष सह कंपार्टमेंटल परीक्षा में कुल 6498 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिनमें 3711 छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए।

वहीं मैट्रिक विशेष सह कंपार्टमेंटल परीक्षा में 6034 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 3450 छात्र-छात्राएं पास हुए हैं। बिहार बोर्ड मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा 2 मई से 6 मई 2026 तक आयोजित की गई थी। वहीं इंटरमीडिएट विशेष सह कंपार्टमेंटल परीक्षा 2 मई से 11 मई तक चली थी। परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित हुई थीं। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक संपन्न हुई थी। कंपार्टमेंटल परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है, जो मुख्य बोर्ड परीक्षा में एक या दो विषयों में सफल नहीं हो पाते हैं या किसी कारणवश नियमित परीक्षा में शामिल नहीं हो सके थे। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को उसी शैक्षणिक सत्र में दोबारा मौका दिया जाता है, ताकि उनका एक वर्ष खराब न हो।इस वर्ष बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में 15 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। परीक्षा परिणाम दो महीने पहले जारी किए गए थे।

## बिहार में पेट्रोल 87, डीजल 91 पैसे फिर महंगा



**पटना (नि.सं.)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव का असर अब देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर भी दिखाई देने लगा है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच तेल कंपनियों ने एक बार फिर ईंधन के दाम बढ़ा दिए हैं। नई दरों के अनुसार पेट्रोल की कीमत में 87 पैसे प्रति लीटर और डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। तेल कंपनियों की ओर से जारी नई कीमतें शुक्रवार की रात से लागू हो गई हैं। पटना में पेट्रोल की कीमत 110.16 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 111.11 रुपए हो गई है। वहीं डीजल की कीमत 96.19 रुपए से बढ़कर 97.14 रुपए प्रति लीटर पहुंच गई है। पिछले 10 दिनों के भीतर ईंधन कीमतों में यह तीसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले मंगलवार को भी पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए गए थे। उस दौरान पेट्रोल में करीब 91 पैसे और डीजल में लगभग 89 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई थी। ईंधन कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि को लेकर विपक्ष ने सरकार पर हमला तेज कर दिया है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा है।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश
सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

स्वास्थ्य विभाग | बिहार सरकार
राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम



टेली मानस एप्प
डाउनलोड करने हेतु स्कैन करें
ACCESS TO SERVICE: MENTAL HEALTH IN CATASTROPHES AND EMERGENCIES
कब मानसिक चिकित्सक से सहायता लेनी चाहिए?
स्पष्ट रूप से सोचने और दैनिक कार्यकलापों को करने में कठिनाई।
बार-बार नकारात्मक विचारों का आना।
आदत, मन (इच्छा) एवं एकाग्रता में अचानक परिवर्तन का होना।
वैसी चीजों को देखना और सुनना जो आस-पास मौजूद नहीं हो।
आत्महत्या का विचार आना अथवा आत्महत्या करने का प्रयास करना।
क्रोध, भय, चिंता, अपराध बोध, उदासी या खुशी की लगातार अनुभूति।
बिना चिकित्सीय सलाह के औषधियों का अत्यधिक सेवन।
उपरोक्त लक्षणों के दिखाई देने पर बिना किसी देरी के नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या जिला अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग में जाएं।
डिप्रेशन/चिंता/तनाव/घबराहट का ईलाज तुरंत करायें
टेली मानस
सोचें नहीं कॉल करें
राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम
14416
सुलभ स्वास्थ्य - सुरक्षित जीवन
हेल्पलाइन नंबरः 104 (टॉल फ्री)
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम
PR No.- 002290 (Health)D. 2026-27

## संक्षिप्त समाचार

### समेकित जांच चौकी पर विदेशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार, सात पियक्कड़ भी हिरासत में

**रजौली।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए उत्पाद विभाग लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में शनिवार की अहले सुबह समेकित जांच चौकी पर वाहन चेकिंग के दौरान उत्पाद विभाग को बड़ी सफलता मिली। कोलकाता से आ रही यात्री बस से अवैध विदेशी शराब बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया गया। साथ ही विभिन्न वाहनों से सात पियक्कड़ों को भी नशे की हालत में हिरासत में लिया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र के निर्देश पर मद्यनिषेध अधिकारी अमृत कुमार के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एएसआई मोहम्मद साबिर ने सूचना और संदेह के आधार पर कोलकाता से घर लौट रहे यात्री को पकड़ा। गिरफ्तार युवक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना क्षेत्र के बलिहार गांव निवासी शंकर शाह के पुत्र विकास साह के रूप में हुई। उसके पास से तीन लीटर बडवाइजर ब्रांड की बियर और 750 एमएल की ओल्ड मंक रम की एक बोतल बरामद हुई। अहले सुबह हुई वाहन जांच के दौरान चेकपोस्ट पर हड़कंप मच गया। टीम ने सख्ती से जांच करते हुए मौके से सात लोगों को नशे की हालत में विभिन्न वाहनों से पकड़ा। सभी को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई से साफ है कि सूबे में अवैध शराब के प्रवेश को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। गिरफ्तार आरोपी और हिरासत में लिए गए सातों पियक्कड़ों के खिलाफ मद्यनिषेध अधिनियम के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### दिव्यंगता स्क्रीनिंग अनुसूची के ऊपर आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण

**कटिहार/पूर्णिया।** जिले के बायसी प्रखंड स्थित उच्च विद्यालय बायसी में दिव्यंगता स्क्रीनिंग अनुसूची के ऊपर आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी सेविकाओं को बच्चों में विकासात्मक विलंब एवं दिव्यांगता के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान करने हेतु प्रशिक्षित करना था, ताकि ऐसे बच्चों को समय पर उचित स्वास्थ्य टीम तक रेफर किया जा सके और उन्हें उचित इलाज एवं आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को डीएसएस चेकलिस्ट के माध्यम से बच्चों की स्क्रीनिंग प्रक्रिया, विकासात्मक संकेतों की पहचान, रेफरल प्रक्रिया एवं फॉलो-अप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी सेविकाओं को यह भी बताया गया कि समय पर पहचान एवं उचित रेफरल से बच्चों के बेहतर विकास एवं उपचार की संभावना बढ़ जाती है।

**नियमित होम विजिट एवं परिवारों के साथ संवाद के माध्यम से दिव्यांगता की प्रारंभिक पहचान को और अधिक प्रभावी बनाने की दी गई जानकारी** : कार्यक्रम में प्रशिक्षकों द्वारा रोल प्ले, समूह चर्चा एवं व्यवहारिक अभ्यास के माध्यम से सेविकाओं को स्क्रीनिंग प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी तरीके से समझाया गया। प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि समुदाय स्तर पर नियमित होम विजिट एवं परिवारों के साथ संवाद के माध्यम से दिव्यांगता की प्रारंभिक पहचान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाएँ समुदाय में बच्चों की पहली पहचानकर्ता होती हैं तथा उनकी सक्रिय भूमिका से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को अपने क्षेत्र में नियमित स्क्रीनिंग, समय पर रेफरल एवं बच्चों के निरंतर फॉलो-अप सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान बायसी प्रखंड की आईसीडीएस सीडीपीओ जीनत यस्मिन,लेडी सुपरवाइजर,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,आशा,स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े अधिकारी,यूनिसेफ राज्य सलाहकार डॉ राघवेन्द्र कुमार,यूनिसेफ जिला पोषण सलाहकार निधि भारती,ईसीडी पूर्णिया टीम में शामिल नवल कुमार,अजय कुमार दास,अशोक कुमार यादव,सोमनाथ प्रमाणिक,बाल विकास तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# राजेबिगहा में महाविष्णु महायज्ञ को लेकर 521 कलशों के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा, जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हुआ क्षेत्र

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पकरीबरावां (नवादा):** प्रखंड क्षेत्र के राजोबिघा गांव में शनिवार को उस समय एक अभूतपूर्व भक्तिमय दृश्य देखने को मिला, जब बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित होने वाले नौ दिवसीय नवदिवसीय अनुष्ठान यज्ञ की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। इस धार्मिक महाआयोजन को लेकर पूरे पकरीबरावां क्षेत्र में उत्साह, उमंग और सनातन संस्कृति की अनूठी छटा बिखरी नजर आ रही है। इस नौ दिवसीय महाविष्णु महायज्ञ में मुख्य प्रवचनकर्ता के रूप में मंथरा निवासी सुप्रसिद्ध विद्वान प्रवीण दुबे पधारे हैं, जिनके मुखारविंद से आगामी नौ दिनों तक क्षेत्रवासी भक्ति और अध्यात्म की रसधार में सराबोर होंगे। कलश यात्रा में रजत के वरिष्ठ नेता सहमुख अतिथि रामबालक यादव शामिल होकर जग समिति एवं ग्रामीणों का धार्मिक मनोबल बढ़ाने का काम किया यज्ञ समिति के द्वारा मुक्ति थी रामबालक यादव एवं संजय यादव प्रकाश यादव उपेंद्र यादव तथा दर्जनों आगंतुकों को यज्ञ समिति का अध्यक्ष रामबली यादव एवं मिथिलेश यादव दीपू यादव नीतीश कुमार संतराज यादव के द्वारा अंग वस्त्र देकर माला पहनाकर सम्मानित किया गया।



**गाजे-बाजे और घोड़ों के साथ निकला भव्य शोभा यात्रा:** शनिवार की सुबह राजोबिघा गांव स्थित यज्ञ मंडप से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश यात्रा की शुरुआत हुई। इस शोभायात्रा में पारंपरिक परिधानों में सजी 521 महिला और युवती श्रद्धालुओं ने अपने माथे पर पवित्र कलश धारण किया। यात्रा का नेतृत्व भव्य रूप से सजे-धजे घोड़े और पारंपरिक गाजे-बाजे कर रहे थे। कलश यात्रा राजोबिघा गांव से प्रस्थान कर जैसे ही पकरीबरावां मुख्य बाजार में दाखिल हुई, पूरा वातावरण 'जय श्री राम' और 'बजरंगबली की जय' के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। डीजे की भक्ति धुनों पर युवा और बुजुर्ग श्रद्धालु पूरी तरह झूमते और थिरकते नजर आए।

**बड़ी तालाब पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ जलभरी अनुष्ठान:** पूरे पकरीबरावां नगर का भ्रमण करते हुए यह विशाल जनसैलाब स्थानीय बड़ी तालाब के तट पर पहुंचा। तालाब के घाट पर आचार्य और पंडितों की टोली ने पूरी निष्ठा और वैदिक रीति-रिवाज के साथ मंत्रोच्चार किया, जिसके बाद विधि-विधान से सभी 521 कलशों में पवित्र जल भरा गया। जलभरी के पश्चात कलश यात्रा पुनः मुख्य मार्गों से होते हुए यज्ञ स्थल पर लौट आई, जहां कलशों को स्थापित किया गया। इस दौरान राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

**सुरक्षा को लेकर अलर्ट रही पकरीबरावां पुलिस:** यात्रा की विशालता और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पकरीबरावां थाने की पुलिस टीम लगातार मॉनिटरिंग करती रही। पुलिस के जवानों और अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने और कलश यात्रा को सुरक्षित मार्ग प्रदान करने में सराहनीय भूमिका निभाई।

**क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों और जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति:** बजंरगबली प्राण प्रतिष्ठा और यज्ञ को सफल बनाने में राजोबिघा गांव सहित पूरे प्रखंड के लोग एकजुट नजर आ रहे हैं। इस मांगलिक अवसर पर मुख्य रूप से दीपु यादव, मिथलेश यादव, रंजीत यादव, प्रमोद सिंह, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरीय नेता रामबालक यादव, एमएलसी प्रतिनिधि दिनेश यादव, पुरुषोत्तम कुमार, रूपेश कुमार, संजय कुमार, रामबली यादव, अखिलेश यादव, कृष्ण यादव, जितेंद्र यादव, सिंटू सिंघानिया और नीतीश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में प्रबुद्ध नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और मातृशक्ति उपस्थित रही।

आयोजन समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से बताया कि इस ९ दिवसीय अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन सुबह में पूजा-अर्चना एवं हवन तथा संध्या काल में प्रवीण दुबे जी द्वारा ज्ञानमयी कथा और प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के तमाम श्रद्धालुओं से इस महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य का भागी बनने की अपील की है।

# कौआकोल अंचल कार्यालय में जनता दरबार

## चार मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

कौआकोल। आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय कौआकोल में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित जनता दरबार में कुल पाँच मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें चार मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया,जबकि शेष एक अन्य मामले में आवश्यक जांच एवं साक्ष्य के आधार पर अगली तिथि निर्धारित कर सुनवाई के लिए रखा गया।जनता दरबार की अध्यक्षता अंचल अधिकारी मनीष कुमार ने की। मौके पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह,राजस्व अधिकारी अनीश कुमार,राजस्व कर्मचारी नरेंद्र कुमार, प्रकाश कुमार, मिथुन कुमार, दीपक कुमार, आदित्य कुमार,नितेश कुमार मिश्रा एवं लिपिक नीतीश कुमार सहित अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# रजौली में सैनिक कैंटीन में सेवानिवृत्त आर्मी ऑफिसर का बैग चोरी

- सीसीटीवी में कैद हुआ युवक का चेहरा, प्राथमिकी दर्ज
- शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट के दौरान अक्सर होती है छिटपुट घटनाएं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित अस्पताल रोड में लाल मेडिकल के ऊपर स्थित सैनिक कैंटीन में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। धुरगांव निवासी सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर नरेश यादव का बैग एक युवक लेकर फरार हो गया। पूरी वारदात कैंटीन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित नरेश यादव फिलहाल झारखंड के बोकारो में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं और छुट्टी पर अपने पैतृक गांव धुरगांव आए हुए थे। शुक्रवार को वे बाहर पढ़ रहे बच्चों का खर्च के लिए एसबीआई और पीएनबी बैंक एटीएम से 50 हजार रुपए भी निकाले थे। साथ ही बाजार में गैस बुकिंग और सब्जी खरीदने के बाद लगभग 1:30 बजे कैंटीन में घरेलू सामग्री खरीदने गए थे। भीषण गर्मी के कारण उस वक्त कैंटीन के मैनेजर सुमन कुमार के अलावे नरेश यादव के पीछे अज्ञात चोर भी पहुंच गया। इस दौरान मैनेजर द्वारा चोर से पूछे जाने पर कहा कि उसकी मम्मी भी पीछे से आ रही है। इसी बीच मैनेजर ग्राहक को समान देने में व्यस्त हो गया और मौका पाकर चोर काउंटर के बगल में रखे बैग को लेकर जल्दीबाजी में नीचे उतरा, जहां पहले से दूसरा चोर बाइक चालू करके रखे हुआ था और दोनों फरार हो गया। चोरी गए बैग में नगदी पांच हजार रूपये,सब्जी,गैस पासबुक,तीन एटीएम के अलावे दो स्मार्टफोन भी शामिल है। पीड़ित ने बताया कि एसबीआई रजौली शाखा से 50 हजार रुपये निकाले थे, लेकिन सतर्कता के कारण रुपए अलग पैकेट में रख लिए थे,जिससे नकदी सुरक्षित बच गई। पीड़ित द्वारा घटना की सूचना रजौली थाना को दी गई है। बताते चलें कि रजौली में प्रत्येक शुक्रवार को साप्ताहिक हाट में चोरी व छिनतई जैसी घटनाएं अक्सर घटित होते रहती है। चोर भीड़भाड़ का फायदा उठाकर भागने में सफल होते हैं। कभी कभार पकड़े जाने पर वे खुद को असहाय बताकर पुलिस कार्रवाई से बच भी जाते हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।



बैग चोरी करने वाले का फोटो

# सूद के पैसे के विवाद में सूदखोरों ने बंद किया गांव का रास्ता, सोहदा में तनाव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के सोहदा गांव में सूद के पैसे को लेकर उपजे विवाद में सूदखोरों ने ग्रामीणों का रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। यह विवाद बीते एक सप्ताह से चल रहा है और गांव में दो पक्षों के बीच तनाव का माहौल बना हुआ है। हालांकि पुलिस एवं प्रशासन ने तनाव को दूर करने का भी प्रयास किया,किंतु प्रशासन के गांव से जाने के बाद वे लोग पुनः पिलर और बांस की मदद से रास्ता अवरुद्ध कर दे रहे हैं।

**बेटी के शादी में लिया गया था कर्ज** :- पीड़िता सोहदा निवासी सरजू मिस्त्री की पत्नी सुशीला देवी ने बताई कि वे अपनी बेटी के शादी के वक्त बीते पांच वर्ष पूर्व सोहदा गांव के ही अरविंद यादव से 20 हजार रुपए सूद पर कर्ज लिए थे। कर्ज का पैसा धीरे-धीरे लगभग 60 हजार तक दे दिया गया। उसके बावजूद अरविंद यादव द्वारा 80 हजार रुपए की मांग की जाने लगी,जिसे देने में असमर्थता जाहिर करने पर रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया।

**प्रशासन को आवेदन देकर ग्रामीणों ने लगाई न्याय की गुहार** :- सोहदा गांव के बाबूलाल मिस्त्री के पुत्र संतोष मिस्त्री,लालो मिस्त्री,जानकी मिस्त्री व चंचला देवी ने बताया कि गांव के ही अरविंद यादव,सुदामा यादव एवं आदित्य यादव के द्वारा पीडब्लूडी की सरकारी जमीन में पिलर और बांस गाड़कर जबरन रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है। अवरुद्ध किया गया रास्ता कई दशकों से ग्रामीणों के लिए सार्वजनिक रास्ता है। उक्त लोगों को मना करने पर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडा एवं टांगी व खंती से मारपीट की धमकी देते हैं। साथ ही केस मुकदमा करने पर महिला-पुरुष समेत बच्चों को जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित ग्रामीणों ने थाना को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

**क्या कहते हैं प्रशासन** :- इस संबंध में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि मामला संज्ञान के आने के बाद घटनास्थल पर पहुंच,अवरुद्ध रास्ते को हटाने का निर्देश दिया गया था,किंतु पुनः रास्ता अवरुद्ध करने की सूचना मिली रही है। उन्होंने अग्रतर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने कहा कि पुराने रंजिश को लेकर रास्ता अवरुद्ध करने का आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# जनसुराज ने किया प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड मुख्यालय नारदीगंज में शनिवार को आयोजित प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम में जनसुराज पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यक्षता जनसुराज के जिलाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने की। इस अवसर पर पार्टी के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कुमार विभूति, जिला महामंत्री सूर्यदेव कुशवाहा, जिला महिला अध्यक्ष स्वीटी सिंह, अति पिछड़ा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता सहित पूनम गुप्ता एवं राधा देवी,जिला महामंत्री सरयू प्रसाद कुशवाहा ,सरस्वती देवी,जुबेर आलम,प्रीति कुमारी,मिथिलेश कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान तथा आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर बल दिया।



बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया और उनके समाधान हेतु ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ। व्यवसायिक प्रोकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विभूति व जिलाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने कहा जिले के सभी प्रखंडों में बैठक की जा रही है। जनसुराज जनता की आवाज है। सभी लोगों से राय लेकर संगठन का विस्तार किया जा रहा है। इस प्रखंड में व्यवसायिक प्रोकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष के लिए गोल्डी कुमार और जनसुराज के प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए उपेन्द्र रजक का नाम को अनुशासित किया गया है। अनुमोदन के बाद नाम का घोषणा की जाएगी। मौके पर उमेश कुमार चंद्रवंशी,, पूर्व मुखिया सुबोध सिंह,सुरेश प्रसाद गुप्ता, मनोज कुमार,विनोद कुमार, कन्हैया कुमार समेत अन्य रहे। धन्यवाद ज्ञापन अशोक प्रसाद ने की।

# भाजपा सांसद एवं विधायक अनीता एवं विनीता कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर मेमू ट्रेन को किया रवाना

## बागी बगडीहा स्टेशन पर मेमू ट्रेन के ठहराव को मिली थी स्वीकृति

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादा।** सांसद विवेक ठाकुर एवं वारिसलीगंज विधायक श्री मति अनीता कुमारी एवं गोविंदपुर विधायक श्री मति विनीता कुमारी ने बाघी बरडीहा स्टेशन पर रेल यात्रियों के सुविधा हेतु गया - जमालपुर फास्ट मेमू (63387/63388) ट्रेन के ठहराव का शुभारंभ किया और हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को आगे रवाना किया। इस अवसर पर नेताओं ने कहा की यह ठहराव क्षेत्र के हजारों यात्रियों के लिए बड़ी सुविधा लेकर आया है और स्थानीय कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ करेगा।

सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि वारिसलीगंज एवं नवादा के विभिन्न कार्यक्रमों में ग्राम बाली निवासी अत्यंत पिछड़ा वर्ग के बुद्धन तांती की पुत्री के साथ हुए दुष्कर्म की घटना अत्यंत दुःखद एवं समाज को शर्मसार करने वाली है। सांसद ने पीड़ित परिवार एवं परिजनों से मिलकर पूरे मामले की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया इस मामले में अब तक दो दोषियों की गिरफ्तारी हो चुकी है तथा अन्य आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन निष्पक्ष एवं त्वरित जांच सुनिश्चित करते हुए पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाए। समाज में ऐसी घृणित घटनाओं के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

सांसद विवेक ठाकुर ने वारिसलीगंज के ग्राम बेल्धा पहुंचकर ककोलत में मृत हुए आईआईटी छात्र धर्मराज कुमार के परिवारजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। सांसद ने प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच सुनिश्चित करने को लेकर बात की ताकि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिल सके।तथा शेखोपुरसराय के पांची में मुखिया बेबी देवी एवं शशिकांत प्रसाद के माताजी के श्राद्धकर्म में शामिल हुए। वारिसलीगंज के ग्राम बाली में कार्यकर्ता बबुआजी के पिताजी के श्राद्धकर्म में शामिल हुए। साथ ही हिसुआ के बरेव मुखिया अभिमन्यु कुमार के पिताजी के श्राद्धकर्म में शामिल हुए।

# रजौली के रामलाल इंटर स्कूल में विश्व जैव विविधता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

## पेंटिंग-मॉडल से दी आपदा प्रबंधन की जानकारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड के लेंगुरा पंचायत स्थित रामलाल इंटर स्कूल तारगीर में शनिवार को चेतना सत्र के दौरान वज्रपात, चक्रवाती तूफान एवं आंधी से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इको क्लब फॉर मिशन लाइफ और 'सजग' के तहत विद्यालय के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षकों ने पेंटिंग, मॉडल और प्रोजेक्ट के जरिए छात्रों को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी। यह कार्यक्रम विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर इको क्लब के आशुतोष, सजग की काजल कुमारी तथा विद्यालय के अरविंद, विकास और नाजिया तबस्सुम के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक आपदाओं के प्रति सजग करना था। कार्यक्रम में छात्रों ने आपदा से बचाव के उपायों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संगीत विधा में विजय शंकर पाठक व संगीता, रोल प्ले में रूही गजाला, सौरभ, मुकेश, निबंध में शशि, सोनी, गौतम कुमार शर्मा, संदीप ने भाग लिया। दशम की छात्रा प्रिया, संजना और नौवीं की छात्र-छात्राएं अंजुमन प्रवीण, मोनिका, हिमांशु, आर्यन, उपेंद्र ने मॉडल प्रस्तुत किए। देखरेख नित्या कुमारी व अब्दुल सलाम ने की।



कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण

इस दौरान प्रधानाध्यापक राणा रंजीत आजाद के अलावा मोनिका, प्रिया, रिया, सबा प्रवीण, अस्मिन प्रवीण, अंजुमन प्रवीण, शिवानी, चांदनी, काजल और अनुपम समेत विद्यालय के कई शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# रजौली के चरघरवा गांव में 'जन भागीदारी: सबसे दूर, सबसे पहले' कार्यक्रम आयोजित, ग्रामीणों ने बताईं समस्याएं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** अनुसूचित जनजातीय परिवारों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान 'जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले' के तहत शुक्रवार को रजौली प्रखंड की हरदिया पंचायत अंतर्गत चोरडीहा के चरघरवा में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में ग्रामीणों ने आवश्यक बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य आदि विषयों पर अपनी समस्याएं रखीं। स्थानीय मड़की मुण्डा, बहादुर मुण्डा एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में पूर्व से संचालित नल-जल योजना भी बंद हो चुकी है। आवागमन हेतु उचित सड़क के अभाव में दैनिक जरूरी कार्य भी प्रभावित होते हैं। ग्रामीणों ने सरकार से गुहार लगाई कि जनजातीय परिवारों की समस्याओं का समाधान किया जाए ताकि वे अच्छे से जीवन-निर्वाह कर सकें। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रेशु कुमार एवं डॉ. अमर कुमार के नेतृत्व में 17 पशुपालक परिवारों के कुल 89 पशुओं का उपचार किया गया।



कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी व ग्रामीण

साथ ही पशुओं को विभिन्न रोगों से बचाव के संबंध में आवश्यक सुझाव व जागरूकता प्रदान की गई और कृमिनाशक दवाओं का वितरण किया गया। स्थानीय जनजातीय पशुपालकों ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनजाति क्षेत्रों के लिए लाभकारी बताया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुरेन्द्र चौहान के द्वारा ग्रामीण डोमच मुण्डा और बहादुर मुण्डा का जॉब कार्ड बनाकर मौके पर ही दिया गया। अन्य विभागों के पदाधिकारियों ने भी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी।ग्रामीणों ने सफल जन सुनवाई कार्यक्रम में अपनी समस्या सुने जाने तथा योजनाओं का लाभ मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम सरकार द्वारा समय-समय पर आयोजित करने की इच्छा जताई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### एबीवीपी का प्रदर्शन, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में अव्यवस्था के खिलाफ फूंका पुतला, कहा- गर्मी से परीक्षार्थी परेशान

**नालंदा।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत आयोजित परीक्षाओं में हो रही घोर लापरवाही और विद्यार्थियों को हो रही भारी असुविधा के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) बिहार शरीफ इकाई ने मोर्चा खोल दिया है। अभाविप कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ-साथ किसान कॉलेज और नालंदा कॉलेज के हेड मास्टर का पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान अभाविप के जिला संयोजक प्रतीक राज ने कहा कि वर्तमान में चल रही परीक्षाओं के दौरान महाविद्यालय और विश्वविद्यालय प्रशासन की संवेदनहीनता स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है, जहां परीक्षा कक्षों में निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक विद्यार्थियों को बैठाया जा रहा है, जिससे परीक्षार्थियों को भीषण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों साहिल मेहता और अदिति ने भीषण गर्मी का हवाला देते हुए कहा कि एक ही कमरे में छात्रों की अत्यधिक भीड़ से उमस, घुटन और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने बताया कि आए दिन विद्यार्थियों को चक्कर आने, बेचैनी और असहजता की शिकायतें हो रही हैं, जो सीधे तौर पर छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रही हैं। विभाग छात्रा प्रमुख गुड़िया कुमारी ने इन स्थितियों को देखते हुए छात्रहित में तत्काल सुधार की मांग की। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में केवल निर्धारित क्षमता के अनुसार ही विद्यार्थियों को बैठाया जाए और इसके लिए अतिरिक्त कक्षों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सभी परीक्षा केंद्रों पर पंखे, शीतल पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य है। उन्होंने भीषण गर्मी के मद्देनजर परीक्षा व्यवस्था को अधिक मानवीय और व्यवस्थित बनाने तथा भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराने के लिए प्रशासन से कड़े दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान नगर मंत्री अविनाश कुमार ने प्रशासन को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि समय रहते इन अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो अभाविप छात्रहित में आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। इस विरोध प्रदर्शन के मौके पर नेहा कुमारी, सिमरन कुमारी, मनीषा कुमारी, मुस्कान कुमारी, विवेक कुमार, रजनीश कुमार, लभ गोप, रोहित महतो, अभिषेक रौशन, अनमोल कुमार, शांतनु कुमार, हिमांशु कुमार, इशांत कुमार और शिवम कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मोरहर नदी पर बनेगा 27 करोड़ का पक्का बांध, तीन जिले के किसानों को मिलेगा फायदा

**गयाजी।** गयाजी के टिकारी प्रखंड के किसानों के लिए आज का दिन बड़ी सौगात लेकर आया। वर्षों से सिंचाई की समस्या झेल रहे इलाके को अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है। लाव पंचायत के पंचमहला गांव में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मोरहर नदी पर बनने वाले पक्का बांध व चेक डैम निर्माण योजना का शिलान्यास किया। करीब 27 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना से गया के साथ-साथ अरवल और जहानाबाद जिले के किसानों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। पंचमहला गांव में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ जुटने लगी थी। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बावजूद ग्रामीणों का उत्साह चरम पर था। किसान, महिलाएं और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। गांव से लेकर टिकारी बाजार तक पूरे इलाके में कार्यक्रम की चर्चा होती रही। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी जहानाबाद के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शकूराबाद, कुर्था बाजार, संडा, मऊ और टिकारी बाजार होते हुए पंचमहला गांव पहुंचे। रास्ते में कई जगहों पर स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ योजना की जानकारी ली और फिर मंच से लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार किसानों की सिंचाई समस्या दूर करने को लेकर लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मोरहर नदी पर बनने वाला यह पक्का बांध और चेक डैम इलाके के किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। इससे खेती के लिए सालभर पानी उपलब्ध हो सकेगा। किसानों को अब बारिश पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार गांव और किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता दे रही है और सिंचाई व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में लगातार योजनाएं चलाई जा रही हैं। सभा में मौजूद ग्रामीण महिलाओं को भी उपमुख्यमंत्री ने संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचने पर महिलाओं और ग्रामीणों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इतनी गर्मी के बावजूद लोगों का उत्साह यह दिखाता है कि यह योजना किसानों के लिए कितनी जरूरी है। जानकारी के अनुसार इस योजना का लाभ टिकारी प्रखंड के रूपसपुर, संडा, केसपा, चैता, मखदुमपुर समेत आसपास के दर्जनों गांवों को मिलेगा। साथ ही अरवल और जहानाबाद जिले के कई इलाकों के किसानों को भी सिंचाई सुविधा का फायदा पहुंचेगा। किसानों का कहना है कि हर साल पानी की कमी के कारण खेती प्रभावित होती थी। धान और गेहूं जैसी फसलों की पैदावार पर असर पड़ता था। कई बार खेत खाली छोड़ने की नौबत आ जाती थी। अब बांध और चेक डैम बनने के बाद खेती आसान होगी और उत्पादन में भी बढ़ोतरी होगी। गौरतलब है कि इस योजना की मांग लंबे समय से की जा रही थी। कई जनप्रतिनिधियों और किसानों ने लगातार सरकार और प्रशासन का ध्यान इस ओर दिलाया था। साल 2025 में जल संसाधन विभाग की टीम ने स्थल निरीक्षण कर नदी की मापी भी की थी। इसके बाद योजना को मंजूरी मिली। कार्यक्रम में पूर्व सांसद अरुण कुमार और पूर्व मंत्री अनिल कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि किसानों की सिंचाई समस्या को देखते हुए लगातार इस योजना को लेकर प्रयास किया गया। अब शिलान्यास होने के बाद किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक महकमा भी पूरी तरह मुस्तैद दिखा। डीएम शशांक शुभंकर के निर्देश पर टिकारी एसडीओ प्रवीण कुंदन, बीडीओ योगेंद्र पासवान, जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर समेत कई अधिकारी सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। टिकारी डीएसपी शुशांत कुमार चंचल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### सरकारी खजाने से लाखों लेकर बैठे लाभार्थी

**नालंदा।** बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शुरू की गई 'मुख्यमंत्री उद्यमी योजना' धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रही है। सरकारी खजाने से उद्योग लगाने के लिए पानी की तरह पैसा बहाने के बावजूद, अधिकांश लाभार्थी योजना का लाभ लेने के बाद काम शुरू करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं, जिससे इस पूरी कवायद पर ही सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। जिले से सामने आए साल 2024-26 के चौंकाने वाले आंकड़े इस योजना की जमीनी हकीकत को बयां करने के लिए काफी है। इस अवधि में योजना के तहत कुल 299 बेरोजगारों का चयन किया गया था, जिनमें से अब तक महज 54 लाभार्थियों ने ही तीनों किस्तें प्राप्त कर उद्योग की स्थापना की है और उत्पादन शुरू किया है। बाकी लाभार्थियों की उदासीनता का आलम यह है कि वे सरकारी राशि लेकर बैठे तो हैं, लेकिन धरातल पर कोई काम शुरू नहीं किया गया है। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ही पहली किस्त जारी की जाती है। आंकड़ों पर गौर करें तो चयनित 299 में से 22 अभ्यर्थियों ने अब तक एक भी किस्त नहीं ली है। वहीं, 277 लाभुकों ने पहली किस्त के रूप में चार लाख रुपये तो प्राप्त कर लिए, लेकिन उनमें से 116 अभ्यर्थी ऐसे हैं जिन्होंने अब तक कोई संतोषजनक प्रगति नहीं दिखाई है। स्थिति तब और भी गंभीर हो जाती है जब दूसरी किस्त लेने वाले लाभार्थियों का जिक्र आता है। विभाग के मुताबिक, 161 लाभुकों ने पहली किस्त का उपयोगिता प्रमाण पत्र देकर दूसरी किस्त की राशि ली, लेकिन इनमें से 107 लाभार्थियों ने अभी तक खर्च का हिसाब या उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया है। नतीजा यह है कि उनकी तीसरी किस्त की राशि पूरी तरह से अटक गई है। हालांकि, विभाग के अधिकारियों का एक पक्ष यह भी है कि कुछ लाभार्थी दूसरी किस्त की राशि से मशीनें खरीदकर उत्पादन तो शुरू कर देते हैं, लेकिन वे अंतिम किस्त के लिए आवेदन ही नहीं करते। इसके बावजूद बड़ी संख्या में ऐसे लाभार्थी हैं जिन्होंने लाखों रुपये डकार लिए हैं और उद्योग का नामो-निशान नहीं है।

# गया में सरकारी भूमि की पहचान और भूमिहीनों को लाभ दिलाने पर मंथन, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को दिए निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**गया।** गया शहर में सरकारी भूमि की सुरक्षा, भूमिहीन परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और राजस्व कार्यों में तेजी लाने को लेकर शुक्रवार को जिला अतिथि गृह सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने की। इसमें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं और लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने तेजी से बढ़ते शहरीकरण पर चिंता जताते हुए कहा कि गया शहर में सरकारी भूमि की पहचान और संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र में उपलब्ध सभी सरकारी जमीनों की सूची तैयार की जाए, ताकि भविष्य में स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और अन्य जनोपयोगी संस्थानों के निर्माण के लिए भूमि की कमी न हो। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के लिए सरकारी जमीनों का सुरक्षित रहना आवश्यक है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिला प्रशासन के सहयोग से वार्ड संख्या-45 में लगभग ढाई एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध कराई गई है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने संतोष जताया, लेकिन साथ ही कहा कि सरकारी भूमि से जुड़े कई मामले अब भी न्यायालय में लंबित हैं। उन्होंने इन मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। बैठक में भूमिहीन परिवारों को सरकारी भूमि उपलब्ध कराने के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र के बाहर उपलब्ध सरकारी भूमि का विस्तृत विवरण तैयार किया जाए और पात्र भूमिहीन परिवारों की पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी गरीब और जरूरतमंद परिवार सरकारी सहायता से वंचित न रहे।

इसके अलावा गया मां बागेश्वरी रेल ओवर ब्रिज निर्माण कार्य से प्रभावित भूमिहीन परिवारों की जमीन के म्यूटेशन को लेकर विशेष सर्वे कैंप आयोजित करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। विधानसभा अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि म्यूटेशन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए सामूहिक कैंप लगाए जाएं और लंबित मामलों का जल्द निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि सामूहिक म्यूटेशन का अधिकार जिला अपर समाहर्ता को प्राप्त है, इसलिए प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। बैठक में वार्डवार कैंप लगाकर लगान वसूली, सरकारी भूमि के रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने तथा शहर में उपलब्ध जमीन की विस्तृत जानकारी संकलित करने पर भी चर्चा की गई। साथ ही अधिकारियों को उत्तम नगर क्षेत्र और वार्ड संख्या-43 स्थित भैरव स्थान के ऊपर उपलब्ध सरकारी भूमि की जांच करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकारी तथा जिला प्रशासन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गयाजी कॉलेज की छात्रा ने अस्पताल में दी परीक्षा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ पहली मंजिल से कूदी थी, टीचर पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया

**गया।** गया कॉलेज में बीएससी सेमेस्टर परीक्षा के दौरान पहली मंजिल से छलांग लगाने वाली छात्रा नैना कुमारी के मामले में नया मोड़ आया है। गंभीर रूप से घायल छात्रा ने शनिवार को अस्पताल में ही अपनी बीएससी हिंदी की परीक्षा दी। इस बीच, गया नगर निगम के मेयर गणेश पासवान और पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव ने व्हाइट हाउस स्थित निजी नर्सिंग होम पहुंचकर छात्रा और उसके परिजनों से मुलाकात की। अस्पताल में भर्ती नैना कुमारी ने घटना के बारे में बताया कि परीक्षा के दौरान उसके पास मोबाइल फोन मिला था, जिसे उसने स्वयं वीक्षक को सौंप दिया था। छात्रा ने स्पष्ट किया कि वह मोबाइल लेकर जरूर आई थी, लेकिन उसने किसी प्रकार की नकल नहीं की थी। इसके बावजूद, परीक्षा के दौरान कुछ लोग कमरे में आए और उससे लगातार पूछताछ करने लगे।

**शिक्षक पर वीडियो बनाने का आरोपः** छात्रा ने आरोप लगाया कि उसे परीक्षा कक्ष से बाहर धूप में खड़ा कर दिया गया और उसके साथ ऐसा व्यवहार किया गया, जिससे वह मानसिक रूप से टूट गई। नैना के अनुसार, कुछ शिक्षक उसका वीडियो भी बनाने लगे थे। इस पूरे घटनाक्रम से वह बेहद घबरा गई और तनाव में आकर उसने पहली मंजिल से छलांग लगा दी। दर्द से कराहती छात्रा ने कहा, "मेरे शरीर में काफी दर्द है, मैं ठीक से उठ भी नहीं पा रही हूं। एग्जाम सेंटर में मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।" उसने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद कुछ लोगों ने उसे 'पागल' तक कह दिया और सीटी स्कैन कराने की बात कही। छात्रा ने खुद को सामान्य बताते हुए कहा कि उसके साथ गलत व्यवहार किया गया। जनप्रतिनिधियों ने छात्रा के बेहतर इलाज, आर्थिक सहयोग और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि पीड़िता को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए और इस मामले की गहनता से जांच होनी चाहिए। छात्रा की इस आपबीती ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है। पीड़िता और उसके परिजनों से मुलाकात के दौरान मेयर गणेश पासवान ने कहा कि छात्रा ने उन्हें पूरी घटना की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला मानसिक प्रताड़ना का प्रतीत होता है और इसकी निष्पक्ष जांच बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी की गलती सामने आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

**मेयर ने कहा- छात्रा दवाब महसूस कर रहीः** मेयर ने कहा, "एक छात्रा परीक्षा देने गई थी, लेकिन जिस परिस्थिति में उसने यह कदम उठाया, वह बेहद चिंताजनक है। छात्रा ने बताया है कि वह मानसिक दबाव और प्रताड़ना महसूस कर रही थी। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके।" उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों से भी बातचीत कर छात्रा के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। साथ ही छात्रा के पिता को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए कहा कि परिवार को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि इस कठिन समय में पूरा समाज छात्रा और उसके परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि छात्रा के इलाज में किसी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए और इसके लिए उन्होंने चिकित्सकों से विशेष रूप से बात की है। उन्होंने कहा, "यह बेहद दुखद घटना है। एक छात्रा को ऐसी परिस्थिति में पहुंचना पड़े, यह शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा करता है। हमारी कोशिश है कि छात्रा जल्द स्वस्थ हो और उसे न्याय मिले।" गौरतलब है कि शुक्रवार को गया कॉलेज गया में सेमेस्टर परीक्षा के दौरान यह घटना हुई थी। छात्रा द्वारा पहली मंजिल से छलांग लगाने के बाद कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी मच गई थी। गंभीर रूप से घायल छात्रा को तत्काल शहर के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना के बाद छात्र-छात्राओं और विभिन्न छात्र संगठनों के बीच भी नाराजगी देखी जा रही है। कई छात्र संगठनों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। वहीं पुलिस भी पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गई है। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि जांच में क्या सच सामने आता है और छात्रा को न्याय कब तक मिल पाता है।

# 'जीतनराम मांझी ने यादवों को टारगेट किया, इसलिए पत्थर मारे', केंद्रीय मंत्री पर हमले में 2 नाबालिग गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ एक 10वीं, दूसरा 12वीं का छात्र, दोनों यादव

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी पर गयाजी में कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को हमला हुआ था। इस मामले में पुलिस ने 2 नाबालिग लड़कों को पकड़ा है। उन्होंने पुलिस पूछताछ में बताया, जीतनराम मांझी और उनकी पार्टी यादव को टारगेट कर रही है, इसलिए हमने पत्थर मारे। हमले में 3 लड़के शामिल थे। तीनों ही नाबालिग है। एक 10वीं का छात्र है। दूसरा 12वीं में पढ़ता है। पुलिस तीसरे की तलाश कर रही है। घटना के बाद आज तीनों के खिलाफ दारोगा दिनेश महतो ने खुद FIR दर्ज कराई है। फिलहाल, SSP ने केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा बढ़ा दी है और अतिरिक्त जवानों की तैनाती की है।

**मंच से बोल रहे थे मांझी अचानक पत्थर आयाः** खिजरसराय थाना क्षेत्र के सिसवर गांव में प्राइवेट अंग्रेजी स्कूल में 22 मई को एक कार्यक्रम था। इसमें केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। मंच से संबोधन के दौरान अचानक पत्थर फेंके गए। ये उनके पैर तक पहुंचे। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिसकर्मियों ने तुरंत स्थिति को संभाला। घटना के बाद पुलिस ने दारोगा के बयान पर 3 लोगों खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को पकड़ लिया।

**तीसरे आरोपी की तलाश में छापेमारीः** पुलिस ने पहले मौके से दो लड़कों को हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद उन दोनों को छोड़ दिया था। इसके बाद पुलिस ने दो नाबालिग को पकड़ा। जबकि तीसरे आरोपी की तलाश में पूरी रात छापेमारी चलती रही। फिलहाल तीसरा आरोपी फरार है। सभी आरोपी सिसवर गांव के ही रहने वाले हैं। मामले को गंभीर मानते हुए गया SSP ने मांझी की सुरक्षा भी बढ़ा दी है। वहीं पकड़े गए दोनों बदमाशों ने पुलिस की पूछताछ में स्वीकार किया है कि जीतनराम मांझी और उनकी पार्टी लगातार यादव समाज को टारगेट कर रहे थे। इस खुन्नस में हमने पत्थर चलाए। नीमचक बथानी DSP सुरेंद्र सिंह ने बताया, फरार तीसरे आरोपी की तलाश में पूरी रात कई जगहों पर दबिश दी गई। पुलिस उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही तीसरे आरोपी को भी पकड़ लिया जाएगा।

**पहले से योजना बनाकर कार्यक्रम में पहुंचे थे तीनोंः** पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई है कि ये हमला अचानक नहीं हुआ था। शुरुआती जांच में साजिश की बात सामने आई है। पुलिस का कहना है कि तीनों लड़के पहले से योजना बनाकर कार्यक्रम में पहुंचे थे। मंत्री के भाषण शुरू होते ही हमला किया गया। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इसके पीछे कोई और लोग तो शामिल नहीं हैं। घटना के बाद गया SSP सुशील कुमार ने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया है। शनिवार से उनकी सुरक्षा में पुलिस लाइन से अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। इस पूरे मामले की रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय ने भी तलब की गई है। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

# नालंदा में संगठन को धार देने में जुटी भाजपा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

♦ दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान, श्रेयसी सिंह बोलीं- बिहार बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए तैयार

**नालंदा।** नालंदा में भारतीय जनता पार्टी की ओर से 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन बिहार सरकार की मंत्री श्रेयसी सिंह ने किया। पावापुरी स्थित जैन श्वेतांबर धर्मशाला आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में पार्टी नेता समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

**प्रदर्शनी के साथ हुआ आगाजः** कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रदर्शनी के निरीक्षण के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार और बिहार शरीफ के भाजपा विधायक डॉ. सुनील कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे।

**'विकसित भारत' के संकल्प पर जोरः** पार्टी की विचारधारा, जनसेवा के संकल्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' की परिकल्पना को धरातल पर उतारने की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षित करना समय की मांग है। उन्होंने प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार जनता के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है, उसी प्रकार संगठन को भी और अधिक धारदार बनाया जाएगा।

**बिहार में आईपीएल टीम के सपने को पंखः** इस दौरान बिहार में आईपीएल टीम बनाने की चर्चा भी जोरों पर रही। इस सवाल पर मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि अनिल अग्रवाल की ओर से व्यक्त की गई यह सोच प्रत्येक बिहारी का सपना है। राजगीर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम का निर्माण और मोइनुल हक स्टेडियम का जीर्णोद्धार इस बात का प्रमाण है। बिहार अब बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए तैयार है। स्टेडियम का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। बहुत जल्द युवाओं का सपना सच होगा।

**पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेः** प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से जिला प्रभारी संजय मुन्ना, कार्यक्रम प्रभारी संदीप कुमार, प्रोटोकॉल प्रभारी गोपी सिंह समेत उपाध्यक्ष अरबिंद पटेल, सोनू कुमार, राजेश कुशवाहा, तेजस्विता राधा, अमर राजपूत, नीरज कुमार, बिट्टू कुमार, अरविंद सिंह, सुधीर सिंह, चंद्रकांता सिंह, सतीश कुमार, शिवलाल यादव, प्रोटोकॉल सह संयोजक सूरज कुमार और राजेश्वर सिंह सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा ने आगामी संगठनात्मक चुनौतियों और विकसित बिहार के निर्माण के लिए अपने कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा के साथ तैयार करने का संदेश दिया है।

# कृष्ण-सुदामा की झांकी और गौरांगी गौरी जी के संदेश से भावुक हुआ बिश्रामपुर

♦ महायज्ञ के अंतिम दिन उमड़ा आस्था का सैलाब
♦ इंसानियत, मेहनत और अच्छे कर्म का दिया संदेशः गौरांगी गौरी जी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**इमामगंज।** प्रखंड के बिश्रामपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अंतिम दिन शुक्रवार की रात भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचक स्वरूप अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी ने श्रद्धालुओं को इंसानियत, मेहनत, ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारियों का मार्मिक संदेश दिया। कथा के दौरान पूज्य गौरांगी गौरी जी ने कहा कि आज के समय में लोग भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भाग रहे हैं, लेकिन जरूरतमंदों की सहायता और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भूलते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंसान को अपने जीवन में मेहनत, ईमानदारी और दूसरों के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखनी चाहिए। साथ ही लोगों से अपील की कि वे अपने व्यवहार में दया, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करें।

उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली परेशानियों और कठिनाइयों का सामना धैर्य और विश्वास के साथ करना चाहिए। अच्छे कर्म और सकारात्मक सोच ही इंसान को सही दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए और पूरे पंडाल में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। वहीं कार्यक्रम के दौरान भगवान कृष्ण और सुदामा की अद्भुत झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिसने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। मित्रता, प्रेम और समर्पण पर आधारित इस प्रस्तुति को देखकर पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। झांकी के माध्यम से भगवान कृष्ण और सुदामा की अमर मित्रता का संदेश दिया गया।

महायज्ञ में आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया बिट्टू, मगध यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष भवानी सिंह, सोनल सिंह, पिंटू सिंह, कृष्ण देव उर्फ कारू सिंह, साकेत सिंह, सुजीत सिंह, कुंदन सिंह, शिक्षक उद्देश्य सिंह, नीरज सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



कथा वाचक गौरांगी गौरी जी कथा सुनाते हुए।





उपस्थित श्रद्धालुओं की भीड़, कृष्ण और सुदामा की झांकी प्रस्तुत करते कलाकार।

## संक्षिप्त समाचार

### जनगणना में 267 प्रगणक एवं 36 पर्वेक्षक लगाए गए कार्य में

**कोचस (रोहतास)** भारत की जनगणना 2027 कार्य के सफल हेतु निदेशक जनगणना विभाग के आदेश के अलोक में दो मई से 31 मई तक करनी है। जिसको लेकर प्रखंड में 267 प्रगणक एवं 36 पर्वेक्षक जनगणना कार्य में लगाये गये हैं। जिसको लेकर जनगणना चार्ज अधिकारी सह वीडियो चंद्रभूषण गुप्ता द्वारा प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट ली जा रही है। बीडीओ ने बताया कि जनगणना का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है. जिसकी गुणवता एवं प्रगति रिपोर्ट को लेकर 25 मई सोमवार को सभी सीआरसी स्तर पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी है। जिसमें प्रगति व गुणवता का समीक्षा बैठक लेने हेतु मास्टर ट्रेनर को लगाया गया है।कंजर एवं रेड़िया के लिए संजय राम,कपसिया एवं लहेरी के लिए अनिल कुमार सिंह, नरवर एवं गारा के लिए जयप्रकाश सिंह को लगाया गया है। वहीं कथराई एवं चित्तइनी के लिए जैनुदीन अंसारी,बलथरी व अगरसी डिहरा के लिए अमित कुमार,चिताव एवं नौवा में अखिलेश कुमार तथा सरेया एवं कुछिला में महेंद्र प्रसाद गुप्ता को लगाया गया है। सभी लोग जनगणना मे हुई त्रुटि एवं गुणवता की जांच कर चार्ज अधिकारी को रिपोर्ट देंगे।

### छेड़खानी मामले नाबालिक गिरफ्तार

**कोचस (रोहतास)**। थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती से छेड़छाड़ तथा मारपीट मामले में शनिवार को पुलिस ने एक नाबालिक लड़के को गिरफ्तार किया है. इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक लड़का युवती के साथ छेड़छाड़ तथा मारपीट किया था जहां पीड़ित युवती के पिता के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी, तभी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त नाबालिक को गिरफ्तार कर लिया है, गिरफ्तारी बाद नाबालिक से पूछताछ कर नाबालिक आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है.

### दो अलग-अलग मामलें में कार्रवाई कर एक शराब तस्कर व एक नशे में धुत युवक को किया गिरफ्तार भेजा जेल

**काराकाट/ रोहतास**। थाना पुलिस ने शनिवार को दो अलग-अलग मामलें में कार्रवाई कर एक शराब तस्कर व एक नशे में धुत युवक को गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि अमरथा के कंचनपुर गांव में टीम ने छापा मारकर 10 लीटर महुआ शराब के साथ कंचनपुर निवासी स्व. राम लखन सिंह के पुत्र राधा किशुन सिंह को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मौके से बरामद शराब को जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी व संबंधित धाराओं में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं, पांडे डिहरी इलाके से पुलिस ने नशे की हालत में भटक रहे पंडे डिहरी निवासी स्व. जमुना गिरी के पुत्र बलराम गिरी को पकड़ा हैं। थाना अध्यक्ष ने बताया कि बलराम को सार्वजनिक शांति भंग के आरोप में हिरासत में लिया गया और उसे इलाज व परिरक्षण के लिए आवश्यक व्यवस्था के बाद परिजनों के हवाले किया जाएगा या कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि जिले में शराब व नशे के खिलाफ लगातार छापेमारी जारी हैं और अवैध तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### एसटीएफ के नेतृत्व में छापेमारी, दिनारा मे चार व्यावसायिक परिसरों पर प्राथमिकी

**दिनारा /रोहतास**। बिजली चोरी की रोकथाम एवं बिलिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा लगातार विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभागीय एसटीएफ के अधिकारियों एवं कनीय विद्युत अभियंता दिनारा की टीम द्वारा दिनारा शहरी क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई उपभोक्ताओं को मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए पकड़ा गया। अभियान के तहत चार व्यवसायिक परिसरों में बिजली चोरी के मामले सामने आए, जिन पर विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान संजना स्टूडियो के संचालक लक्ष्मीकांत साह पर 73451, गुप्ता प्रेस की संचालक माधुरी देवी पर 53504, राकेश कुमार पर 87069 तथा राजू प्रेस के संचालक रामेश्वर प्रसाद गुप्ता पर 33268 का जुर्माना निर्धारित किया गया। कनीय विद्युत अभियंता दिनारा विकाश कुमार ने बताया कि गठित टीम द्वारा मौके पर ही अवैध कनेक्शन हटाते हुए संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही विभागीय नियमानुसार जुर्माना निर्धारित किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगे भी लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें एवं समय पर बिजली बिल का भुगतान करें, ताकि निर्बाध एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। जांच अभियान में एसटीएफ के विद्युत अधीक्षण अभियंता नवीन कुमार, सहायक अभियंता (राजस्व) समरजीत कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### लू का कहर : अस्पताल से लौटे किसान की बिगड़ी तबीयत, मौत

**करगहर (रोहतास)**। प्रखंड क्षेत्र के डिभियां गांव में लू लगने से एक वृद्ध किसान की मौत हो गई। घटना शुक्रवार देर शाम की बताई जा रही है। मृतक की पहचान गांव निवासी 75 वर्षीय शिव पूजन साह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार शिव पूजन साह इलाज कराने करगहर के एक निजी अस्पताल गए थे। वहां से लौटने के दौरान तेज धूप और उमस भरी गर्मी का असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ गया। घर पहुंचने के बाद उन्होंने ठंडा पानी पिया, जिसके कुछ देर बाद उनकी हालत गंभीर हो गई। आनन-फानन में परिजन उन्हें दोबारा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच में लू लगने को मौत की वजह बताया है। घटना की सूचना मिलने पर खैरा शाहमल पंचायत के मुखिया निरंजन चौरसिया मृतक के घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत तीन हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की।

### आधुनिक शिक्षा जरूरी है,लेकिन शिक्षा तभी सार्थक मानी जाएगी,जब उसके साथ अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्य भी जुड़े हों : रजनी कान्त पाण्डेय

**बिक्रमगंज /रोहतास**: समय के साथ शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदला है । पहले शिक्षा का उद्देश्य केवल पढ़ना- लिखना नहीं,बल्कि एक जिम्मेदार, संस्कारी और आदर्श इंसान बनाना होता था । विद्यालयों में गुरुजनों का सम्मान,अनुशासन,नैतिकता और समाज के प्रति कर्तव्य की सीख दी जाती थी । घरों में माता-पिता और बुजुर्ग बच्चों को संस्कारों की ऐसी पूंजी देते थे,जो जीवनभर उनके व्यक्तित्व की पहचान बनती थी । लेकिन आज की बदलती व्यवस्था ने शिक्षा और संस्कार दोनों की तस्वीर को पूरी तरह बदलकर रख दिया है ।आज की पीढ़ी तकनीक के मामले में भले ही आगे बढ़ रही हो,लेकिन व्यवहारिक और नैतिक मूल्यों में गिरावट साफ दिखाई देने लगी है । बच्चों के हाथों में अब किताबों से ज्यादा मोबाइल नजर आते हैं । सोशल मीडिया और इंटरनेट की चकाचौंध ने नई पीढ़ी को आभासी दुनिया में ऐसा उलझा दिया है कि रिश्तों की अहमियत और बड़ों के सम्मान की भावना धीरे-धीरे कमजोर पड़ती जा रही है । पहले जहां बच्चे गुरुजनों और अभिभावकों के सामने सिर झुकाकर बात करते थे,वहीं अब जवाबी व्यवहार और अधैर्य की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है ।शिक्षाविदों का कहना है कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा लगभग खत्म होती जा रही है । स्कूलों में बच्चों पर अच्छे अंक और करियर बनाने का दबाव तो बढ़ रहा है,लेकिन चरित्र निर्माण और संस्कारों पर उतना ध्यान नहीं दिया जा रहा । शिक्षा अब ज्ञान से ज्यादा प्रतिस्पर्धा का माध्यम बनती जा रही है । यही कारण है कि बच्चों में धैर्य, सहनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना कमजोर होती जा रही है । बदलती पारिवारिक व्यवस्था भी इसका बड़ा कारण मानी जा रही है । संयुक्त परिवारों के टूटने से बच्चों को बुजुर्गों का सानिध्य कम मिल रहा है । माता-पिता भी व्यस्त जीवनशैली के कारण बच्चों को समय नहीं दे पा रहे हैं ।परिणामस्वरूप बच्चे मोबाइल और इंटरनेट को ही अपना साथी बना रहे हैं,जिसका असर उनके व्यवहार और सोच पर साफ दिखाई दे रहा है ।समाज के प्रबुद्ध लोगों का मानना है कि यदि शिक्षा के साथ संस्कारों को महत्व नहीं दिया गया,तो आने वाली पीढ़ी केवल डिग्रीधारी बनकर रह जाएगी । समाज में इंसानियत, मर्यादा और पारिवारिक मूल्यों का अस्तित्व धीरे-धीरे खत्म होता चला जाएगा । लोगों ने कहा कि आधुनिक शिक्षा जरूरी है,लेकिन शिक्षा तभी सार्थक मानी जाएगी,जब उसके साथ अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्य भी जुड़े हों ।

# द्वितीय अपील अन्तर्गत प्राप्त 47 अपील आवेदनों का किया गया निस्तारण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**सासाराम / रोहतास** । जिला पदाधिकारी रोहतास द्वारा लोक शिकायत निवारण अंतर्गत प्राप्त द्वितीय अपील आवेदनों एवं सेवा शिकायत निवारण अंतर्गत प्रथम अपील आवेदन पर सुनवाई के दौरान बीस मामलों का निस्तारण किया गया

लोक शिकायत निवारण के द्वितीय अपील अन्तर्गत प्राप्त 47 अपील आवेदनों एवं सेवा शिकायत निवारण अन्तर्गत 01 अपील आवेदन पर जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान लोक प्राधिकार / सेवा प्राधिकार के रूप में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी-सह-असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी, रोहतास, प्रभारी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी बिक्रमगंज, अनुमण्डल पदाधिकारी डिहरी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बिक्रमगंज, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता सासाराम, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल सासाराम–2, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल सासाराम के प्रभारी अभियंता, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल डिहरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित रहे। लोक प्राधिकार / सेवा प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में सुनवाई की गई तथा उपस्थित पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवाई के दौरान शिव कुमार सिंह एवं दशरथ यादव, शेषनाथ सिंह, अनिल कुमार सिंह, विरेन्द्र सिंह, ऋषिकान्त तिवारी, अमरेश गुप्ता, श्यामलाल राय एवं अन्य ग्रामीण जनता, अजितेश कुमार, मुकेश कुमार पाण्डेय, श्यामलाल राय एवं अन्य ग्रामीण जनता, अक्षयलाल साह, हेमा कुमारी, राम प्रमोद सिंह, फुलेन्द्र प्रसाद पासवान, धनंजय कुमार, रविन्द्र कुमार, राम प्रमोद सिंह, रविरंजन कुमार, परशुराम पासवान, रामदेव प्रसाद के शिकायतों का निराकरण करते हुए निष्पादित किया गया। शेष मामले में लोक प्राधिकार को निर्देश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को अनुपालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें। साथ हीं लोक प्राधिकार को परिवादों के निस्तारण हेतु कई निर्देश भी दिये गये।

## ईद-उल-अजहा को लेकर मस्जिदों एवं ईदगाहों में नमाज का समय निर्धारित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**। नगर क्षेत्र में ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बिक्रमगंज निवासी मो. आदिल खान ने बताया की नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों एवं ईदगाहों में नमाज के समय निर्धारित कर दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वारसी मदरसा में सुबह 6:30 बजे, आमना मस्जिद में 6:45 बजे, मुख्य ईदगाह में 7:00 बजे, स्टेशन मस्जिद में पहली नमाज 7:15 बजे तथा दूसरी नमाज 8:00 बजे, जामा मस्जिद में 7:00 बजे, धनगाई मस्जिद में 7:00 बजे, कश्मीरी मस्जिद में 6:45 बजे तथा रिजवानुल कुरैश मस्जिद में 6:30 बजे बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। ईद-उल-अजहा को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है और लोग पर्व की तैयारियों में जुटे हुए हैं। यह पर्व त्याग, आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द का संदेश देता है। प्रशासन द्वारा सभी लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गयी है।

## काराकाट में राष्ट्रीय लोक मोर्चा (RLM) का प्रखंड स्तरीय बैठक, दिनेश कुमार चंद्रवंशी निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष चुने गए

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट / रोहतास** । प्रखंड के गोडारी स्थित बकस बाबा प्रांगण में शनिवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा (RLM) की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की देखरेख जिले के पर्यवेक्षक पिंटू चंद्रवंशी ने की। सभी पंचायत अध्यक्षों एवं नगर अध्यक्षों की सहमति से दिनेश कुमार चंद्रवंशी को प्रखंड अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया।

बैठक में बराडीह पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा, सोनबरसा पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार राय, अमरथा पंचायत अध्यक्ष कृष्णा सिंह कुशवाहा, काराकाट नगर अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, मानिकपरासी पंचायत अध्यक्ष अभिषेक तिवारी (विद्यापति तिवारी), गम्हरिया पंचायत अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह, बुढ़वल पंचायत अध्यक्ष कमलेश कुमार मेहता, अमौना पंचायत अध्यक्ष अर्जुन राम, सकला पंचायत अध्यक्ष खजमुद्दीन अंसारी, सिकरिया पंचायत अध्यक्ष विकास कुमार, मुंजी पंचायत अध्यक्ष मिथिलेश (उर्फ बच्चा), जयश्री पंचायत अध्यक्ष विकास कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे। सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से चुनाव कर नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष को बधाई दी। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि उन्होंने सभी पंचायत अध्यक्षों के पूर्ण विश्वास के लिए धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि वे अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वाह करेंगे और पार्टी के लिए ईमानदारी व प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बिहार प्रदेश किसान प्रकोष्ठ महासचिव गुड्डू उपाध्याय ने बधाई देते हुए कहा कि जन जन के नेता उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में सभी की आस्था एवं विश्वास है।

# नोखा जनता दरबार में 4 जमीन विवादों का हुआ समाधान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नोखा (रोहतास)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को जमीन विवादों के निपटारे के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। सरकार के निर्देश पर आयोजित इस दरबार में अंचल और पुलिस प्रशासन के अधिकारी संयुक्त रूप से मौजूद रहे।

जनता दरबार में जमीन विवाद से संबंधित कुल छह मामले सामने आए। अंचलाधिकारी ने दोनों पक्षों के कागजातों की गहन जांच की और सभी को सुनने के बाद निर्णय सुनाया। इनमें से चार मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष दो मामलों में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।अंचलाधिकारी मधुसूदन चौरसिया ने बताया कि सरकारी सर्वे के अनुसार, अधिकांश हिंसक घटनाएं जमीन विवाद के कारण होती हैं। इसी उद्देश्य से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है, ताकि विवादों का समय पर समाधान हो सके और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने यह भी बताया कि लिए गए निर्णयों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए थाना अध्यक्ष को निर्देश दिए गए हैं। थाना अध्यक्ष अनुज कुमार ने लोगों से अपील की कि जमीन संबंधी विवादों को आपसी समझ और कानूनी प्रक्रिया के तहत सुलझाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए लोग अंचल कार्यालय या थाना में संपर्क कर सकते हैं, जहां उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। प्रशासन की प्राथमिकता विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त करना है ताकि कानून व्यवस्था प्रभावित न हो।

## नहर में डूबने से बच्चे की मौत खेलते हुए बच्चा नहर में गिरा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी (रोहतास)** जिले के आयर कोठा थाना क्षेत्र में एक तीन वर्षीय बच्चे की नहर में डूबने से मौत हो गई। यह घटना आज दोपहर करीब 2 बजे हुई, जब बच्चा अपने घर के पीछे खेल रहा था और उसका पैर फिसल गया। मृतक बच्चे की पहचान आर्यन कुमार उर्फ कान्हा (3 वर्ष) के रूप में हुई है। वह लव कुश कुमार का पुत्र था। घटना की सूचना मिलते ही आयर कोठा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से चिलबिला पुल के पास नहर से बच्चे का शव बरामद किया गया।

आयर कोठा थाना अध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि बच्चा एक मजदूर परिवार से था। उसका घर आयर कोठा अकोढी गोला मोड़ के समीप है। परिवार के सदस्यों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस ने संबंधित कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# भाजपा रोहतास के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

## संगठन मजबूती और पंचायत चुनाव की रणनीति पर जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**डेहरी (रोहतास )**। भाजपा रोहतास की ओर से शनिवार को डेहरी स्थित झुनझुनवाला वाटिका में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के तहत आयोजित इस शिविर में संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, डिजिटल सशक्तिकरण और पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकताओं को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने की। कार्यक्रम का संचालन प्यारेलाल ओझा ने किया।

प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ पंडित दीन दयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारतमाता के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा वन्देमातरम गीत के साथ किया गया। ततपश्चात बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार, बिहार विधान परिषद सदस्य श्रीमती निवेदिता सिंह, भाजपा रोहतास के जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद पूर्व विधायक ललन पासवान, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, तरारी विधायक विशाल प्रशांत ने दीप प्रज्वलित कर किया। विभिन्न सत्रों में नेताओं ने भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली और जनसंपर्क अभियान को लेकर कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया।

बिहार सरकार के मंत्री शैलेन्द्र कुमार ने सरकार द्वारा गरीब कल्याण योजनाएं एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका पर जानकारी दी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने सैद्धान्तिक अधिष्ठान, एकात्मक मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर अपने विचार प्रकट किए। वहीं औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने स्थायी कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन, मन की बात एवं आईटी पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। विधान परिषद सदस्य श्रीमती निवेदिता सिंह ने हमारा इतिहास विकास पर चर्चा की। मौके पर सुशील चन्द्रवंशी, प्रमोद, मदन प्रसाद वैश्य, अरुण कुमार पाण्डेय, विवेक सिंह, विजय सिंह, डॉ विनोद सिंह उज्जैन, कमलेश कुमार सिन्हा, संजय कुमार तिवारी, मनोज कुमार, अशोक सोनी, रवि राम, आशुतोष सिंह, विजेंद्र शर्मा, कन्हैया राम, उदय प्रसाद, विनीत कुमार सोनी, निर्दोष पाण्डेय, राधेश्याम पाण्डेय, अमित पटेल, कुंवर सिंह, सुजीत गोंड, बसन्त गुप्ता, ऋतु राज उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चौकीदार-दफादार संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रीकृष्ण सिंह को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**करगहर (रोहतास)**। प्रखंड क्षेत्र के तेंदूनी गांव निवासी एवं चौकीदार-दफादार संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रीकृष्ण सिंह के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। संघ के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों तथा शुभचिंतकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। बताया जाता है कि श्रीकृष्ण सिंह लंबे समय तक चौकीदार-दफादार संघ से जुड़े रहे और संगठन को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे अपने मिलनसार स्वभाव, सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी तथा कर्मठता के कारण क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही विभिन्न गांवों से लोग उनके आवास पहुंचने लगे। पूरे गांव में शोक का माहौल बना रहा। संघ के प्रखंड अध्यक्ष गुप्त नाथ सिंह ने बताया कि श्रीकृष्ण सिंह संगठन के मजबूत स्तंभ थे। उन्होंने चौकीदार-दफादार कर्मियों की समस्याओं को लेकर हमेशा आवाज उठाई और संघ को नई दिशा देने का कार्य किया। उनके निधन से संगठन को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे चौकीदार-दफादार संघ के प्रदेश सचिव डॉ. संत सिंह ने कहा कि श्रीकृष्ण सिंह का जीवन संघर्ष और सेवा भाव का प्रतीक था। वे हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहते थे। जिला सचिव राजेंद्र पासवान ने कहा कि उनका निधन समाज और संगठन दोनों के लिए बड़ी क्षति है। इस अवसर पर जय प्रकाश सिंह, हरे कृष्ण कुमार, तेज प्रताप सिंह यादव, नीरज कुमार, पूर्व थाना अध्यक्ष कमल नयन पांडेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं संघ के सदस्य मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। बाद में पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# काराकाट पुलिस ने दो अलग लूटकांड का किया उद्भेदन, आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट /रोहतास**। थाना पुलिस ने दो अलग-अलग लूटकांड का सफल उद्भेदन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लूटी गई बाइक व मोबाइल बरामद कर लिया है। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ सतत अभियान चला रही है और किसी भी आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पहला मामला काराकाट थाना कांड संख्या 199/26 से जुड़ा है, जिसमें 12 मई 2026 को कुरुर व बरडीहा के बीच मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने हथियार के बल पर एक व्यक्ति से मोटरसाइकिल, मोबाइल व नकद लूट लिया था। पीड़ित के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। दूसरा मामला कांड संख्या 64/26 में 13 फरवरी 2026 को भरतकस्बा के पास मोबाइल लूट की घटना दर्ज थी।

जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी तफ्तीश व गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के सदनपुर निवासी सुभाष कुमार को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से लूटी हुई मोटरसाइकिल व मोबाइल बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपीत को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। छापेमारी टीम में काराकाट थाना व डीआईयू की टीम शामिल रही। विवेक कुमार ने कहा कि अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी छानबीन जारी है और क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए कठोर कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से बच्ची की मौत

**बांका ।** बांका में शुक्रवार की शाम पानी भरे गड्ढे में डूबने से 3 साल की बच्ची की मौत हो गई। घटना अमरपुर प्रखंड के चौरवैय गांव की है। मृतका की पहचान जगदीशपुर निवासी चंदन राय की बेटी शांतिप्रिया(3) के रूप में हुई है। 15 दिन पहले शांतिप्रिया अपनी मां के साथ चौरवैय गांव स्थित अपने नाना चंद किशोर मंडल के घर आई थी। घर के सामने पानी निकासी के लिए एक गड्ढा खोदा गया था, जिसमें नल का पानी जमा रहता था। शुक्रवार शाम बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। खेलते समय वह अचानक पानी से भरे उस गड्ढे में गिर गई और डूब गई। जब काफी देर तक बच्ची दिखाई नहीं दी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान बच्ची गड्ढे में मिली। परिजनों ने तुरंत बच्ची को गड्ढे से बाहर निकाला और अमरपुर रेफरल अस्पताल ले गए। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर पंकज कुमार ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजन गहरे सदमे में हैं। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। अपनी बच्ची को सीने से लगाकर मां रोते हुए बार-बार बदहवास हो रही है।

### सड़क हादसे में किसान की मौत

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में सड़क हादसे में एक किसान की मौत हो गई। आरोप है डायल-112 ने कुचला है। मृतक की पहचान मटिहानी के मनियप्पा गांव निवासी रामचंद्र भगत के पुत्र रामाशीष भगत(42) के तौर पर हुई है। घटना लाखो थाना क्षेत्र के गुप्ता-लखमीनिया बांध पर वाजितपुर ढ़ाला के पास की है। मृतक के भतीजा मुरारी कुमार ने बताया कि चाचा सब्जी की खेती करते थे। शुक्रवार को सब्जी लेकर राजधानी मंडी खातोपुर आए थे। वहां से वापस लौटने के दौरान वाजितपुर ढ़ाला के पास सामने से आ रहे डायल-112 पुलिस की गाड़ी ने कुचल दिया। पुलिस अगर एक्सीडेंट के बाद अस्पताल पहुंचाती तो वह बच सकते थे, लेकिन गाड़ी लेकर भाग गई। थोड़ी देर के बाद रास्ते से गुजर रहे लोगों ने खून से लथपथ देखा तो उठाकर अस्पताल ले गए, जहां मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद फिर हम लोग लाश को लेकर घटनास्थल पर आ गए। जहां सदर-वन डीएसपी आनंद कुमार पांडेय और ट्रैफिक डीएसपी रंजीत कुमार पुलिस के साथ पहुंचे। उचित कार्रवाई और मुआवजे का आश्वासन देकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक को दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। रामाशीष भगत ही परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। परिवार के समक्ष रोजी-रोटी की भीषण समस्या हो गई है। प्रत्यक्षदर्शी श्याम नंदन सिंह ने बताया कि हम बेगूसराय बाजार से लौट कर जा रहे हैं। ढ़ाला के समय पहुंचते ही जोरदार आवाज हुई। इसके बाद देखा तो डायल-112 की गाड़ी तेजी से बांध के रास्ते मटिहानी की ओर जा रही थी।

### फर्जी भूस्वामी बनकर जमीन का केवाला करने वाला दो आरोपित गिरफ्तार

**अररिया।** कुट रचना कर जाली दस्तावेज तैयार कर फर्जी भूस्वामी बनकर जमीन का केवाला करने वाला दो आरोपित को अररिया जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी रानीगंज थाना क्षेत्र के गीतवास के संजय मंडल पिता महेश मंडल और जीवछ मंडल पिता ब्रह्मदेव मंडल है। पुलिस ने इनके पास से केवाला के समय प्रयुक्त फर्जी आधार कार्ड, मूल आधार कार्ड अन्य दस्तावेज के साथ दो मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी नगर थाना में दर्ज कांड संख्या 239/2026 दिनांक 06.05.2026 बीएनएस की धारा 319(2),318(4),338,336(3),340(2) और 3(5) के तहत दर्ज मामले में की है। शनिवार शाम को एसपी जितेंद्र कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि अररिया निबंधन कार्यालय के कर्मचारी पंकज कुमार ने सूचित कुमार मंडल एवं गवाह सच्चिदानंद मंडल की मिलीभगत से आधार में छेड़छाड़ कर भूस्वामी के बदले खड़े होकर डीड 7175 निबंधित कराने का मामला दर्ज कराया था।जिसमें उन्होंने कुट रचनाएं छेड़छाड़ करने की बात कही थी। एसपी ने बताया कि इस मामले के उद्भेदन को लेकर सदर एसडीपीओ सुशील कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था।जिन्होंने तकनीकी अनुसंधान का सहारा लेते हुए मामले में दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी की है और अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के द्वारा छापेमारी किए जाने के बात कही।

### फारबिसगंज सिविल कोर्ट के वकीलों ने काला बिल्ला लगाकर की आंदोलन की शुरुआत

**अररिया।** फारबिसगंज अनुमंडल कार्यालय स्थित सिविल कोर्ट के वकीलों ने शनिवार को क्रिमिनल कोर्ट शुरू करने के साथ ही नवनिर्मित टेन कोर्ट भवन में न्यायिक कार्यों को शुरू करने को लेकर आंदोलन की शुरुआत की। फारबिसगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश चंद्र वर्मा और अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विश्वजीत प्रसाद के नेतृत्व में वकीलों ने अपने आंदोलन के प्रथम चरण में काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया। फारबिसगंज सिविल कोर्ट में आपराधिक मामलों की न्यायिक सुनवाई शुरू करने और एक साल से अधिक समय से बनकर तैयार टेन कोर्ट भवनों न्यायिक कार्य शुरू किए जाने की मांग को लेकर दोनों संघ की हुई संयुक्त बैठक में मांगों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन चलाने के लिए गए निर्णय के तहत शनिवार को काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्य किया गया।

# पुलिस पर पथराव-धक्का मुक्की आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची थी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर ।** भागलपुर के भीमकित्ता गांव में शुक्रवार देर रात मारपीट मामले के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पहुंची पुलिस टीम और स्थानीय लोगों के बीच विवाद हो गया। पुलिस का आरोप है कि छापेमारी के दौरान ग्रामीणों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए टीम पर पथराव किया। जिसमें 4 पुलिसकर्मी घायल हो हुए हैं। सरकारी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जबकि आरोपी पक्ष ने पुलिस पर घर में घुसकर महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पुलिस और घरवालों के बीच धक्का-मुक्की होते दिख रहा है। घटना मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, टीम मारपीट के एक मामले में नामजद आरोपी विकास कुमार यादव की गिरफ्तारी के लिए उसके घर पहुंची थी। इसी दौरान पुलिस और परिजनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हंगामे में बदल गई। जिसके बाद मौके से विकास यादव और समीर यादव को गिरफ्तार कर लिया। विकास की पत्नी प्रीति कुमारी ने आरोप लगाया कि देर रात पुलिस उनके घर पहुंची। दरवाजा खोलने के लिए दबाव बनाने लगी। जब परिवार के लोगों ने कारण पूछा तो उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने जबरन दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया। महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट की। घटना में आशा भारती, बबिता कुमारी और सात वर्षीय बच्ची परी कुमारी घायल हो गईं। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर तोड़ दिया और उसे अपने साथ ले गई। वहीं, इस मामले पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) राकेश कुमार ने बताया कि मधुसूदनपुर थाना कांड संख्या 121/25 में विकास कुमार यादव प्राथमिक अभियुक्त है। गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम उसके घर पहुंची थी। इस दौरान परिजनों और समर्थकों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई। धक्का-मुक्की और पथराव किया। भीड़ ने विकास यादव को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाकर फरार करा दिया। संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। 22 मई की रात फिर से पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई, जहां उपद्रवी तत्वों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। सरकारी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। दो पदाधिकारी और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। डीएसपी ने आगे बताया कि विकास के पड़ोसी ने पूर्व में कांड संख्या 57/26 दर्ज कराया गया था। सीसीटीवी तोड़ने और परिजनों को प्रताड़ित करने का आरोप पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं। पुलिस पर पथराव, सरकारी कार्य में बाधा और कानून-व्यवस्था भंग करने के मामले में अब तक चार प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कानून के अनुसार पुलिस को गिरफ्तारी के समय आरोपी को कारण बताना आवश्यक है। गिरफ्तारी मेमो तैयार किया जाता है। आरोपी के परिजन या परिचित को इसकी सूचना दी जाती है। महिला की गिरफ्तारी से संबंधित विशेष प्रावधान है। सामान्य परिस्थितियों में सूर्यास्त के बाद महिलाओं की गिरफ्तारी से बचा जाता है। आरोपी को 24 घंटे के अंदर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करना अनिवार्य है।

## 26 मई को एम्प्लॉयमेंट कैंप



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका ।** बांका जिला नियोजन पदाधिकारी ने घोषणा की है कि 26 मई 2026 को जिला नियोजनालय, बांका परिसर में एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर एयरटेल पेमेंट्स बैंक (नेटएम्बिट) के सहयोग से संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई कैंपस तेलिया, बांका में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस रोजगार शिविर में टीम लीडर (मर्चेंट), मर्चेंट एग्जीक्यूटिव, प्रमोटर (एबीडीई) और स्कूल सलाहकार जैसे विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएंगी। इन पदों के लिए अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 32 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास रखी गई है। चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 12,500 से 25,000 तक का वेतन मिलेगा। इसके साथ ही पीएफ, ईएसआई, मेडिकल सुविधा और आकर्षक इंसेंटिव भी प्रदान किए जाएंगे। जिला नियोजन पदाधिकारी के अनुसार, रोजगार शिविर में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों का जिला नियोजनालय, बांका में पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने साथ बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मार्कशीट, आधार कार्ड और पासपोर्ट साइज फोटो लेकर निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।पदाधिकारी ने जिले के अधिक से अधिक युवाओं से इस रोजगार शिविर में भाग लेकर उपलब्ध रोजगार अवसरों का लाभ उठाने की अपील की है।

## सदर अस्पताल के मैन गेट पर लगा 1 फुट पानी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**अररिया ।** अररिया में शनिवार को हुई तेज बारिश से पूरे जिले में जलभराव हो गया। इसका सबसे बुरा असर सदर अस्पताल पर पड़ा, जहाँ परिसर में भारी जलजमाव के कारण मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल स्टाफ को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस वाले रास्ते, पीकू वार्ड (PICU) और डॉग बाइट इंजेक्शन वाले क्षेत्र में लगभग एक फुट तक पानी भर गया है। नवजात शिशुओं के लिए बने एसएनसीयू तक पहुँचने वाले अभिभावकों को भी इसी समस्या से जूझना पड़ रहा है। मरीजों को इलाज के लिए इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। अस्पताल के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और जीएनएम कर्मचारी भी इसी पानी में उतरकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। स्टाफ सदस्यों ने बताया कि इस स्थिति में काम करना बेहद मुश्किल है और जलजमाव के कारण संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। जिले के विभिन्न गांवों और टोलों में भी सड़कें पानी से लबालब हो गई हैं, जिससे आम लोगों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। छोटे वाहन पूरी तरह से फंस गए, जबकि बड़े वाहनों को भी सुचारू रूप से चलने में दिक्कतें आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश थमने के बावजूद पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। सदर अस्पताल प्रबंधन ने अभी तक इस समस्या को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इस जलजमाव का सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है, खासकर गंभीर मरीजों और आपातकालीन सेवाओं पर। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से तुरंत जल निकासी की व्यवस्था करने और अस्पताल परिसर को जलमुक्त कराने की मांग की है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में भी बारिश की संभावना बनी हुई है, जिससे स्थिति और बिगड़ सकती है।

## ग्रामीणों ने स्कूल पर लगाया ताला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया ।** अररिया जिले के गोढ़ी टोला स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को ग्रामीणों ने ताला लगा दिया। ग्रामीणों ने नई नियुक्त शिक्षिका की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पुरानी शिक्षिका की वापसी की मांग की है। उन्होंने स्कूल की पढ़ाई, बच्चों की सुरक्षा और मध्याह्न भोजन व्यवस्था में खामियों के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नई शिक्षिका समय पर स्कूल नहीं आती हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि पहले कार्यरत शिक्षिका नियमित रूप से समय पर आती थीं, बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देती थीं और अनुपस्थित बच्चों को घर-घर जाकर स्कूल लाने का प्रयास भी करती थीं। उनकी वजह से स्कूल में बच्चों की उपस्थिति अच्छी रहती थी। एक स्थानीय महिला ने बताया, "नई मैडम समय पर नहीं आती हैं। बच्चे स्कूल परिसर में बिना निगरानी के घूमते रहते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा की भी चिंता सताती है।" ग्रामीणों ने मध्याह्न भोजन की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि बच्चों को अंडा समय पर नहीं दिया जाता और भोजन की गुणवत्ता पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। महिलाओं ने एक स्वर में पुरानी शिक्षिका को वापस बुलाने की मांग की। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से मामले में तुरंत हस्तक्षेप की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, स्कूल पर ताला लगा रहेगा। स्थानीय शिक्षा अधिकारी ने शिकायत मिलने पर जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि तथ्यों की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शिक्षा विभाग समय रहते इस ओर ध्यान नहीं देगा, तो ऐसी घटनाएं बढ़ सकती हैं।

# फ्री ऑनलाइन क्लासेस का सांसद ने किया उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया ।** अररिया जिले में शिक्षा के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शनिवार को शुरू हुई। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में +2 बालिका उच्च विद्यालय, अररिया के परिसर में "निःशुल्क ऑनलाइन क्लासेस 2026" कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने फीता काटकर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अभिनव शैक्षणिक पहल का मुख्य उद्देश्य उन छात्र-छात्राओं तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है, जहां विषय-विशेष शिक्षकों की कमी है या जो किसी कारणवश नियमित रूप से स्कूल नहीं आ पाते। यह कार्यक्रम कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को लक्षित करता है। कार्यक्रम के तहत सभी विषयों के चैप्टर-वाइज ऑनलाइन लेक्चर और अध्ययन सामग्री तैयार की जाएगी। ये सभी क्लासेस "Education Araria" नामक यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए जाएंगे। प्रत्येक वीडियो के साथ संबंधित अध्याय के नोट्स और अध्ययन सामग्री भी डिस्क्रिप्शन में उपलब्ध होगी, जिससे विद्यार्थी स्व-अध्ययन कर सकेंगे। उद्घाटन समारोह में सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि यह पहल जिले के उन मेधावी छात्रों को नई उड़ान देगी जो संसाधनों की कमी से पिछड़ रहे थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि आगामी एक वर्ष में सभी विषयों की गुणवत्तापूर्ण सामग्री तैयार कर दी जाएगी। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) राशीद नवाज, +2 बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक योगेश झा, निरंजन कुमार, विवेक कुमार, दानिश राजा, साएम कैसर, सोफिया शहबाज, नरसिंह नाथ मंडल, नूर अफशां सहित कई गणमान्य शिक्षक उपस्थित रहे। जिला शिक्षा विभाग का मानना है कि यह कार्यक्रम आर्थिक रूप से कमजोर और शैक्षणिक रूप से वंचित हजारों विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डिजिटल माध्यम से घर बैठे बेहतरीन शिक्षकों के लेक्चर उपलब्ध होने से बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई जा रही है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल**

**ई–निविदा नोटिस सं.–15 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग/डीडीयू** मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/ डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है. निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **1. निविदा सं–20–डीडीयू– मं. ई.जी.–मुख्यालय–26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन:** सहायक मंडल इंजीनियर/ मुख्यालय/ डीडीयू के अंतर्गत डीडीयू में डीआरएम कार्यालय, पार्किंग स्थान और ग्रीन पैच विकास में सुधार। **कार्य का अनुमानित लागत** रू.39899508.12 **धरोहर राशि** रू. 798000.00 **2. निविदा सं–22–डीडीयू– मं. ई.जी. –मुख्यालय–26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन:** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अंतर्गत डीडीयू में इंडियन इंस्टिट्यूट स्टेडियम और खेल मैदान का सुधार। **कार्य का अनुमानित लागत** रू.39867283.21 **धरोहर राशि** रू.797400.00 **3. निविदा सं**–23–डीडीयू– **मं. ईजी.** –मुख्यालय–26–27, **कार्य का नाम एवं लोकेशन:** सहायक मंडल इंजीनियर/ मुख्यालय/डीडीयू के अंतर्गत डीडीयू में गया कॉलोनी में मानसरोवर तालाब के पास पार्क का सुधार। **कार्य का अनुमानित लागत** रू. 15663418.04 **धरोहर राशि** रू.313300.00 **4.निविदा सं**–24–डीडीयू–**मं. ईजी.** –मुख्यालय –26–27, **कार्य का नाम एवं लोकेशन:** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अंतर्गत डीडीयू में अधीनस्थ विश्राम गृह का निर्माण। **कार्य का अनुमानित लागत** रू.20488013.69 **धरोहर राशि** रू.409800.00 **5.निविदा सं**–25–डीडीयू–**मं.ईजी.**– मुख्यालय –26–27 **कार्य का नाम एवं लोकेशन:**सहायक मंडल इंजीनियर/ मुख्यालय/ डीडीयू के अंतर्गत डीडीयू में बाकले क्लब में खेल सुविधा का विकास। **कार्य का अनुमानित लागत** रू. 39975728.47 **धरोहर राशि** रू.799500.00 **ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** 12.06.2026 को 12:00 बजे तक **वेबसाइट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी** www.ireps.gov.in **नोट:–** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक,पूर्व मध्य रेल/ पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल**
पीआर/0275/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26–27/60

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
**पशुपालन निदेशालय**

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

## पशु-पक्षियों के पीने के पानी की व्यवस्था एक जरूरत





''जल ही जीवन है'' यह लोकोक्ति नहीं बल्कि यथार्थ सत्य है। जल एक जीवित कोशिका के जीवन का भौतिक आधार है, जिसका अधिकांश भाग लगभग (70%) पानी से बना होता है। बेतरतीब बढ़ती जनसंख्या एवं मानव बस्तियों के कारण वन–पर्यावरण असंतुलन तीव्र गति से बढ़ता जा रहा है। परिणामस्वरूप अनावृष्टि, सूखते जलाशय एवं नदियों का गिरता जल स्तर विकट समस्या बनती जा रही है।

**इस धरती पर पशु–पक्षियों का उतना ही हक है जितना कि हम मनुष्यों का**

गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है। मूक पशु–पक्षियों को, संचित एवं बहते जल स्रोतों की कमी के कारण, प्यास में तड़पना पड़ता है। गर्मी में पशु–पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिये।

गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस–पास उड़ने वाले परिदों की प्यास बुझाकर उसकी जिंदगी बचा सकता है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं। पशु चिकित्सा विज्ञान के अनुसार नमक और ऊर्जा पक्षियों के लिए जरूरी है। इसकी पूर्ति खनिज–लवण युक्त पानी से ही हो सकती है।

**क्या करें उपाय:**

1. गर्मी में अपने घरों के बाहर, छतों पर, बालकनी में, परकोटों पर पानी के बर्तन भरकर रखें जिससे मवेशी व परिंदें पानी देखकर आकर्षित होते हैं और हो सके तो छतों पर पक्षियों के लिए छाया की व्यवस्था भी करें।
2. उपयोग में लाये गये नारियल डाभ पक्षियों को पानी परोसने एवं आश्रय प्रदान करने हेतु उपयुक्त हो सकता है जो कि बायो–वेस्ट प्रबंधन का एक उदाहरण भी है।
3. पक्षियों के शरीर में इलेक्ट्रॉलाइट्स की मात्रा संतुलित रहे इसके लिए पानी में गुंड. की थोड़ी मात्रा मिलानी चाहिये।
4. कम पानी वाले जल स्रोतों को गंदा न करें, इससे पशु–पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो सकती है।

अधिक जानकारी के हेतु पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के दूरभाष संख्या 0612–2230942 पर की जा सकती है

पशुपालन निदेशालय, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा जनहित में प्रचारित

@BiharDFARD

PR No.- 004057 (Animal)D. 2026-27

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार गाड़ी ने युवक को रौंदा

**आरा ।** आरा-छपरा फोरलेन पर तेज रफ्तार वाहन ने युवक को रौंद दिया। इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान नवादा के चंदवा निवासी भोला तुरहा के पुत्र सत्येंद्र कुमार तुरहा के तौर पर हुई है। घटना कोइलवर के जमालपुर गांव के पास की है। बड़े भाई सुरेश ने बताया कि गुरुवार को घर से मजदूरी करने के लिए सवारी ऑटो से निकला था। देर शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। स्थानीय लोगों से जानकारी मिली कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। डायल 112 की टीम ने अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक 9 भाई-बहनों में आठवें नंबर पर था। परिवार में भाई सुरेश, राकेश, लल्लू, विकास, गणेश, राजीव, मनी, अतुल और दो बहन रानी, शिला है। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### छापेमारी में चार बच्चे मुक्त, 2 लोगों पर केस

**आरा ।** बाल श्रम के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को आरा प्रखंड क्षेत्र में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। वहीं बच्चों से काम कराने वाले दो प्रतिष्ठानों के संचालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। श्रम संसाधन विभाग, स्थानीय पुलिस और सामाजिक संस्था दिशा एक प्रयास की संयुक्त धावा दल टीम ने आरा-सलेमपुर रोड के विभिन्न दुकानों व प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान चार बच्चे काम करते पाए गए, जिन्हें तत्काल बाल श्रम से विमुक्त कराते हुए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। बाद में सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति, भोजपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे अधिकारियों ने बताया कि बाल श्रम निषेध कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जांच के दौरान दो प्रतिष्ठानों में बच्चों से श्रम कराए जाने की पुष्टि होने पर उनके नियोजकों के खिलाफ बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। छापेमारी दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हेमंत कुमार (आरा सदर), सुगीता कुमारी (कोईलवर), अखिलेश कुमार (गड़हनी प्रभार, उदवंतनगर), संस्था दिशा एक प्रयास के प्रतिनिधि राजेश कुमार राय तथा स्थानीय पुलिस बल के जवान शामिल थे। संस्था दिशा एक प्रयास के राजेश कुमार राय ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के शिक्षा, विकास और सुरक्षित भविष्य पर सीधा प्रहार है। बच्चों को शोषणमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है। संस्था ने स्पष्ट किया कि बाल अधिकार संरक्षण और बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जागरूकता व कार्रवाई का अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रशासन ने आम लोगों से भी कहा है कि कहीं भी बच्चों से मजदूरी कराए जाने की सूचना मिलने पर इसकी जानकारी संबंधित विभाग को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई कर बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

### एसबी आई की शाखा में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**आरा।** भारतीय स्टेट बैंक के पकड़ी स्थित शाखा में शुक्रवार को अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने की इस घटना में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद नवादा थाना की पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। हाला की समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। किसी जानमाल और अन्य चीजों की नुकसान नहीं हुई। आग लगने के कारण बिजली विभाग का पैनल ब्लास्ट कर गया। पुलिस अपने स्तर से घटना की जांच कर रही है।

### फर्जी पोस्टिंग करने वाला पीरो का रीडर गिरफ्तार

**आरा।** तीन जिलों के ग्रामीण एसपी की फर्जी तरीके से पोस्टिंग की फर्जी अधिसूचना जारी करने के आरोप में पीरो एसडीपीओ के रीडर रामानंद कुमार को पटना साइबर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। भोजपुर एसपी राज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रामानंद कुमार पीरो एसडीपीओ कार्यालय में पोस्टेड था। और वह एसडीपीओ का रीडर था। वह सारण, बेगूसराय और सीतामढ़ी में एक-एक ग्रामीण एसपी की पोस्टिंग संबंधी फर्जी नोटिफिकेशन जारी किया था। यह देखने में ओरिजनल दिख रहा था। डीजीपी ने पुलिस मुख्यालय में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सामने एक कार्यक्रम में बताया कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इस तरह की सूचना के बाद गृह विभाग से लेकर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। यह फर्जी नोटिफिकेशन बुधवार रात सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस मुख्यालय और गृह विभाग को इसकी सूचना मिली तो पटना के साइबर थाने में केस दर्ज किया गया।

### खेत में मिले शव के मामले में मनू कानू हत्या का दोषी करार

**बक्सर ।** हत्या के एक चर्चित मामले में जिला अपर सत्र न्यायाधीश-8 सुनील कुमार सिंह की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने आरोपी मनू कानू को दोषी करार दिया। अगली तिथि पर सजा को लेकर अपना फैसला सुना सकती है। अपर लोक अभियोजक ददन कुमार सिंह ने बताया कि 11 जनवरी 2024 को ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के गायघाट निवासी रवि रंजन पाठक बकाया रुपये की मांग को लेकर कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नोनियापुर गांव निवासी मनू कानू के घर गए थे। इसके बाद रवि रंजन अचानक लापता हो गए। मामले में उनके बड़े भाई भृगुनाथ पाठक ने ब्रह्मपुर थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जांच के दौरान 13 जनवरी को कृष्णाब्रह्म थाना पुलिस ने आरोपी के घर के पास से रवि रंजन की बाइक बरामद की। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो मामला खुल गया। पुलिस ने आरोपी के घर के समीप रहर के खेत से रवि रंजन पाठक का शव बरामद किया था। इसके बाद हत्या का मामला दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई गई। सुनवाई के दौरान अदालत ने पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के बयान और अभियोजन पक्ष की दलीलों को महत्वपूर्ण माना। सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने मनू कानू को हत्या का दोषी पाया।

### केविके में उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं महत्व पर दी तकनीकी जानकारी

**बक्सर ।** उर्वरक विक्रेताओं एवं पैक्स अध्यक्षों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं महत्व पर तकनीकी जानकारी देने एवं किसानों के बीच तकनीकियों को अधिकाधिक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन इफको के सहयोग से कृषि किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ आनंद कुमार श्रीवास्तव, राज्य विपणन प्रबंधक इफको, विशिष्टि अतिथि धर्मेंद्र कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, डॉ देवकरन, वरिष्ठ वैज्ञानिक सह प्रमुख ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । राष्ट्रगीत वादन उपरांत आमंत्रित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए डॉ देवकरन ने संतुलित उर्वरकों उपयोग का महत्व एवं प्रयोग को बढ़ावा देनेवाली रणनीति जैसे-मृदा परीक्षण आधारित संस्तुति उर्वरक प्रयोग, मिश्रित उर्वरक एनपीके, जैव उर्वरक आदि की मात्रा, विधि, समय एवं अन्य कारकों की विस्तृत तकनीकी जानकारी दी। जिला कृषि पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने उर्वरक विक्रेताओं को उपलब्धता के आधार पर विवेकपूर्ण विक्रय पर जोर देते हुए किसानों को नैनों उर्वरकों के प्रयोग पर बल दिया। जिला सहकारिता पदाधिकारी चन्द्रमा राम ने सहकारिता के माध्यम से सभी टैक्सों मे शिविर के माध्यम से संतुलित उर्वरक प्रयोग एवं तकनीकी के प्रचार की बात कहीं। डॉ आनंद कुमार श्रीवास्तव ने इफको द्वारा संचालित विभिन्न कृषक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इफको उत्पाद जैसे-नैनो यूरिया, डीएपी, जिंक सल्फेट, कॉपर सल्फेट, एमपीके कंसोरिया आदि की तकनीकी एवं उपयोग विधि की विस्तृत जानकारी से प्रतिभागियों को जागरूक किया। कृषि विशेषज्ञ हरगोविंद ने प्राकृतिक उत्पाद जैसे-बीजामृत, घनजीवामृत, जीवामृत, आदि के उत्पादन, प्रयोग एवं महत्व पर तकनीकी जानकारी दी। डॉ रामकेवल ने समेकित पोषक तत्व प्रबंधन पर तकनीकी जानकारी दी। कार्यक्रम मे प्रदर्शनी के माध्यम से हरी खाद, केंचुआ खाद, नीलहरित शैवाल अजोला, बायोचार, जैव उर्वरकों रासायनिक एवं तरल उर्वरकों की प्रदर्शनी भी की गई। एक जिला एक उत्पाद अन्तर्गत स्थानीय सुगंधित धान प्रभेद सोना चूर का गुणवत्तायुक्त बीज प्रगतिशील किसानों के बीच प्रदर्शन हेतु उपलब्ध कराया गया।

# डेढ़ फीट जमीन के लिए डबल मर्डर लाठी-डंडे और रॉड से हमला किया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा ।** भोजपुर में डेढ़ फीट जमीन के लिए 2 पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान लाठी-डंडे और रॉड से हमले हुए। इसमें 2 लोगों की मौत हुई है। 12 गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों को पहले चरपोखरी PHC लाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतकों के सिर, सीने और गर्दन पर गंभीर चोटें हैं। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों शवों का सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के मदई गांव की है। मृतकों में मदई गांव के राधेश्याम सिंह (30) और दूसरे पक्ष के राजनाथ सिंह (72) शामिल हैं। घायल जलंधर सिंह ने बताया, पिछले एक साल साल से डेढ़ फीट जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। कई सालों से हमारा घर बना हुआ था। दूसरे पक्ष के लोगों ने कहा कि ये जमीन हमारी है। आपलोग अपनी दीवार को गिरा दीजिए, नहीं तो अंजाम बुरा होगा। विवाद के बाद थाने में इसकी शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद भी गाली-गलौज करते थे। इसी बीच शुक्रवार देर शाम दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडे लेकर घर में घुस गए और सभी लोगों मारना शुरू कर दिया। राधेश्याम के सिर और सीने में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। घायलों में एक पक्ष से सत्य नारायण सिंह, जिलेंद्र सिंह, हरेराम सिंह और जलंधर सिंह, जबकि दूसरे पक्ष से रामदेव सिंह, संझारो देवी, लाल बाबू सिंह, अवधेश सिंह, सीता देवी, अतुल सिंह और लालती देवी गंभीर शामिल हैं। सभी के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से घायल रामदेव सिंह ने बताया, डेढ़ फीट जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसके बाद सरकारी अमीन ने मापी करने के बाद फैसला दिया गया था। जब हमलोग उसी जमीन पर ईंट जुड़वाने का काम कर रहे थे, तभी गांव के ददन यादव ने आकर कहा कि ईंट टेढ़ा जोड़ रहा है। इसी बात को लेकर राधेश्याम का परिवार विरोध करने लगा, जब हमलोगों ने कहा कि जमीन पर ईंट सीधा जोड़ा जा रहा है, लेकिन हमारी बात नहीं सुनी गई। उसके बाद लाठी-डंडे से जानलेवा हमला कर दिया गया। सात लोगों गंभीर चोटें आई हैं। जबकि बुजुर्ग होने के कारण भइया के सिर और सीने में चोट लगने से मौत हो गई। मृतक राधेश्याम के घर में पत्नी नेहा कुमारी, एक बेटी अंशिका और एक बेटा अंश है। 6 भाई धनंजय, मुरारी, नीतीश, पिंटू, मुकेश, कृष्णा और तीन बहन सुकीनता, उर्मिला शशिकला हैं। राधेश्याम टाटा में रहकर रोलिंग कंपनी में काम करते थे। दस दिन पहले अपनी बड़ी मां शांति कुंवर के निधन के बाद गांव आए थे। जबकि मृतक राजनाथ सिंह के घर में पत्नी सोना और एक बेटा उपेंद्र सिंह हैं। पीरो SDPO के.के सिंह ने बताया, पहले से जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा चल रहा था। उसी विवाद में आपस में मारपीट हुई है। दोनों पक्षों से मौत हुई है, जबकि कई लोग घायल है। थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे है। आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जनगणना कार्य में तेजी लाने का निर्देश, प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोईलवर।** प्रखंड क्षेत्र में चल रहे जनगणना कार्य की प्रगति को लेकर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ बीर बहादुर पाठक ने की। इसमें पर्यवेक्षकों, फील्ड ट्रेनरों एवं प्रगणकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान बीडीओ ने जनगणना कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने पर जोर देते हुए सभी कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य में पूरी सतर्कता बरती जाए ताकि कोई भी मकान अथवा परिवार छूटने न पाए और न ही किसी मकान की दोहरी प्रविष्टि हो। इस अवसर पर प्रगणकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे कार्य की स्थिति से अवगत कराया। वहीं पर्यवेक्षकों एवं फील्ड ट्रेनरों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर कार्य की निगरानी करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता और सावधानी के साथ संपन्न कराया जाए। बैठक में मो. मोइनुल्लाह, पंकज कुमार शर्मा, वृजनंदन सिंह, उमेश ठाकुर, धर्मेंद्र पांडेय, चंदन गुप्ता, उर्मिला कुमारी, रवि रंजन कुमार समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे

## खेल जगत के शुभचिंतकों नेखेल प्रेमी समाजसेवी प्रेम पंकज को दी श्रद्धांजलि




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले के चर्चित समाजसेवी एवं खेल प्रेमी स्वर्गीय प्रेम पंकज की स्मृति में शुक्रवार को वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में श्रद्धांजलि सभा हुआ। इस दौरान खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर तथा कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बीयूसीए क्रिकेट एकेडमी, टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन बिहार, आराज स्पोर्ट्स क्लब एवं टाइगर खो-खो अकादमी ने किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रेम पंकज समाज के हर वर्ग के लोगों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते थे। वे रामलीला समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं मेयर इंदु देवी के पति थे। संस्था के संस्थापक राहुल सिंह सरकार ने कहा कि प्रेम पंकज के निधन से खेल जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके संरक्षण और प्रोत्साहन से जिले में खेल गतिविधियों को नई पहचान मिली।

# अवैध खनन पर प्रशासन ने की कार्रवाई 59 लाख रुपए से अधिक का लगाया जुर्माना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर जिला प्रशासन ने अवैध खनन और बिना वैध परमिट मिट्टी परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान के तहत 59 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई नगर थाना क्षेत्र के मिश्राही पोखरा में की गई, जहां लंबे समय से अवैध मिट्टी कटाव और परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। जिला प्रशासन के निर्देश पर खनन विभाग और पुलिस प्रशासन की एक संयुक्त टीम ने छापेमारी की। इस दौरान एक जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टरों को अवैध रूप से मिट्टी का उत्खनन और परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि पकड़े गए लोगों के पास न तो वैध खनन अनुज्ञप्ति थी और न ही विभागीय अनुमति। इस अवैध गतिविधि से सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा था। खनन विभाग ने जेसीबी मशीन पर 10 लाख रुपए का शमन शुल्क लगाया। इसके अतिरिक्त, अवैध रूप से खनन की गई मिट्टी पर रॉयल्टी का 25 गुना अर्थदंड लगाते हुए लगभग 46 लाख रुपए का अतिरिक्त जुर्माना अधिरोपित किया गया। पकड़े गए दोनों ट्रैक्टरों पर क्रमशः 1 लाख 9 हजार 257 रुपए और 1 लाख 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इस प्रकार, कुल दंडात्मक कार्रवाई 59 लाख रुपए से अधिक की हुई। प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित वाहन मालिकों और इसमें संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। उनके विरुद्ध MMDR Act 1957 और बिहार खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी जारी की है कि बिना वैध परमिट या अनुज्ञप्ति के किसी भी प्रकार का मिट्टी उत्खनन, परिवहन या अन्य खनन गतिविधि पूरी तरह अवैध मानी जाएगी। ऐसे मामलों में किसी भी व्यक्ति, संवेदक या एजेंसी को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने सभी निर्माण एजेंसियों और विभागों को निर्देश दिया है कि वे निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली मिट्टी या अन्य खनिज सामग्री केवल वैध स्रोतों और विधिवत परमिट के माध्यम से ही प्राप्त करें। प्रशासन का कहना है कि विभागीय कार्यों की आड़ में अवैध खनन पाए जाने पर संबंधित एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। जिला प्रशासन ने यह भी कहा कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# विश्वामित्र सेना के संघर्ष की जीत, कारा परिसर से मुक्त होंगे वामन अवतार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर ।** बक्सर की पुण्यभूमि, आज अपने सनातन गौरव की पुनर्स्थापना की दिशा में एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है। विश्वामित्र सेना के बैनर तले राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे के नेतृत्व में लंबे समय से भगवान वामन अवतार को जेल परिसर से मुक्त कराने के लिए निरंतर संघर्ष किया जा रहा था। इस विषय को लेकर अनेक धार्मिक, सामाजिक एवं सनातनी मंचों से आवाज उठाई गई, ताकि श्रद्धालु अपने आराध्य भगवान का श्रद्धापूर्वक दर्शन कर सकें। विश्वामित्र सेना की लगातार उठाई गई मांगों और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए बिहार सरकार द्वारा पूर्व में यह घोषणा की गई थी कि शीघ्र ही वामन अवतार को जेल परिषद से मुक्त किया जाएगा। अब आगामी 23 मई को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में वामन अवतार की मुक्ति की खबरों से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आनंद का वातावरण व्याप्त है। यह संघर्ष आसान नहीं था। सनातन आस्था और बक्सर की आध्यात्मिक पहचान को पुनर्जीवित करने की इस यात्रा में अनेक चुनौतियों और बाधाओं का सामना करना पड़ा, किंतु विश्वामित्र सेना अपने संकल्प से कभी पीछे नहीं हटी। विश्वामित्र सेना के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे ने कहा कि यह केवल भगवान वामन अवतार की मुक्ति नहीं, बल्कि बक्सर की सनातन चेतना और सांस्कृतिक अस्मिता की पुनर्स्थापना है। वर्षों से हमारी आस्था बंधनों में जकड़ी हुई थी।

## देवर-भाभी की पिटाई, दांत से काटकर किया घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा ।** आरा के अनाइठ मोहल्ले में शुक्रवार को साली से दूसरी शादी करने के विवाद में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट देवर-भाभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घायलों की पहचान संजय प्रसाद की पत्नी आरती देवी(38) और देवर शुभम कुमार(21) शामिल है। घटना नवादा थाना क्षेत्र की है। शुभम कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 में उसकी शादी सहार के मिश्रीचक निवासी ममता कुमारी से तय हुई थी, लेकिन लड़की का रंग सांवला होने के कारण उसने शादी से इनकार कर दिया था। इसके बाद उसकी भाभी आरती देवी ने अपने बेटे आशुतोष कुमार की शादी ममता से करा दी। इसी दौरान उसको साली श्वेता के साथ प्रेम संबंध हो गया। करीब तीन माह पहले वह श्वेता को लेकर फरार हो गया और उससे दूसरी शादी कर ली। इस मामले को लेकर महिला थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी, हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। शुभम ने आगे बताया कि उसके भतीजे आशुतोष कुमार की सास किरण देवी कुछ लोगों के साथ घर पहुंची और दूसरी शादी के को लेकर झगड़ा करने लगी। अपने लोगों के साथ मिलकर भाभी और मेरी पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान आरती देवी के पैर में दांत काट लिया गया, जिससे वह घायल हो गईं।

## हिंदू तिथि-पत्र में 7 दिन, इसलिए सात दिन होता भागवत-कथाः अरुण शास्त्री

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा ।** शहर में मझौंवा के काली मैया मंदिर में 27 मई तक पूजा अनुष्ठान प्रवचन और अन्य धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। तीसरे दिन शुक्रवार को भागवत-कथा की शुरुआत करते हुए व्यास-पीठ से अरुण शास्त्री जी महाराज ने एक बेहद गूढ़ प्रश्न का उत्तर श्रोताओं को समझाया। उन्होंने कहा, भागवत कथा आखिर सात दिनों की ही क्यों होती है? महाराज जी ने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि प्रथम बार राजा परीक्षित ने शुकदेव जी के मुखारविंद से इस कथा का श्रवण किया था। उन्होंने ''परीक्षित'' शब्द की दिव्य व्याख्या करते हुए कहा, इस धरा पर जन्म लेने वाला हर मनुष्य वास्तव में परीक्षित ही है। परीक्षित का अर्थ होता है, जो दूसरों के द्वारा रक्षित हो। चूंकि हम सभी किसी न किसी रूप में एक-दूसरे पर आश्रित और सुरक्षित हैं, इसलिए हम सब परीक्षित हैं। हमारे तिथि-पत्र (कैलेंडर) में सोमवार से रविवार तक केवल सात ही दिन होते हैं, आठवां कोई दिन नहीं होता। मृत्यु इन्हीं सात दिनों में से किसी एक दिन आनी तय है। यही कारण है कि कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा की सात दिवसीय श्रवण परंपरा प्रचलित है। आज शनिवार को सजेगा मां का भव्य दरबार, देवी जागरण मझौवा काली मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा के चौथे दिन यानी शनिवार रात्रि 9 बजे से एक भव्य ''देवी जागरण'' का आयोजन किया गया है। जिसमें सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा माता रानी के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य मोनू सिंह, राजू सिंह, चंद्रमोहन सिंह, मनजीत सिंह, सहित कई श्रद्धालु पूरी तन्मयता के साथ जुटे हुए हैं। कथा के अगले चरण में भगवान के दशावतार की महिमा का सुंदर वर्णन करते हुए पंडित पतंजली शर्मा ने भगवान नरसिंह के अवतार प्रसंग को सुनाया। कहा- श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि साक्षात श्रीहरि का वांग्मय स्वरूप है। जब-जब जीव सांसारिक माया के बंधनों में उलझकर दिशाहीन होता है, तब-तब भागवत कथा की अमृत वर्षा उसे सत्य और मर्यादा का मार्ग दिखाती है।

# पीरो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हटाए गए, रीडर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा ।** बिहार पुलिस महकमे में फर्जी ट्रांसफर लेटर कांड ने हड़कंप मचा दिया है। तीन सीनियर पुलिस अधिकारियों के तबादले से जुड़ा एक कथित सरकारी आदेश सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस मुख्यालय ने सख्त कार्रवाई की है। मामले में भोजपुर जिले के पीरो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) कृष्ण कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है, जबकि उनके कार्यालय में तैनात रीडर सहायक अवर निरीक्षक रामानंदन मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस पूरे मामले की जांच पटना साइबर थाना की टीम कर रही है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि वायरल किया गया ट्रांसफर आदेश पूरी तरह फर्जी था, लेकिन उसे इस तरह तैयार किया गया था कि वह बिल्कुल असली सरकारी अधिसूचना जैसा दिखाई दे रहा था। बुधवार देर रात सोशल मीडिया पर एक आदेश तेजी से वायरल हुआ, जिसमें बिहार पुलिस के तीन एसडीपीओ स्तर के अधिकारियों को सारण, मोतिहारी और बेगूसराय में ग्रामीण एसपी के पद पर ट्रांसफर किए जाने की बात लिखी गई थी। आदेश की भाषा, प्रारूप और सरकारी शैली इतनी सटीक थी कि पुलिस विभाग में भी कुछ समय के लिए भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। मामला तब गंभीर हुआ जब इसकी जानकारी गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी तक पहुंची। उन्होंने तत्काल डीजीपी विनय कुमार को इसकी सूचना देते हुए जांच कराने का निर्देश दिया। इसके बाद पटना साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिसके आधार पर यह पता चला कि फर्जी आदेश पीरो एसडीपीओ कार्यालय से तैयार किया गया था। गुरुवार शाम साइबर थाना की टीम ने कार्रवाई करते हुए कार्यालय में तैनात रीडर रामानंदन मंडल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में रीडर ने खुलासा किया कि उसने यह फर्जी अधिसूचना पीरो एसडीपीओ कृष्ण कुमार सिंह के निर्देश पर तैयार की थी। बाद में इसे सोशल मीडिया पर वायरल भी कराया गया। सूत्रों के मुताबिक, जिन अधिकारियों के नाम पर यह फर्जी ट्रांसफर आदेश जारी किया गया था, उनसे एसडीपीओ की निजी नाराजगी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### 6 घंटे में चोरी का खुलासा, सामान मिला, सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची, पीछा कर 3 चोरों को पकड़ा

**हाजीपुर**। वैशाली में पुलिस ने चोरी की एक घटना का 6 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए 3 चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के पास से चोरी का सारा सामान भी बरामद कर लिया है। यह घटना बेलसर थाना क्षेत्र में हुई। जानकारी के अनुसार, बेलसर थाना क्षेत्र में तीन चोर एक घर में चोरी करने के लिए घुसे थे। इसी दौरान डायल 112 की टीम को सूचना मिली कि चोर चोरी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही चोर घर से निकल चुके थे। इसके बाद बेलसर थाना पुलिस ने चोरों का पीछा किया और एक चोर को धर दबोचा। उसकी निशानदेही पर लीची के बगीचे में छिपे बाकी दो चोरों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने तीनों चोरों से पूछताछ के बाद लीची के बगान में छिपाकर रखा गया चोरी का सारा सामान भी बरामद कर लिया। लालगंज एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि चोरों के पास से चोरी की दो बाइक, पीतल के बर्तन और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन चोरों से पूछताछ के बाद चोरी के कई अन्य मामलों का भी खुलासा हो सकता है। फिलहाल, सभी गिरफ्तार चोरों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।



### दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या, 9 महीने पहले की थी लव मैरिज, ससुराल वाले फरार

**हाजीपुर**। वैशाली में 2 दिन पहले नवविवाहिता की हत्या मामले में आज FIR दर्ज हो गया है। पुलिस ने पीट-पीटकर और जहर देकर मर्डर मामले में पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। घटना बालिगांव थाना क्षेत्र के भूसाही गांव की है। मृतका की पहचान 20 वर्षीय अमृता कुमारी के रूप में हुई है। उसकी शादी नौ महीने पहले भूसाही निवासी प्रमोद पंडित के बेटे मनीष कुमार से हुई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, अमृता और मनीष ने प्रेम विवाह किया था। मृतका की बड़ी बहन ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही अमृता को उसके पति मनीष और सास द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, ससुराल वाले बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। परिजनों ने बताया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने अमृता के मोबाइल फोन से उसके मायके वालों के सभी नंबर ब्लॉक कर दिए थे। इससे वे अमृता से संपर्क नहीं कर पा रहे थे। परिजनों का आरोप है कि गुरुवार देर रात अमृता की पीट-पीटकर और जहर देकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने बालिगांव थाने की पुलिस को दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल से नमूने एकत्र करने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया था।



### प्रधानमंत्री 51 हजार से अधिक युवाओं को देंगे सरकारी नौकरी, 47 स्थानों पर होगा आयोजित

**हाजीपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 मई, 2026 को 19वें रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित होगा, जहां प्रधानमंत्री नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला प्रधानमंत्री की रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप एक महत्वपूर्ण पहल है। रोजगार मेला शुरू होने के बाद से अब तक देश भर में आयोजित 18 मेलों के माध्यम से लगभग 12 लाख नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। 19वां रोजगार मेला देश भर के 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इसमें चयनित उम्मीदवार केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार ग्रहण करेंगे, जिनमें रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग शामिल हैं। इसी क्रम में, हाजीपुर में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री और स्थानीय सांसद चिराग पासवान नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह समारोह पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर के वैशाली रेल प्रेक्षागृह में आयोजित किया जाएगा।

### खेत से 311 लीटर विदेशी शराब बरामद, 12 कार्टन में रखा था अलग-अलग ब्रांड का दारू, कारोबारी फरार

**हाजीपुर**। वैशाली के गरौल थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक खेत से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें 311 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। पुलिस को जानकारी मिली थी कि थाना क्षेत्र के सोंधो बासदेव गांव निवासी प्रमोद राय के खेत में बड़ी मात्रा में शराब छिपाई गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने छापेमारी कर मक्के के खेत से विभिन्न ब्रांडों के दर्जनों कार्टन शराब बरामद किए। हालांकि, छापेमारी के दौरान खेत मालिक और मुख्य आरोपी प्रमोद राय पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रमोद राय एक बड़ा शराब कारोबारी है और बड़े पैमाने पर शराब तस्करी में शामिल रहा है। गरौल थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि फरार कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।



### कुख्यात अपराधी पकड़ने गई पुलिस टीम पर पथराव, हमला कर दो अपराधी फरार

**हाजीपुर**। वैशाली के लालगंज थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर हमला हुआ। इस दौरान पथराव किया गया, जिसमें थाना की एक गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। हमले का फायदा उठाकर दो अपराधी मौके से फरार हो गए। लालगंज थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि मानपुर गांव का कुख्यात अपराधी अभिनंदन अपने साथी राहुल के साथ अवैध हथियारों के साथ छिपा हुआ है। इसी सूचना पर पुलिस टीम देर रात मानपुर गांव पहुंची थी। ग्रामीणों ने पुलिस पर बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस सादे लिबास में पहुंची थी और बिना इजाजत घर में घुसकर मारपीट करने लगी। महिलाओं ने पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट का आरोप भी लगाया है। लालगंज एसडीपीओ ने ग्रामीणों के आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पर हमला करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। सीडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि लालगंज थाने को सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी अभिनंदन कुमार उर्फ बसवरिया अपने साथी राहुल कुमार के घर पर अवैध हथियारों के साथ मौजूद है। इसी सूचना पर लालगंज थाना अध्यक्ष अपनी टीम के साथ घेराबंदी करने पहुंचे थे। मंडल के अनुसार, इसी दौरान दोनों अपराधियों के परिजन और ग्रामीण 20 से 25 की संख्या में इकट्ठा हो गए और पुलिस कार्रवाई का विरोध करने लगे। इस मौके का फायदा उठाकर दोनों अपराधी फरार हो गए और पुलिस टीम पर हमला किया गया। वैशाली पुलिस अधीक्षक को इसकी जानकारी दी गई, जिसके निर्देश पर एक टीम गठित कर अपराधियों के घरों में छापेमारी की गई। पुलिस पर पथराव करने के आरोप में मनोज राय, रमाशंकर कुमार, जयप्रकाश राय और श्रवण राय समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## बिहार बोर्ड 10वीं-12वीं कंपार्टमेंटल परीक्षा का रिजल्ट जारी

# इंटरमीडिएट में 55.31% व मैट्रिक में 57.18% छात्र-छात्राएं हुए सफल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से आज इंटरमीडिएट और मैट्रिक विशेष सह कम्पार्टमेन्टल परीक्षा का रिजल्ट जारी हो गया है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी रिजल्ट जारी किया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इंटरमीडिएट में 55.31 % परीक्षार्थी पास हुए हैं। इसमें 59.29% छात्रा और 52.65% छात्र शामिल हैं। वहीं, मैट्रिक में 57.18% सफल हुए हैं। जिसमें 53.48% छात्रा है और 57.84% छात्र हैं। विद्यार्थी अपना परिणाम बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं। बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट कंपार्टमेंटल परीक्षा में 6498 शामिल हुए, जिसमें से 3711 पास हुए। जबकि बिहार बोर्ड मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा में 6034 शामिल हुए थे, 3450 पास हुए हैं।



**मई में हुई थी कंपार्टमेंट परीक्षाः** बिहार बोर्ड 10वीं कंपार्टमेंट परीक्षा 2026 का आयोजन 2 मई से 6 मई 2026 के बीच किया गया था। वहीं, 12वीं कंपार्टमेंट एग्जाम 2 से 11 मई तक हुआ था। परीक्षा 2 शिफ्ट में आयोजित हुई थी। पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक चली। दूसरी शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की गई थी।

**क्यों कराई जाती है कंपार्टमेंट बोर्ड परीक्षाः** बिहार बोर्ड की ओर से आयोजित कंपार्टमेंट बोर्ड परीक्षा उन छात्रों के लिए कराई जाती है, जो मुख्य परीक्षा में एक या दो विषयों में सफल नहीं हो सके थे या किसी कारणवश नियमित परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे। कंपार्टमेंट परीक्षा के जरिए छात्रों को एक और मौका दिया जाता है ताकि उनका शैक्षणिक वर्ष खराब न हो।

## छात्र नेता दिलीप कुमार को मिली जमानत, 14 दिन बाद जेल से रिहा होंगे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। छात्र नेता दिलीप कुमार को पटना सिविल कोर्ट से जमानत मिल गई है। पिछले 14 दिनों से वे जेल में बंद थे, आज शाम में जेल से रिहा होंगे। पुष्टि उनके साथियों और उनके वकील ने की है। छात्र नेता दिलीप BPSC TRE-4 शिक्षक भर्ती परीक्षा के नोटिफिकेशन की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। दिलीप कुमार के वकील जटाशंकर झा ने बताया आज दिलीप कुमार की जमानत स्वीकृत हो गई है, इसलिए आज वह बाहर आ जाएंगे। जमानत के बाद जो भी कागजी प्रक्रिया हैं वह पूरी कर ली गई है। न्यायालय की ओर से रिलीज ऑर्डर जारी कर दिया गया है। वकील ने बताया कि दिलीप कुमार पर धारा 121 (1) और 121 (2) लगी थी। जिसमें 10 साल की सजा का प्रावधान है। जिसके कारण इतना दिन विलंब हुआ। न्यायालय ने पुलिस से इस धारा के समर्थन में तमाम कागजात मांगे। न्यायालय ने कागजात देखने के बाद यह फैसला किया कि उन पर लगी धारा न्याय संगत नहीं है। जिसके बाद उन्हें जमानत दी गई। बिहार में BPSC TRE-4 (शिक्षक भर्ती परीक्षा) का विज्ञापन जारी करने की मांग को लेकर 8 मई को पटना की सड़कों पर हजारों छात्र और शिक्षक अभ्यर्थी उतरे थे। आंदोलन का नेतृत्व छात्र नेता दिलीप कुमार कर रहे थे। आंदोलन के दौरान पटना के गांधी मैदान इलाके में प्रदर्शनकारी छात्रों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हुई थी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज कर दिया था, जिसमें कई छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने छात्र नेता दिलीप कुमार को रस्सी से बांधकर हिरासत में लिया और फिर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।



❑ बीपीएससी टीआरई-4 नोटिफिकेशन के लिए किया था आंदोलन

## ताला तोड़कर पटना यूनिवर्सिटी के अंदर घुसे छात्र, सीनेट की बैठक के दौरान 3 घंटे हंगामा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना यूनिवर्सिटी में आज सीनेट की बैठक के दौरान ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (AISA) के बैनर तले छात्रों ने प्रदर्शन किया गया। छात्र अपनी मांगों को लेकर 3 घंटे तक डटे रहे। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने छात्रों को कैंपस से बाहर कर गेट पर ताला जड़ दिया था। छात्र और छात्राएं कॉलेज के गेट पर चढ़कर नारेबाजी करने लगे। पुलिसिया दमन बंद करो, PU हमारे-आपका, नहीं किसी के बाप का...के नारे लगे। थोड़ी देर में छात्रों ने गेट का ताला तोड़ दिया और कैंपस में घुस गए।



इसके बाद वे जयप्रकाश नारायण सभागार पहुंचे, यहां सीनेट की बैठक चल रही थी। इसके गेट पर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। छात्र गेट पर बैठकर ही नारेबाजी करने लगे। मांगों को लेकर छात्रों ने भूख हड़ताल का ऐलान कर दिया और धरने पर बैठ गए। सीनेट की मीटिंग के बाद प्रॉक्टर और डीन ने छात्रों से मुलाकात की और उनकी मांगों को सुना। इसके बाद उन्होंने धरने पर बैठे छात्रों को लस्सी पिलाकर धरना खत्म करवाया। मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन भी दिया। हंगामे के बीच सीनेट की बैठक में 535 करोड़ रुपए का बजट पास हुआ।

**प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने क्या कहाः** कॉलेज की छात्रा सबा आफरीन ने बताया, हम अपने कॉलेज की मीटिंग में अपने VC से मिलने आए हैं, लेकिन वो पुलिस को बुलाकर गेट बंद करवा रहे हैं। हमें हमारी ही यूनिवर्सिटी से बाहर किया जा रहा है। हम चाहते हैं सीनेटे के बजट में हमारे कामों के लिए पैसा अलॉट हो। फीस वृद्धि पर रोक लगाई जाए। यूनिवर्सिटी में पुलिसिया दमन भी बड़ा मुद्दा है। रात 10, 11 बजे पुलिस यूनिवर्सिटी में पुलिस घुस जाती है। छात्रों को पीटा जाता है। गोली मारने की धमकी दी जाती है।

## तीन बच्चों के अपहरण की कोशिश नाकाम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल के इमामगंज थाना क्षेत्र स्थित मुगीला गांव में शुक्रवार देर रात तीन बच्चों के अपहरण की कोशिश का मामला सामने आया है। पुलिस की मुस्तैदी के कारण तीनों बच्चे सकुशल बरामद कर लिए गए। मासूमों की पहचान शंभू बिंद और अरविंद बिंद के बच्चे के रूप में हुई है। तीनों मुगीला गांव के रहने वाले हैं।

**बच्चों को जबरन गाड़ी में बैठायाः** जानकारी के अनुसार, मुगीला गांव के तीनों बच्चे शौच के लिए घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान बोलेरो सवार अज्ञात बदमाशों ने उन्हें जबरन गाड़ी में बैठा लिया और अरवल की ओर भागने लगे। बताया जा रहा है कि पटना-अरवल बॉर्डर पर अतौलह गांव के पास किंजर थाना पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। पुलिस को देखकर बदमाश घबरा गए और बच्चों को बीच सड़क पर छोड़कर फरार हो गए।

**रोते हुए मिले बच्चे, ग्रामीणों ने दी सूचनाः** सड़क किनारे बच्चों को रोते देख स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत इमामगंज थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों बच्चों को सुरक्षित बरामद कर उनके परिवार को सूचना दी।

**नशे की हालत में मिले बच्चे, एक अस्पताल में भर्तीः** घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। परिजनों का आरोप है कि तीनों बच्चे नशे की हालत में थे। एक बच्चे की तबीयत बिगड़ गई थी और उसके शरीर पर चोट के निशान भी मिले, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिवार वालों को आशंका है कि बदमाशों ने बच्चों को कोई नशीला पदार्थ खिलाया था। हालांकि पुलिस के डर से वे बच्चों को रास्ते में छोड़कर भाग निकले। मामले को लेकर इमामगंज थानाध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों से सूचना मिली थी कि मुगीला गांव से तीन बच्चे गायब हुए हैं। पुलिस की तत्परता से तीनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया है।



❑ पुलिस चेकिंग देख बदमाश बच्चों को छोड़कर भागे, फरार बोलेरो की तलाश में जुटी पुलिस

## 22 बीघा जमीन को लेकर बवाल, गुस्साई भीड़ ने कई गाड़ियां जलाईं, पुलिस पर भी पथराव किया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के दीदारगंज थाना क्षेत्र के निजामपुर इलाके में 22 बीघा विवादित जमीन की घेराबंदी को लेकर बीती रात हिंसक झड़प हो गई। गुस्साई भीड़ ने कई गाड़ियों में आग लगा दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर भी पथराव किया गया। हालात बिगड़ते देख पुलिस को अस्थायी रूप से पीछे हटना पड़ा।

**रेलवे लाइन किनारे कीमती जमीन पर विवादः** स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, रेलवे लाइन से सटे इस भूखंड को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि यह जमीन एक मठ की है, जिस पर भू-माफिया जबरन कब्जा करना चाहते हैं। वहीं दूसरी ओर घेराबंदी करा रहा पक्ष जमीन पर अपना कानूनी अधिकार होने की बात कह रहा है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर रात बड़ी संख्या में मजदूर और कर्मी जमीन की घेराबंदी करने पहुंचे थे। इसी दौरान ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया और विवाद हिंसक रूप ले बैठा।



**लाठी-डंडों से हमला, कई राउंड फायरिंग का दावाः** प्रत्यक्षदर्शियों और कामगारों के मुताबिक, सैकड़ों ग्रामीण अचानक मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडों से हमला शुरू कर दिया। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई। कई राउंड हवाई फायरिंग किए जाने की भी बात सामने आई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उग्र भीड़ ने वहां खड़े वाहनों को निशाना बनाते हुए आग लगा दी, जिससे कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं। स्थिति बिगड़ते देख मजदूर और निजी सुरक्षाकर्मी मौके से भाग निकले।

**पुलिस पर भी पथरावः** स्थानीय निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि, रात के अंधेरे में जबरन घेराबंदी का प्रयास किया जा रहा था, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और हिंसक टकराव शुरू हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दीदारगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालात की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया गया। लेकिन जांच के दौरान ग्रामीणों ने पुलिस को चारों तरफ से घेर लिया और पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए हमले के बाद पुलिस को पीछे हटना पड़ा।

**इलाके में भारी तनाव**

**पहले भी हो चुकी है हिंसाः** बताया जा रहा है कि इस 22 बीघा जमीन को लेकर पहले भी कई बार दोनों पक्षों के बीच टकराव हो चुका है। फिलहाल इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है और उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संपत्ति कुर्की करने गई थी पुलिस, आरोपितों ने किया सरेंडर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

मसौढ़ी !लहसुना थाना क्षेत्र के दाहिभता गांव में शनिवार को गबन के आरोपी में फरार आरोपी के विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई करने उसके घर पहुंची.पुलिस कुर्की की कार्रवाई शुरू करती, इससे पहले आरोपी ने आत्म समर्पण कर दिया.अभियुक्त मनीष के विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई के लिए न्यायालय से आदेश निर्गत था. इसके अलोक में पुलिस टीम रविवार सुबह पटना के लिए निकली.कुर्की की कार्रवाई शुरू होने से पहले ही आरोपी ने पुलिस के समक्ष उपस्थित होकर आत्म समर्पण कर दिया।जिसे पुलिस अपने कस्टडी में लेकर उसे जेल भेज दिया है।लहसुना थाना अध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि थाना क्षेत्र के दहीभता गांव निवासी स्वर्गीय बिरजू राम के पुत्र अवधेश प्रसाद के पुत्र पर गबन का आरोप लगाया गया था।अभियुक्त अवधेश प्रसाद के विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई के लिए न्यायालय से आदेश निर्गत था. इसके अलोक में पुलिस टीम शनिवार सुबह लहसुना पुलिस कुर्की के लिए निकली.कुर्की की कार्रवाई शुरू होने से पहले ही आरोपी ने पुलिस के समक्ष उपस्थित होकर आत्म समर्पण कर दिया.



## महावीर मंदिर तैयार कर रहा 1000 किलो चने का सतू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। नीट परीक्षा 21 जून को आयोजित होने वाली है। इसे लेकर बड़ी संख्या में छात्र पटना जंक्शन पहुंचेंगे और वहीं से परीक्षा केंद्र पर जाएंगे। गर्मी को देखते हुए महावीर मंदिर की ओर से 1000 किलो चना के सतू का शर्बत तैयार किया जाएगा। सतू का शर्बत पिलाने की व्यवस्था मंदिर के आसपास की जाएगी। नैवेद्यम लड्डू के प्रभारी आर शेषाद्री की देखरेख में व्यवस्था होनी है।

**महावीर मंदिर सेवा कार्यों के लिए जाना जाता महावीर मंदिरः** श्री महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव सायण कुणाल ने कहा कि महावीर मंदिर सेवामूलक कार्यों के लिए जाना जाता है। चाहे अयोध्या का राम रसोई हो या सीतामढ़ी का सीता रसोई हो या फिर चाहे महावीर मंदिर का दरिद्र नारायण भोजन हो। अब महावीर मंदिर की ओर से नीट परीक्षार्थियों के लिए सतू का शर्बत की पिलाने की व्यवस्था की जा रही है। महावीर मंदिर का मानना है कि नीट परीक्षार्थी विभिन्न जगहों से गर्मी में आएंगे। ठंडा सतू का शर्बत पिलाकर उन्हें गर्मी से राहत दिलाने की कोशिश की जाएगी। जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिले और वे परीक्षा केंद्र में एकाग्रचित होकर परीक्षा दे सकें। 3 मई को NEET-UG-2026 की परीक्षा हुई। पेपर लीक के कारण परीक्षा रद्द कर दी गई थी।



❑ गर्मी से राहत के लिए नीट परीक्षार्थियों को पिलाया जाएगा शर्बत, मंदिर के आसपास होगी व्यवस्था

## बख्तियारपुर के बुनियाद केंद्र में दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मरम्मत शिविर आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत बख्तियारपुर स्थित बुनियाद केंद्र में शुक्रवार को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, पटना के संयुक्त निर्देश पर मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मरम्मत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनकी मोटराइज्ड ट्राइसाइकिलों के सुचारू संचालन के लिए तकनीकी सहायता और मरम्मत सुविधा उपलब्ध कराना था।

शिविर के दौरान 32 दिव्यांग लाभार्थियों की मोटराइज्ड ट्राइसाइकिलों की जांच की गई और उनमें आवश्यक मरम्मत कार्य कराया गया। साथ ही लाभार्थियों को ट्राइसाइकिल के रख-रखाव, सुरक्षित संचालन और नियमित देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं, ताकि भविष्य में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर बुनियाद केंद्र के पदाधिकारियों और कर्मियों ने लाभार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। केंद्र प्रबंधक अरविंद कुमार ने दिव्यांगजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिलाया। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें काफी सुविधा मिली है।

कार्यक्रम का सफल संचालन बुनियाद केंद्र, बख्तियारपुर के कर्मियों के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में सुप्रिया कुमारी, राकेश कुमार, गुंजन कुमार, तन्नू शर्मा, खुशबू कुमारी, अंजू कुमारी, श्याम प्रकाश केसरी, सुजीत कुमार, संतोष कुमार, संजीव कुमार, विकास मित्र तथा स्थानीय वार्ड सदस्य समेत कई लोग उपस्थित रहे।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# रिम्स जमीन घोटाला : आरोपित प्रमोद महतो की अग्रिम जमानत पर सुनवाई, एसीबी ने जमा की केस डायरी




**एजेंसी। रांची**

रिम्स की अधिग्रहीत जमीन से जुड़े घोटाले के आरोपित प्रमोद कुमार महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर एसीबी की विशेष कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। इस मामले में एसीबी ने केस डायरी पेश किया और जवाब भी दायर किया। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने एसीबी से केस डायरी और जवाब मांगा था। उल्लेखनीय है कि मामले में सात अप्रैल को एसीबी ने चार आरोपित राजकिशोर बड़ाईक, कार्तिक बड़ाईक, राजेश झा और चेतन कुमार को गिरफ्तार किया था। आरोपितों ने मिलीभगत कर रिम्स की अधिग्रहीत जमीन को निजी संपत्ति दिखाने के लिए फर्जी वंशावली तैयार की थी। झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद एसीबी ने इस फर्जीवाड़ा मामले में 5 जनवरी 2026 को प्राथमिकी दर्ज की थी। दरअसल, यह मामला 1964-65 में रिम्स की अधिग्रहीत करीब 9.65 एकड़ जमीन से जुड़ा है। जिसपर अवैध कब्जा कर अपार्टमेंट, दुकान और मकान बना लिया गया था। बाद में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद इन अवैध कंस्ट्रक्शन को हटा दिया गया था।

# रांची में हुए पहला आईसीएआई दीक्षांत समारोह में 76 विद्यार्थियों को दी गईं डिग्रियां

**एजेंसी। रांची**

दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की ओर से झारखंड और बिहार में पहली बार नवउत्तीर्ण चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन शनिवार, को रांची के करमटोली स्थित सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। विश्व की सबसे बड़ी एकाउंटिंग संस्था आईसीएआई का दीक्षांत समारोह पहली बार रांची में आयोजित होने से पूरे क्षेत्र के चार्टर्ड अकाउंटेंसी विद्यार्थियों, नवउत्तीर्ण सदस्य और उनके परिजनों में विशेष उत्साह और गर्व का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान कुल बिहार और झारखंड के 76 नवउत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्रियां दी गईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नवउत्तीर्ण चार्टर्ड एकाउंटेंट्स अपने परिवारजनों के साथ उपस्थित हुए। समारोह में उपस्थित नवउत्तीर्ण चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के चेहरे पर वर्षों की कठिन मेहनत, समर्पण और सफलता की खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही थी। यह अवसर उनके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण और यादगार क्षणों में से एक बन गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुंबई से आईसीएआई के अध्यक्ष सीए प्रसन्ना कुमार डी और उपाध्यक्ष सीए मंगेश पी किनरे ने ऑनलाइन माध्यम से किया। कार्यक्रम में आईसीएआई अध्यक्ष सीए प्रसन्ना कुमार डी ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट केवल एक पेशेवर नहीं, बल्कि देश की आर्थिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं। उन्होंने नवउत्तीर्ण सदस्यों को ईमानदारी, पारदर्शिता



और नैतिक मूल्यों के साथ कार्य करने का संदेश देते हुए कहा कि आज के समय में वित्तीय अनुशासन एवं कॉर्पोरेट गवर्नेंस को मजबूत करने में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है।

**छात्रों के साथ उनके परिवार और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम : सीए मंगेश-** वहीं आईसीएआई के उपाध्यक्ष सीए मंगेश पी किनरे ने भी सभी नवउत्तीर्ण चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि उनके परिवार, शिक्षकों एवं संस्थान के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से आगे बढ़ रहा है और ऐसे समय में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने सभी युवाओं से प्रोफेशनल उत्कृष्टता के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का भी आह्वान किया। रांची में आयोजित इस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में सीसीएल के डायरेक्टर (फाइनेंस) सीए पवन कुमार मिश्रा उपस्थित थे। उन्होंने नवउत्तीर्ण चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को सर्टिफिकेट देते हुए कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंसी केवल एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य एवं निरंतर सीखने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि आईसीएआई देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पेशेवरों को तैयार करता है और आज के नवउत्तीर्ण सदस्य भविष्य में उद्योग, व्यापार, शासन एवं समाज को नई दिशा देंगे। कार्यक्रम के रांची कोऑर्डिनेटर और रीजनल काउंसिल सदस्य सीए राजीव गुप्ता ने कहा कि झारखंड एवं बिहार में पहली बार इस प्रकार का भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया की यह दीक्षांत समारोह इंस्टिट्यूट की मध्य भारतीय क्षेत्रीय परिषद् जो भारत देश की सात राज्यों की प्रतिनिधित्वा करती है। इधर, समारोह के दौरान नवउत्तीर्ण चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को सर्टिफिकेट दिया गया। सर्टिफिकेट प्राप्त करते समय विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के चेहरे पर खुशी और गर्व की विशेष झलक देखने को मिली। कई अभिभावकों ने इसे अपने जीवन का सबसे भावुक और गौरवपूर्ण क्षण बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रांची शाखा के उपाध्यक्ष सीए विवेक खोवाल, सचिव सीए दिलीप कुमार, कोषाध्यक्ष सीए हरेन्दर भारती और कार्यकारिणी सदस्य सीए अभिषेक केडिया सहित अन्य की महती भूमिका रही।

# ट्रैफिक चेकिंग के दौरान पुलिस पर अवैध वसूली का आरोप, पहुंचे विधायक

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

टाटानगर स्टेशन के चाईबासा स्टैंड के समीप शनिवार को ट्रैफिक जांच के दौरान पुलिस कर्मियों पर एक बुजुर्ग शिक्षक और उनके परिजनों से अवैध रूप से पैसे मांगने का आरोप लगा। मामले को लेकर कुछ देर के लिए वहां तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पोटका विधायक संजीव सरदार स्वयं मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, कोवाली निवासी चंदन सरदार अपने चाचा के साथ बारीडीह स्थित विजया गार्डन की ओर जा रहे थे। उनके चाचा शिक्षक हैं और जनगणना कार्य के सिलसिले में दूसरे प्रखंड में ड्यूटी पर जाने वाले थे। बताया गया कि उम्र और स्वास्थ्य कारणों से वे स्वयं वाहन चलाने में असमर्थ थे, इसलिए चंदन उन्हें लेकर जा रहे थे। चंदन सरदार का आरोप है कि टाटानगर स्टेशन के पास चल रही ट्रैफिक चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मियों ने उनकी बाइक रोक ली। उनका कहना है कि उन्होंने हेलमेट पहन रखा था और वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात की फोटो कॉपी भी दिखाई, इसके बावजूद उन्हें जाने नहीं दिया गया। आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने चालान के नाम पर 10 हजार रुपये की मांग की। घटना से परेशान होकर चंदन सरदार ने तत्काल विधायक संजीव सरदार को फोन कर मामले की जानकारी दी।

विधायक ने फोन पर मौजूद पुलिसकर्मियों से बातचीत करने की कोशिश की, लेकिन कथित तौर पर पुलिसकर्मियों ने उनसे बात करने से इनकार कर दिया। इसके बाद विधायक खुद मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर विधायक ने ट्रैफिक थाना प्रभारी और डीएसपी ट्रैफिक को बुलाया और पूरे मामले की जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है, लेकिन आम लोगों को बेवजह परेशान करना या उनसे अवैध वसूली करना गलत है। उन्होंने दोषी पाए जाने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। कुछ देर बाद डीएसपी ट्रैफिक नीरज पाठक भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों से जानकारी ली और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# समाजसेवी बजरंग महतो से 50 लाख रंगदारी की मांग, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित प्रेमनगर निवासी समाजसेवी बजरंग महतो से 50 लाख की रंगदारी मांगने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। रंगदारी नहीं देने पर फौजी कार्रवाई करने की धमकी दी गई है। इस संबंध में बजरंग महतो ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित बजरंग महतो ने प्राथमिकी में बताया है कि वह अपने घर पर मौजूद थे, तभी एक विदेशी नंबर से उनके व्हाट्सएप पर मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने दो दिनों के भीतर 50 लाख देने को कहा। रकम नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने और कार्रवाई करने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि धमकी देने में इस्तेमाल किए गए नंबर की तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है। साइबर सेल के जरिए भी पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है। मामला दर्ज कर गहन जांच पड़ताल की जा रही है।

# भीषण गर्मी बनी जानलेवा: जमशेदपुर में लू से तीन मजदूरों की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव अब लोगों के लिए जानलेवा साबित होने लगी है। पिछले एक सप्ताह के भीतर लू लगने से तीन मजदूरों की मौत हो चुकी है। लगातार हो रही इन घटनाओं के बाद लोगों में दहशत का माहौल है और दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही भी कम हो गई है। शुक्रवार देर शाम परसुडीह के हलुदबनी निवासी 36 वर्षीय राजमिस्त्री सिपाही लोहार की लू लगने से मौत हो गई। बताया गया कि वह बिरसानगर में काम खत्म कर साइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान गोलमुरी थाना क्षेत्र के मथुरा बगान के पास अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी मौत लू लगने से हुई। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इसी दिन पोटका निवासी 33 वर्षीय महिला मजदूर पूजा भूमिज की भी लू लगने से मौत हो गई। पूजा परसुडीह रेलवे साइट पर मजदूरी करती थी। काम समाप्त होने के बाद घर लौटते समय उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह रास्ते में बेहोश होकर गिर पड़ी। साथ काम कर रहे मजदूर उसे सदर अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। इससे पहले गुरुवार को मानगो के कपाली निवासी एक मजदूर की भी भीषण गर्मी के कारण मौत हो चुकी है। इधर, शनिवार को चिकित्सक डॉ. ए.के. चौबे ने लोगों को तेज धूप से बचने की सलाह दी है।

# न्यायालय के आदेश के बावजूद बिष्टुपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं, पीड़ित ने एसएसपी से लगाई गुहार

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में कानून व्यवस्था और पुलिस कार्यशैली पर सवाल खड़े करने वाला एक मामला शनिवार को सामने आया है। आरोप है कि न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद बिष्टुपुर थाना पुलिस अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं कर रही है। इस मामले में पीड़ित ने वरीय पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, सोनारी स्थित सीपी क्लब निवासी नरेश कुमार ने आरोप लगाया है कि उनकी कार छीन लिए जाने और मारपीट की घटना के बाद भी पुलिस ने उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। थक-हारकर उन्हें अदालत की शरण लेनी पड़ी। बताया गया कि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने 13 अप्रैल 2026 को आदेश पारित किया था, जिसकी प्रति 28 अप्रैल 2026 को बिष्टुपुर थाना को प्राप्त हो गई थी। इसके बावजूद अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। पीड़ित के अनुसार, 11 जनवरी की शाम वह अपनी कार संख्या (जेएच-05डीडी-9486) को बिष्टुपुर में खड़ी कर जुडियो मॉल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मोबाइल नंबर 7979810030 का उपयोग करने वाला करणदीप सिंह उनके पास पहुंचा और बातचीत में उलझा लिया। आरोप है कि कुछ ही देर बाद एक अन्य कार से पांच-छह युवक वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जबरन उन्हें अपनी कार में बैठा लिया।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
( अज्ञात सड़ा–गला भाव कंकाल का फोटो)



दिनांक–19.05.2026 को बड़गड़ थाना अन्तर्गत ग्राम–सालो बिजली पावर हाउस के पास स्थित जंगल से एक अज्ञात सड़ा–गला एवं क्षत–विक्षत अवस्था में शव कंकाल को बरामद किया गया है। उक्त शव को देखने से किसी महिला का प्रतीत होता है। उक्त अज्ञात बरामद शव कंकाल के संबंध बड़गड़ थाना कांड सं0–16/26, दिनांक–19.05.26, धारा–103(1), 238, भारतीय न्याय संहिता 2023 अंकित किया गया है। उक्त अज्ञात शव का शिनाख्त/पहचान कराने का काफी प्रयास किया गया है। परन्तु उक्त अज्ञात शव का पहचान अबतक नहीं हो पाया है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात शव कंकाल का शिनाख्त/पहचान होने पर या इनके परिजन के बारे में किसी भी प्रकार कि लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया** :– 1. बायॉ पैर मुड़ा हुआ, 2. खोपड़ी धड़ से अलग,
3. कमर तथा खोपड़ी के बीच का अधिकांस हिस्सा गला हुआ,4. काला लम्बा बाल एवं एक काला–सफेद रंग का शाल लपेटा हुआ।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 380631 (Police)26-27*D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
( लापता जुबेर अंसारी, उम्र-करीब 17 वर्ष )



बड़गड़ थाना सनहा सं0–19/26 दिनांक–17.05.2026 में लापता जुबेर अंसारी, उम्र करीब–17 वर्श, पिता–एहसान अंसारी, पता–उगरा, पो0+थाना–बड़गड़, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाला है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जुबेर अंसारी दिनांक–17.05.2026 को सुबह 06:00 बजे से अपना गॉव घर से गुम हो गया है, तथा अबतक घर वापस नहीं आया है। उक्त लापता लड़का का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़का कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण/हुलिया** :–
नाम–जुबेर अंसारी, लम्बाई–5 फीट 7 इंच, रंग–गेहुआ, बाल–काला,
शरीर–दुबला/पतला, भाषा–हिन्दी, पहनवा– लोवर एवं सर्ट क्रिम क्लर का, पैर में हवाई चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 380635 Police (26-27)_D

## कार्यालय नगर परिषद गढ़वा
अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना
संख्या–02/2026–27

1. विज्ञापनदाता का पद नाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा।
2. निविदा/कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 26.05.2026 से 02.06.2026 को 2.30 बजे अपराह्न।
3. मूल्य कथन खोलने की तिथि एवं समय :– 03.06.2026 को 3.00 बजे अपराह्न।
4. मूल्य कथन प्राप्त करने की स्थान :– कार्यालय नगर परिषद गढ़वा।

| Øekd | कार्य का नाम | दर |
|---|---|---|
| 1 | रंका मोड़ स्थित घंटा घर में घड़ी मरम्मति एवं सर्विसिंग | प्रति अद्द |

शर्ते

(1) सभी निविदादाताओं को अपनी निविदाएँ मुहरबन्द लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय जमा करना अनिवार्य है। उस लिफाफे पर अपना नाम पता साफ–साफ अंकित करेंगे, अन्यथा उनकी निविदा मान्य नहीं होगी।
(2) रंका मोड़ स्थित घंटा घर में घड़ी मरम्मति एवं सर्विसिंग को देखने हेतु कार्यालय से संपर्क कर कार्य निरीक्षण करना अनिवार्य होगा।
(3) अद्यतन एक वर्ष का ITR,GST Registration, अद्यतन GST Clearance Certificate, एवं पैन कार्ड संलग्न करना है।
(4) आपूर्तिकर्ता स्वयं के वाहन से रंका मोड़ स्थित घंटा घर में घड़ी की मरम्मति एवं सर्विसिंग से संबंधित सामानों की आपूर्ति करनी होगी। इसके लिए अलग से कोई व्यय भुगतेय नहीं होगा।
(5) मुल्यकथन में दर GST एवं सभी कर सहित निर्धारित होना चाहिए, किसी भी परिस्थिति में अलग से किसी भी कर का भुगतान नहीं किया जायेगा।
(6) बिना कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है। इस सम्बन्ध में कोई स्पष्टीकरण नही दिया जायेगा।

नोट :– 1. सामग्रियों का मूल्य कथन प्राप्त होने के पश्चात् मरम्मति एवं सर्विसिंग का आदेश दिया जाएगा।
2. निविदा में भाग लेने वाले फर्म/एजेंसी को मूल्य कथन दर के साथ 1,000 (एक हजार रुपये) का बैंक ड्राफ्ट Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa के पद नाम से दे होगा, जो वापस नहीं किया जाएगा।
3. विस्तृत सूचना/शर्ते अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
4. अन्य जानकारी हेतु श्री संदीप कुमार, कनीय अभियंता, नगर परिशद, गढ़वा के मोबाईल नं0 8409053313 पर संपर्क कर सकते है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद,गढ़वा।

PR 380640 Urban Development(26-27)D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
( चोरी की गई सुपर स्पलेण्डर मोटरसाईकिल रंग–ग्रे/ब्लैक )

गढ़वा थाना कांड सं0–599/25 दिनांक–27.11.25 धारा–303(2) बी0एन0एस0 में चोरी की गयी सुपर स्पलेण्डर मोटरसाईकिल (रंग–ग्रे/ब्लैक) जिसका रजी0 नं0–JHO3Y-4265 चेचिस न0–MBLJAW099K9F59342 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 380580 (Police)26-27*D

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**PPP मोड पर मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण/आवंटन हेतु आम डाक सूचना।**

दिनांक 13.09.2025 एवं दिनांक 10.01.2026 को सम्पन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में प्रखण्ड हुसैनाबाद अन्तर्गत जपला जे0पी0 चौक पर पूर्व से स्थित यात्री शेड को तोड़कर उसके स्थान पर पी0पी0पी0 मोड पर मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण कर आवंटन हेतु पलामू जिला अन्तर्गत इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है–

| क्र. | प्रखण्ड | | मॉर्केट कॉम्प्लेक्स का साईज | दुकानों की संख्या | मार्केट कॉम्प्लेक्स मासिक किराया दर | न्यूनतम डाक की राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | हुसैनाबाद (जे0पी0 चौक) | यात्री शेड एवं मार्केट कॉम्प्लेक्स | 1080 Sq Ft (यात्री शेड को छोड़कर) | **Total 07 Shops With Toilet** Ground Floor- **01 Shop** (12'×15') 1st Floor- **03 Shop** (10'×15' each) 2nd Floor- **03 Shop** (10'×15' each) | 20,000.00 | 32,00,000.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि | :– | 26.05.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न। अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय वेश्म |
| 2. | आवेदन पत्र बिक्री की तिथि | :– | 26.05.2026 से 30.05.2026 |
| 3. | आवेदन पत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 4. | आवेदन पत्र का शुल्क | :– | 5000.00 (पाँच हजार) रूपये मात्र, **(Non Refundable)** (DD जो सचिव जिला परिषद, पलामू के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा) |
| 5. | आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | :– | 26.05.2026 से 03.06.2026 (03:00 बजे तक) |
| 6. | आवेदन पत्र जमा करने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 7. | डाक की तिथि व समय | :– | 04.06.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न। |
| 8. | डाक का स्थान | :– | Block-C DRDA, सभाकक्ष, पलामू। |
| 9. | आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य कागजात | :– | वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो |

नोट 1:– मार्केट कॉम्प्लेक्स का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 50000.00 (पचास हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि **(Non Refundable)** 24 घंटे के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी। तदोपरान्त स्वीकृत नक्शा एवं डिजाईन के अनुरूप मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जायेगा। मार्केट कॉम्प्लेक्स की लीज अवधि न्यूनतम 10 वर्ष होगी, जो प्रत्येक 5–5 वर्षो पर नवीकरण योग्य होगी।

नोट 2:– Detailed PPP Module For ZP (Annexure-I) एवं मार्केट कॉम्प्लेक्स आवंटन हेतु निर्धारित शर्त (Annexure -II) पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विस्तृत जानकारी हेतु मोबाईल संख्या– 9006083521 पर कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.380619 District(26-27):D

## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

**वेद व्यास आवास निर्माण योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**
आवेदन की अंतिम तिथि :– 27.06.2026

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0–04 रा0(वि0) दिनांक 21.05.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु गढ़वा जिले के सक्रिय अथवा परंपरागत मत्स्य पालक/मछुआ, जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादक/ प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने के कार्य तथा मत्स्य बिक्री में सक्रिय हो उनके लिए वेद व्यास आवास निर्माण योजना का लक्ष्य प्राप्त है, लक्ष्य संबंधी विवरणी निम्नवत् है :–

| जिला | प्राप्त भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | | कुल लक्ष्य | एक आवास की इकाई लागत |
|---|---|---|---|---|
| | सामान्य | अ0जा0 | | |
| गढ़वा | 20 | 04 | 24 | 191200/– |

उक्त योजना हेतु सुयोग्य लाभुकों के चयन के लिए आवेदकों से निम्न अर्हताओं के अधीन जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में दिनांक 27.06.2026 को अप0 5:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

अर्हताएँ निम्न् प्रकार हैं–
1. सक्रिय अथवा परंपरागत मत्स्य पालक/मछुआ, जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादक/ प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने के कार्य तथा मत्स्य बिक्री में सक्रिय हों।
2. गरीबी रेखा से नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
3. घर हेतु जमीन उपलब्ध रहने अथवा कच्चा घर वाले को भी कंडिका 01 एवं 02 के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है। एक परिवार से एक ही लाभुक को आवास देय होगा।
4. आवास निर्माण हेतु अधिकतम प्रति लाभुक मो0 191200/– (एक लाख इकान्बे हजार दो सौ रु0) मात्र आर्थिक सहायता होगी।
5. भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छाया प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. BPL के लाभुकों को BPL का स्वहस्ताक्षरित प्रमाण पत्र की छाया प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
7. पूर्व से किसी सरकरी आवास निर्माण योजना का लाभ न मिला हो (संबंधि प्रखण्ड विकास पदा0 से सत्यापन कराना अनिवार्य है)
8. बैंक खाता पासबुक, आधार कार्ड तथा वोटर आईडी कार्ड की छाया प्रति।
9. दिव्यांग आवेदक आवेदन के साथ दिव्यांगता संबंधी प्रमाण पत्र की छाया प्रति लगायेंगे।
10. आवेदक दिव्यांगों हेतु स्वीकृत राशि का न्यूनतम 03 प्रतिशत तथा महिलाओं के लिए न्यूनतम 10 प्रतिशत राशि का प्रावधान जिलावार किया जायेगा।
11. आवेदक के प्रस्तावित जमीन का जिस पर वेद व्यास आवास निर्माण होना है, जमीन का फोटो (लाभुक स्वयं खड़े होकर) संलग्न करें।
12. आवेदन पत्र के सभी बिन्दुओं को पूर्ण एवं स्पष्ट रुप से भरना अनिवार्य है तथा निर्धारित स्थान पर संबंधित पदाधिकारी का अनुशंसा आवश्यक है।
13. आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।
14. आवेदन प्रपत्र के साथ वांछित सभी कागजात संलग्न करना अनिवार्य है तथा आवेदन जमा करने के उपरांत किसी भी तरह का कागजात एवं अधुरा आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
15. आवेदक को NFDP पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। (पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करें)
16. जिला स्तरीय गठित समिति को बिना कारण बताए किसी भी आवेदन पत्र को अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

नोट :– आवेदन प्रपत्र कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

ह0/– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 380596 Fish (26-27)_D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### आधुनिकता के दावों के बीच दहेज की जकड़ में घुटती महिलाओं की जिंदगी

आए दिन सामने आने वाली ऐसी घटनाएं बताती हैं कि आम भारतीय परिवारों में दहेज की वजह से उत्पीड़न और हत्या की घटनाएं आज भी एक भयावह वास्तविकता बनी हुई हैं। किसी भी समाज के सभ्य होने की कसौटी यह है कि वह अपने बीच परंपरा से चली आ रही वैसी कुप्रथाओं से किस हद तक मुक्ति हासिल कर पाता है, जो अमानवीय होने के साथ कानूनन अपराध भी हैं। मगर ऐसा लगता है कि हमारे देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को लेकर समाज एक तरह की उदासीनता में रहता है। नतीजतन, जहां आधुनिक मूल्यों के साथ हो रहे सामाजिक विकास के बीच महिलाओं के प्रति दुराग्रह और कुंठा की हिंसा की जगह पूरी तरह खत्म होनी चाहिए थी, वहां आज भी कई ऐसी परंपराएं मुखर दिखती हैं, जिनकी वजह से महिलाओं का जीवन-संघर्ष कई गुना बढ़ जाता है।हालत यह है कि जिस दहेज जैसी समस्या के खिलाफ सबसे ज्यादा अभियान चले, बेहद सख्त कानूनी प्रावधान किए गए, उसकी वजह से आज भी अक्सर महिलाओं की जान जा रही है। अर्थव्यवस्था और विकास के चमकते आंकड़ों के बीच आखिर क्या ऐसा छूट रहा है कि न तो समाज अपनी ओर से इस विकृत परंपरा को छोड़ने के लिए संवेदनशील हो रहा है और न ही इस संबंध में बने सख्त कानूनों का खौफ दिखता है।दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गिने जाने वाले नोएडा यानी गौतमबुद्ध नगर में दहेज उत्पीड़न के कारण एक महिला की मौत की खबर ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर किया है कि सामाजिक विकास की कसौटी पर हम कहां खड़े हैं और यह कितना अफसोसनाक है। कुछ ही दिन पहले भोपाल से भी दहेज की वजह से एक महिला की जान जाने की खबर आई थी। इन मामलों में महिला के परिवार वालों का स्पष्ट आरोप है कि शादी में भारी खर्च करने के बावजूद बाद के दिनों में भी दहेज की लगातार मांग पूरी न हो पाने की वजह से उनकी बेटी की हत्या कर दी गई और उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई।आए दिन सामने आने वाली ऐसी घटनाएं बताती हैं कि आम भारतीय परिवारों में दहेज की वजह से उत्पीड़न और हत्या की घटनाएं आज भी एक भयावह वास्तविकता बनी हुई हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के एक आंकड़े के मुताबिक अकेले 2022 में दहेज की वजह से 6,516 महिलाओं की मौत हुई थी।माना जाता है कि परंपरा के नाम पर जारी कुछ अमानवीय कुप्रथाएं दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में समाज के वैसे हिस्से में चलन में होती हैं, जो किन्हीं वजहों से शिक्षा और प्रगतिशील मूल्यों से दूर रह गए या विकास के सफर में पिछड़ गए। मगर शायद यह बस एक धारणा है और दिल्ली, नोएडा या किसी बड़े महानगर में भी कई लोग कुरीतियों के निर्वाह को लेकर उतने ही संकीर्ण घेरे में जीते हैं।यह समझना मुश्किल है कि उच्च शिक्षित और आधुनिक मूल्यों के साथ जीने वाले कथित संभ्रांत परिवारों के भीतर भी दहेज जैसी विकृत परंपरा के प्रति इतना मोह क्यों बचा हुआ है कि वे बहू के उत्पीड़न और कई बार हत्या कर देने की हद तक भी चले जाते हैं। विचित्र यह भी है कि ऐसे कई परिवार पहले से ही आर्थिक रूप से खासे समृद्ध होते हैं। इसके बावजूद उनके भीतर बहू के घर से धन हासिल करने की ऐसी अदम्य भूख होती है कि वे अपराध करने से भी नहीं हिचकते।समस्या की जटिलता को समझे बिना अक्सर दहेज कानूनों के दुरुपयोग का सवाल उठाया जाता है, लेकिन आज भी दहेज की वजह से उत्पीड़न, आत्महत्या और हत्या की घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि इस मसले पर कड़ी कानूनी कार्रवाई से लेकर जनजागरूकता अभियानों की सख्त जरूरत है।

*शुभेंदु सरकार के बड़े निर्णयों में वर्ष 2021 के चुनावों के बाद राज्य में हुई राजनतिक हत्याओं व हिंसक घटनाओं की सभी फाइलें खोलना भी है जिसके कारण ममता दीदी इतनी अधिक भयभीत हो गयीं कि वह काला कोट पहनकर हाईकार्ट पहुंच गयीं और 2021 की हिंसा से ध्यान भटकाने के लिए 2026 के चुनावों के बाद घटी कुछ छुटपुट घटनाओं को सनसनीखेज बताने का असफल प्रयास किया।*

## शुभेंदु सरकार के त्वरित निर्णयों से उभरता नया बंगाल

**(मृत्युंजय दीक्षित)**

बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश के भगवावस्त्र धारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चरण स्पर्श किए थे और उनके शपथ ग्रहण में योगी जी ने अपना भगवा पटका उनके गले में डाला था तभी यह बात तय हो गई थी कि बंगाल भी उत्तर प्रदेश की तरह सांस्कृतिक पुनर्जागरण के मार्ग पर चलने वाला है। बंगाल में 69 वर्षों के अथक संघर्ष के बाद बनी शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अपने चुनावी संकल्प पत्र के अनुरूप काम पर लग गई है। सत्ता परिवर्तन होते ही सभी धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर बंद करवाए गए। अवैध बूचड़खानों पर बुलडोजर एक्शन के आदेश जारी हुए। सभी विद्यालयों में अब सम्पूर्ण वंदेमातरम का गायन अनिवार्य कर दिया गया है। सड़कों पर नमाज व अन्य धार्मिक गतिविघियों पर पाबंदी लगा दी गई है। सीमा पर फेंसिंग के लिए सीमा सुरक्षा बल को जगह दे दी गई है और सम्पूर्ण भूमिहस्तांतरण निर्णय के 45 दिन में पूरा हो जाएगा। चिकन नेक क्षेत्र केंद्र को सौंप दिया गया है। धार्मिक आधार पर चलने वाली योजनाएं जैसे इमामों को वेतन बंद कर दिया गया है। आर.जी.कर केस की फाइल दोबारा खुलने के आदेश हो गए हैं। आयुष्मान भारत जैसी केंद्रीय जन कल्याण योजनाएं अब बंगाल पहुँच रही हैं। शुभेंदु सरकार की गति और संकल्प सिद्धि के प्रयासों से जुड़े निर्णयों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ने लगा है। हालत यह हो गई है पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी का डायमंड हार्बर मॉडल का पुष्पा जहागीर खान बहाना बनाकर फलटा विधानसभा उपचुनाव में ठीक उसी समय पलटा मारकर कर भाग गया जब मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनने के लिए रोड शो निकाल रहे थे। यह वही क्षेत्र है जहां विधानसभा चुनावों के दौरान ईवीएम मशीन पर भाजपा के चुनाव चिन्ह के आगे काला टेप लगा दिया गया था। यूपी के एक तेजतर्रार पुलिस अफसर अजय पाल शर्मा की आब्जर्वर के रूप में नियुक्ति हुई थी जिसके बाद जहांगीर खान ने पोस्टर जारी करके अपने आप को पुष्पा बताने की जुर्रत की थी। आज वही तथाकथित पुष्पा चुनावी मैदान बीच में छोड़कर भाग खड़ा हुआ। यह भय बनाम भरोसे में भरोसे की एक और बड़ी जीत है। यह सब कुछ हिंदुओं की एकजुटता और उनके जागरण से ही संभव हो सका है अगर हिंदू समाज आगे भी इसी प्रकार एकजुट रहता है तो सनातन का अपमान करने व उन्हें भयभीत करने वाले लोग इसी प्रकार से स्वतः प्रेरणा से भागते रहेंगे। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश के भगवावस्त्र धारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चरण स्पर्श किए थे और उनके शपथ ग्रहण में योगी जी ने अपना भगवा पटका उनके गले में डाला था तभी यह बात तय हो गई थी कि बंगाल भी उत्तर प्रदेश की तरह सांस्कृतिक पुनर्जागरण के मार्ग पर चलने वाला है। बंगाल में भी दंगाइयों व उत्पातियों का इलाज यूपी की ही तरह होगा। कोलकाता के जिस थाने पर दगांइयों ने हमला करने का प्रयास किया था वहां मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी खुद पहुंचे और पुलिस बलों का मनोबल बढ़ाते हुए दंगाइयों व उपद्रवियों के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाने को कहा। मुख्यमंत्री अधिकारी ने कहा कि पुलिस पहले ममता दीदी के गुंडों से डरती थी किंतु अब समय बदल चुका है। शुभेंदु सरकार के बड़े निर्णयों में वर्ष 2021 के चुनावों के बाद राज्य में हुई राजनतिक हत्याओं व हिंसक घटनाओं की सभी फाइलें खोलना भी है जिसके कारण ममता दीदी इतनी अधिक भयभीत हो गयीं कि वह काला कोट पहनकर हाईकार्ट पहुंच गयीं और 2021 की हिंसा से ध्यान भटकाने के लिए 2026 के चुनावों के बाद घटी कुछ छुटपुट घटनाओं को सनसनीखेज बताने का असफल प्रयास किया। जब वह कोर्ट परिसर से बाहर निकलने लगीं तब वकीलों के एक बड़े समूह ने उन्हें घेर लिया और चोर -चोर के नारे लगाए। बंगाल में अब सीबीआई तथा ईडी जैसे केंद्रीय जांच एजेंसियों का प्रवेश संभव हो गया है, जिससे वहां 69 वर्षों में हुए घोटालों की जांच में गति आएगी। ईडी ने टीएमसी के बड़े नेताओं को हिरासत में ले भी लिया है। शुभेंदु अधिकारी के 145 एकड़ जमीन बीएसफ को देने के ऐतिहासिक निर्णय से बांग्लादेशी घुसपैठ की रोकथाम में महत्वपूर्ण सफलता मिलने की आशा है क्योंकि बांग्लादेश से लगी हुई बंगाल की लंबी खुली सीमा से बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठिए आसानी प्रवेश कर लेते थे। अब सीमा पर तीव्रता के साथ फेंसिंग का कार्य होगा। बंगाल में मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए धर्म के आधार पर चलने वाली सभी योजनाएं बंद कर दी गई हैं। नई सरकार ने वोटबैंक के पुराने ढर्रे को ध्वस्त करने के एजेंडे पर आगे बढ़ चुकी है। बंगाल कैबिनेट ने धर्म के आधार पर चलाई जा रही सभी वित्तीय सहायता योजनाओ को पूरी तरह से बंद करने का निर्णय लिया है। यह मात्र एक प्रशासनिक निर्णय नहीं अपितु बंगाल की राजनीतिक दिशा को बदलने वाला वैचारिक परिवर्तन है। चुनावी बिसात पर इमामों, मुअज्जिनों और पुरोहितों के लिए शुरू की गई मासिक भत्ता पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। बंगाल के खेल मंत्री नीशिथ प्रामाणिक ने कोलकाता के युवा भारती क्रीडांगन परिसर में लगी व लोगो वाली फुटबालर की आधी प्रतिमा को तोड़े जाने का आदेश दिया है, बंगाल सरकार की विभिन्न वेबसाइटो से भी इसे हटाया जा रहा है। दिसंबर 22 में अर्जेंटीना के फुटबॉलर मेसी के कार्यक्रम में मची भगदड़ और कुप्रबंधन की जांच की जाएगी। उस घटना की फाइलें खोलने के आदेश जारी हो चुके हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी व अन्य सभी सहयोगी मंत्री यह बात लगातार कह रहे हैं कि जिन लोगों ने बंगाल को लूटा और जनता के मन मे भय पैदा किया उन सभी पर कार्यवाही जरूर की जाएगी। बंगाल में अब आयुष्मान भारत योजना सहित केंद्र सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं के लागू होने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। भाजपा ने बंगाल की महिलाओं से किए गए वादों को भी लागू करना भी आरंभ कर दिया है। आगामी एक जून 2026 से महिलाओं को 3000 रुपये की मासिक सहायता वाली अन्नपूर्णा योजना को भी मंजूरी दे दी गई है। बंगाल की महिलाओ को बस में फ्री यात्रा की सुविधा भी मिलने जा रही है। सरकारी कर्मचारियों के साथ किया गया 7वें वेतन आयोग का वादा भी पूरा होने जा रहा है। बंगाल मे पड़ोसी राज्यों से ट्रकों की आवाजाही के दौरान 100 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की जो कटमनी टीएमसी के गुंडे वसूल रहे थे उनके अनधिकृत टोल नाके बंद किए जाने के आदेश आ चुके हैं। बंगाल का आलू अब पूरे भारत में जाएगा। बंगभूमि पर वंदेमातरम की गूंज व जयश्रीराम का नारा सुनाई दे रहा है। बंगाल परिवर्तन की डगर पर चल पड़ा है। भय पर भरोसे की विजय हो रही है। **(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## उर्वरक उपयोग में 50% कमी से खेती-किसानी में आएगा क्रान्तिकारी बदलाव

**(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)**

प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक कटौती का आग्रह किया है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने के लिए जहां एक और जैविक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है वहीं पीएम प्रणाम योजना में राज्यों को प्रोत्साहित करने की व्यवस्था है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले दिनों देशवासियों से किये गए सात आग्रहों में से एक आग्रह रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक कमी लाने का आग्रह है। इसमें कोई दो राय नहीं कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुध उपयोग के दुष्परिणामों को लेकर गत कई सालों से गंभीर आग्रह किये जा रहे हैं। प्रति हैक्टेयर कृषि उत्पादन सेचुरेशन स्तर पर पहुंच गया है तो मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नुकसान पहुंच रहा है, मिट्टी और जल प्रदूषण उच्च स्तर पर पहुंच गया है तो रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से केंसर जैसी बीमारियों का दायरा बहुत अधिक बढ़ गया है। होना तो यहां तक लग गया है कि अत्यधिक खाद्यान्न उत्पादन वाले किसान और प्रदेश अपने दैनिक उपभोग के लिए जैविक खाद्यान्न या अन्य प्रदेशों के खाद्यान्न के उपयोग पर जोर देने लगे हैं। इसके साथ ही यह भी एक तथ्य है कि देश में लाख प्रयासों के बावजूद रासायनिक उर्वरकों का आयात लगातार बढ़ता जा रहा है। विदेशों से 979 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात में से ईंधन के बाद बहुत अधिक आयात राशि उर्वरकों पर भी व्यय होती है। देश में करीब 600 लाख टन उर्वरकों की खपत है तो 2030 तक 700 से 800 लाख टन तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। तस्वीर का एक पक्ष यह है कि रासायनिक उर्वरकों में देश की मांग के शत-प्रतिशत पोटाश की विदेषों से आयात पर निर्भरता है तो फास्फेट के तकरीबन 90 प्रतिशत और यूरिया के करीब 25 प्रतिशत तक आयात पर निर्भरता है। मजे की बात यह भी है कि यूरिया की आयात निर्भरता तो करीब 25 प्रतिशत तक है पर यूरिया उत्पादन के लिए काम में आने वाली प्राकृतिक गैस की जरुरत करीब 80 प्रतिशत तक विदेशों से आयात से ही संभव हो पाती है। एक मोटे अनुमान के अनुसार रासायनिक उर्वरकों पर दो लाख करोड़ के आसपास अनुदान राषि दी जा रही है। प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक कटौती का आग्रह किया है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने के लिए जहां एक और जैविक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है वहीं पीएम प्रणाम योजना में राज्यों को प्रोत्साहित करने की व्यवस्था है। प्रधानमंत्री का आग्रह है कि 10 प्रतिशत फर्मेंटेड खाद का उपयोग बढ़ाकर किसान बड़ा सहयोग दे सकते हैं। जून 2023 में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने को प्रोत्साहित करने के लिए केन्द्र सरकार ने प्रोत्साहन योजना लागू की है। योजना के अनुसार रासायनिक उर्वरकों के तीन साल के औसत उपयोग से खपत कम करने पर अनुदान के रुप में बचाई गई राशि की 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकारों को प्रोत्साहन के रुप में देने की व्यवस्था की गई है। इसमें से 70 प्रतिशत राशि गांवों में वैकल्पिक उर्वरक यानी जैविक खाद उत्पादन व तकनीक के विस्तार पर व्यय करने पर जोर दिया जा रहा है वहीं 30 प्रतिशत राशि रासायनिक उर्वरकों की खपत करने के लिए काश्तकारों को जागरुक करने, अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने आदि पर व्यय करने का प्रावधान है। विषेषज्ञों का मानना है कि फर्मेंटेड खाद के उपयोग से रासायनिक उर्वरकों की खपत में अच्छी खासा कमी लाई जा सकती है।

## आज का राशिफल

### मेष
विवाहयोग्य जातकों के विवाह की चर्चा हो सकती है। नयी परियोजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। घर के सदस्यों में आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। प्रेमीजन के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। रुक-रुक कर आपके सभी कार्य पूर्ण हो जायेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। प्रियजनों के साथ आनन्दयुक्त समय बितायेंगे।

### वृष
व्यवसाय में लाभ के उत्तम अवसर मिलने से उत्साहित रहेंगे। किन्तु कुछ लोग आपके सरल स्वभाव का लाभ उठा सकते हैं। पैतृक सम्पत्ति का लाभ प्राप्त होगा। बड़े भाई-बहनों के साथ सम्बन्ध सुधरेंगे। सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपकी छोटी गलतियों को लोग बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने का प्रयास सकते हैं।

### मिथुन
आज कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी। कारोबार में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। आशानुरूप परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्राओं से लाभ प्राप्त होगा। मित्रों के सहयोग से आपके सभी कार्य आसानी से हो जायेंगे।

### तुला
अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास बनाये रखें। अव्यावहारिक व्यवहार के कारण आपको कुछ परेशानी हो सकती है। लम्बी दूरी की यात्राओं में जाना पड़ सकता है। नकारात्मक व्यवहार से बचने का प्रयास करें। मित्रों के साथ चर्चा करने से मन प्रसन्न होगा। प्रियजनों के साथ आनन्दयुक्त समय बितायेंगे।

### वृश्चिक
नयी नौकरी की शुरुआत कर रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाने की कोशिश करें। जीवनसाथी के साथ तनाव में वृद्धि हो सकती है। परिस्थितियों को सम्भालने में थोड़ी कठिनायी होगी। प्रियजनों के साथ आनन्दयुक्त समय बितायेंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा। बड़े बुजुर्ग आप से असन्तुष्ट हो सकते हैं।

### धनु
आज आप दवाओं पर धन खर्च कर सकते हैं। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों की आय बढ़ने की सम्भावना प्रबल है। आपके व्यवहार की लोग प्रशंसा कर सकते हैं। जीवनसाथी की सलाह आपके काफी काम आने वाली है। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। प्रियजनों के साथ आनन्दयुक्त समय बितायेंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा।

### कर्क
आज पूरा दिन काफी अच्छा बीतेगा। जीवनसाथी के साथ आपकी नजदीकी बढ़ेगी। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने की सम्भावना है। सन्तान से शुभ समाचार प्राप्त होगा। आपका ध्यान व्यर्थ गतिविधियों में जा सकता है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हो सकते हैं।

### सिंह
आपके मन में अच्छे विचारों का प्रभाव रहेगा। अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। किसी गम्भीर समस्या का आपको समाधान मिल सकता है। बीमार लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। कार्य व्यवसाय में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। अचानक उच्च पद मिलने की सम्भावना है। प्रियजनों के साथ आनन्दयुक्त समय बितायेंगे।

### कन्या
आज बिना मतलब की बातों में समय बर्बाद न करें। मन की इच्छाओं को प्रकट करने से बचें। गले और छाती में विकार उत्पन्न हो सकते हैं। छात्र अपने भविष्य को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। वाहन में खराबी आ सकती है। प्रियजनों के साथ आनन्दयुक्त समय बितायेंगे।

### मकर
अपनी गलतियों की जिम्मेदारी स्वयं लें, दूसरों पर न लादें। आपकी रचनात्मक कार्यों में अभिरुचि बढ़ेगी। वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। आवेगपूर्ण व्यवहार से आपको बचना चाहिये। पेट में मरोड़ उठने की सम्भावना है। व्यवसाय में लाभ के अवसर चूक सकते हैं। प्रियजनों के साथ आनन्दयुक्त समय बितायेंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा।

### कुंभ
व्यवसाय में लक्ष्य तय समय पर प्राप्त कर लेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन सफलता मिलने के आसार हैं। प्रियजनों के साथ आनन्दयुक्त समय बितायेंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा। घर की बातें कहीं बाहर न जायें, इसका ध्यान रखें। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। आपका ध्यान व्यर्थ गतिविधियों में जा सकता है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा।

### मीन
मानसिक रूप से सन्तुष्ट रहेंगे। अनावश्यक बातों में समय नष्ट न करें। व्यापार में जबरदस्त गति होने की सम्भावना है। नौकरीपेशा लोगों को परेशानी हो सकती है। अपने खर्चों का हिसाब रखें। जीवनसाथी से कड़वी बातें सुननी पड़ेगी। प्रियजनों के साथ आनन्दयुक्त समय बितायेंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6101

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 6101

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | 9 | | 10 | ■ |
| ■ | 11 | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 |
| 16 | ■ | 17 | | | | ■ | |
| 18 | 19 | ■ | | ■ | 20 | 21 | |
| 22 | | ■ | 23 | | ■ | | ■ |
| 24 | | | | ■ | 25 | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह दुनिया का सबसे युवा देश है इसकी पचास प्रतिशत आबादी 15 वर्ष से कम आयु की है (4)
5. आर.के.नारायण के उपन्यास पर आधारित फिल्म जिसमें देवआनंद व वहीदा रहमान मुख्य भूमिकाओं में थे (3)
7. जयशंकर प्रसाद का प्रसिद्ध प्रबंध काव्य (4)
8. मेरा या मेरी (2)
9. प्रभात काल, अरूण काल, उषाकाल, दिनमुख (3)
11. महातलवासी आठ नागों में से एक जिसने श्रृंगी ऋषि के शाप के कारण इसने राजा परीक्षित को डंसा था (3)
14. राजीव, पंकज (3)
17. छत्रपति शिवाजी का शस्त्र (4)
18. भला, पुण्यकर्ता, सदाशय (2)
20. विनम्र संवाद, नगण्य व्यक्ति (3)
22. मिथ्या संवाद, झूठी खबर (2)
23. मुस्लिम रीति से विवाह (निकाह) करवाने वाला (2)
24. चुनौती, आवहान, हुंकार (4)
25. सादृश्य, शास्त्रीय संगीत में षड्ज स्वर (1)

**ऊपर से नीचे**

1. असफल (3)
2. पेशवाई, नमाज पढ़ना (4)
3. फतह, विजय, जीत (2)
4. रणी का अपभ्रंश, छूमंतर करना (6)
6. कश्मीर की प्रसिद्ध झील (2)
10. सर्वनाम उत्तम पुरूष में बहुवचन एक जैसा (2)
12. आहत, जख्मी, घायल (2)
13. साहित्य लेखक, अक्षर जीवी (5)
15. स्वादिष्ट, सुस्वाद, मजेदार (उर्दू)(3)
16. पश्चिमी अफ्रीका के उभार पर स्थित इस देश की राजधानी डकार है (4)
19. युग्म, जोड़ा (अंग्रेजी)(3)
21. मुद्रा जारी करने वाला यह प्रथम देश है (2)

### वर्ग पहेली 6100 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न्ना | डे | ■ | ■ | ड | म | रू |
| हे | ■ | ह | क | ब | का | ना | ■ |
| श | ब | री | ■ | द | र | मा | ■ |
| भू | ल | ■ | दा | न | ■ | ■ | श |
| प | वा | ई | ■ | सी | ना | जो | री |
| ति | न | का | ■ | ब | ल | ■ | फ |
| ■ | ■ | रां | गा | ■ | ■ | र | जा |
| स | म | त | ल | ■ | आ | मा | दा |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# खेल और युवा शक्ति का महाकुंभ | 24 मई को देशभर में चलेंगी साइकिल

## 'कॉमनवेल्थ गेम्स डे' पर 8000 जगहों पर फिट इंडिया इवेंट



**नई दिल्ली।** भारत 24 मई 2026 को 'कॉमनवेल्थ गेम्स डे' के अवसर पर फिटनेस और खेल संस्कृति को नई ऊंचाई देने जा रहा है। 'खेल और युवा शक्ति का महाकुंभ' बने इस खास दिन देश भर में आठ हजार से अधिक स्थानों पर 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' अभियान के तहत लाखों लोग साइकिल चलाते नजर आएंगे।

इस राष्ट्रव्यापी आयोजन का मुख्य केंद्र गुजरात का अहमदाबाद होगा, जहां इस अभियान का ऐतिहासिक 75वां एडिशन आयोजित किया जाएगा। 'ए न्यू आइकन फॉर ए फिटर इंडिया-पेडलिंग टू 2030' अर्थात 'फिट इंडिया की नई पहचान- 2030 की ओर बढ़ते साइकिल के कदम' थीम के साथ होने वाला यह मेगा इवेंट भारत के फिट और खेल महाशक्ति बनने के विजन को भी दुनिया के सामने पेश करेगा।

### इस प्रकार हैं आयोजन के मुख्य आकर्षण

विशेष प्रदर्शनी : कार्यक्रम में कॉमनवेल्थ गेम्स थीम पर एक खास प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें पिछले 12 वर्षों में भारत की खेल उपलब्धियां, 'खेलो इंडिया मिशन' और खेल उपकरण बनाने से जुड़ी पहलें दिखाई जाएंगी। जन सहभागिता : देशभर में केंद्रीय मंत्री, सांसद और अन्य जनप्रतिनिधि लोगों के साथ साइकिल चलाएंगे। इस अभियान में लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।
**बड़ा रिकॉर्ड :** फिट इंडिया अभियान के अब तक 74 संस्करण हो चुके हैं। इसके जरिये 3.07 लाख जगहों तक पहुंच बनाई गई है और 50 लाख से ज्यादा साइकिल चालकों के साथ 7 करोड़ भारतीय इससे जुड़ चुके हैं।

# विराट कोहली इतिहास रचने से 58 रन दूर

## गेल, वॉर्नर और राहुल को छोड़ देंगे पीछे



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 (ढ्ढक्करु2026) में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 13 मैचों में 542 रन बनाए हैं। अगर वह इस सीजन में 58 रन और बना लेते हैं तो इतिहास रच देंगे। 58 रन बनाने पर उनके 600 रन पूरे हो जाएंगे। इसके साथ वह आईपीएल में लगातार 4 सीजन में 600 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। वह क्रिस गेल, डेविड वॉर्नर और केएल राहुल से आगे निकल जाएंगे। विराट कोहली ने 2023, 2024 और 2025 में 600 से ज्यादा रन बना चुके हैं। क्रिस गेल ने 2011, 2012 और 2013 में ऐसा किया था। डेविड वॉर्नर ने 2016, 2017 और 2019 में ऐसा किया था। केएल राहुल ने 2020, 2021 औ 2022 में ऐसा किया था।

# आईपीएल के बीच विजय शंकर ने किया संन्यास का ऐलान

## 2019 वनडे विश्व कप टीम का रह चुका हिस्सा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हरफनमौला विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से शुक्रवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह 'क्रिकेट खेलना' जारी रखने के लिए 'नए अवसरों की तलाश' करेंगे। तमिलनाडु के 35 वर्षीय शंकर ने 2025-26 सत्र में त्रिपुरा टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2018 से 2019 के बीच भारत के लिए 12 वनडे और 9 टी20 मैच खेले। शंकर ने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की घोषणा करते हुए लिखा, क्रिकेट मेरी जिंदगी है। मैंने 10 साल की उम्र में खेलना शुरू किया और 25 साल बाद हर स्तर पर और उच्चतम स्तर तक खेलने के लिए आभारी और धन्य महसूस करता हूं। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा मेरे सबसे गौरवपूर्ण और खुशी के पलों में से एक रहेगा। मैंने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया है ताकि नए अवसरों की तलाश कर सकूं और क्रिकेट खेलना जारी रख सकूं। बीसीसीआई और भारतीय क्रिकेट टीम का मैं हमेशा आभारी रहूंगा। नागपुर में भारत के 500वें वनडे में आखिरी ओवर फेंकना और 2019 विश्व कप में पहली गेंद पर पहला विकेट लेना मेरे लिए अविस्मरणीय पल हैं। शंकर 2019 में वनडे विश्व कप टीम का हिस्सा भी थे। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ मैनचेस्टर में राष्ट्रीय टीम के लिए अपना आखिरी मैच खेला था। पैर के अंगूठे की चोट के कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा और फिर वह टीम में वापसी नहीं कर सके।

# 'विनेश फोगाट को ट्रायल में हिस्सा लेने दें'

## दिल्ली हाई कोर्ट ने WFI को लगाई फटकार, कहा- किसी भी कीमत पर खेल का नुकसान नहीं हो



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मशहूर महिला पहलवान विनेश फोगाट को घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए 'अयोग्य' घोषित करने के फैसले के लिए शुक्रवार (22 मई) को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फटकार लगाई और केंद्र को उनका मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने टिप्पणी की कि डब्ल्यूएफआई का शीर्ष खिलाड़ियों को भाग लेने की अनुमति देने की पूर्व प्रथा पर नहीं चलना 'बहुत कुछ कहता है'।

पीठ ने केंद्र से यह सुनिश्चित करने को कहा कि फोगाट को आगामी एशियाई खेलों के चयन ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दी जाए। विनेश फोगाट मातृत्व अवकाश के बाद खेल में वापसी करना चाहती हैं। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि देश में मातृत्व का जश्न मनाया जाता है और संघ को 'प्रतिशोध' की भावना से कार्य नहीं करना चाहिए। अदालत ने केंद्र से फोगाट का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने को कहा, क्योंकि सरकारी वकील ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के नियम कुछ मामलों में पात्रता मानदंडों में छूट देते हैं।

### एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती

अदालत ने मौखिक रूप से कहा, 'विशेषज्ञों से उसकी संभावनाओं का मूल्यांकन करने को कहें। यह सुनिश्चित करें कि वह भाग ले सके।' अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वह दोपहर 2 :30 बजे इस मामले पर फिर से सुनवाई करेगी ताकि सरकारी वकील टीम के गठन के संबंध में और अधिक जानकारी पेश कर सकें। अदालत फोगाट की उस अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने 18 मई को एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी थी।

### कारण बताओ नोटिस पर नाराजगी

वकील ने यह तर्क दिया कि नौ मई को गोंडा में एक घरेलू प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी से एक दिन पहले उनको कारण बताओं नोटिस दिया गया जिसे यह पता चलता है कि कोई उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने से रोकने के लिए कोशिश कर रहा है। अदालत ने कारण बताओ नोटिस पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए दावा किया कि पेरिस ओलंपिक में फोगाट की अयोग्यता 'राष्ट्रीय शर्म' की बात थी और सवाल उठाया कि यह क्यों नहीं माना जाना चाहिए कि डब्ल्यूएफआई ने उसके लिए चयन मानदंड बदल दिए थे।

### डोपिंगरोधी नियमों के तहत अयोग्य घोषित

अदालत में आगे कहा, 'सर्कुलर में किए गए बदलाव से सब कुछ स्पष्ट हो जाता है। इस तरह का व्यवहार न करें। यह खेलों के हित में नहीं है। पहले के सर्कुलर का पालन नहीं करना बहुत कुछ कहता है।' डब्ल्यूएफआई ने डोपिंगरोधी नियमों के तहत संन्यास से वापसी करने वाले खिलाड़ियों के लिए छह महीने की अनिवार्य नोटिस अवधि का हवाला देते हुए फोगाट को 26 जून, 2026 तक घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था।

### चयन मानदंड में बदलाव

अदालत ने कहा, 'वह जुलाई 2025 में मां बनीं। अभी मई का महीना है। वह अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पहलवान हैं। यह क्यों नहीं माना जा सकता कि आपने उनके लिए चयन मानदंड में बदलाव किया होगा? विवाद या मतभेद चाहे जो भी हो, खेल जगत को क्यों नुकसान होना चाहिए? देश में मातृत्व का जश्न मनाया जाता है, क्या इसकी कीमत किसी व्यक्ति को भुगतनी चाहिए?'

## आईपीएल 2026

# धर्मशाला में 26 मई को RCB-GT की महाभिड़ंत

## जीतने वाली टीम को मिलेगा फाइनल का टिकट




**धर्मशाला (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 अपने सबसे रोमांचक पड़ाव पर पहुंच चुका है। टूर्नामेंट का पहला क्वालीफायर महामुकाबला आगामी 26 मई (मंगलवार) को धर्मशाला के खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस नॉकआऊट मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स की टीमें सीधे फाइनल में एंट्री मारने के इरादे से मैदान पर उतरेंगी। यह ब्लॉकबस्टर मैच शाम 7-30 बजे से शुरू होगा।

26 मई को होने वाले इस हाई-वोल्टेज मुकाबले के नियम बेहद दिलचस्प हैं। जो भी टीम इस मैच को जीतेगी, वह सीधे आईपीएल 2026 के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेगी। वहीं, हारने वाली टीम का सफर यहां खत्म नहीं होगा, बल्कि उसे क्वालीफायर 2 के जरिए फाइनल में पहुंचने का एक और मौका मिलेगा।

### हैदराबाद से हारकर भी टॉप पर आरसीबी

इससे पहले शुक्रवार को खेले गए लीग मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 55 रनों के बड़े अंतर से हराया। हालांकि, इस करारी हार के बावजूद आरसीबी की टीम अपने शानदार नैट रन रेट और अंकों के दम पर प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर बनी हुई है।

### कप्तानों की असली परीक्षा, कोहली पर रहेंगी नजरें

इस महामुकाबले में आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार और गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल की रणनीतिक परीक्षा होगी। इसके साथ ही, पूरी दुनिया के क्रिकेट प्रेमियों की नजरें इस सीजन में शानदार फॉर्म में चल रहे दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली पर टिकी होंगी। कोहली के कंधों पर आरसीबी को एक मजबूत और विस्फोटक शुरुआत दिलाने की बड़ी जिम्मेदारी होगी।

### ग्रुप स्टेज में दोनों टीमें रही हैं बराबरी पर

अगर इस सीजन के ग्रुप स्टेज की बात करें, तो दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली है। दोनों टीमों ने एक-दूसरे के खिलाफ खेले गए दो मैचों में से एक-एक मैच अपने नाम किया है। आरसीबी ने अपने घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात टाइटन्स को 5 विकेट से शिकस्त दी थी। वहीं गुजरात टाइटन्स ने पलटवार करते हुए शानदार वापसी की और आरसीबी को 4 विकेट से धूल चटाई थी। ऐसे में धर्मशाला की पिच पर दोनों टीमों के बीच एक बार फिर कड़ी और रोमांचक टक्कर देखने को मिलने की पूरी उम्मीद है।



# रोनाल्डो ने दो गोल दागकर खत्म किया सऊदी अरब में खिताब का सूखा

**रियाद (एजेंसी)।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आखिर में सऊदी अरब में कोई बड़ी ट्रॉफी जीतने में सफल रहे। पुर्तगाल के इस 41 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के दो गोल की मदद से अल नासर ने दमाक के खिलाफ 4-1 से जीत हासिल की और इस तरह से सऊदी प्रो लीग का खिताब अपने नाम किया। रोनाल्डो के अल नासर क्लब में शामिल होने के तीन साल से अधिक समय बाद यह टीम की पहली बड़ी ट्रॉफी है। पुर्तगाल की विश्व कप टीम में शामिल किए जाने के ठीक दो दिन बाद रोनाल्डो ने ट्रॉफी उठाई। रोनाल्डो रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप में भाग लेंगे। इस जीत ने अल नासर को लीग में शीर्ष स्थान दिला दिया। वह अल-हिलाल से दो अंक आगे रहा।

# एलएसजी को बड़ा झटका, स्टार ऑलराउंडर मिचेल लीग के आखिरी मुकाबले से बाहर

**लखनऊ (एजेंसी)।** आईफीएळ 2026 में प्लेऑफ की रेस के बीच पंजाब किंग्स को बड़ा फायदा मिला है। लखनऊ सुपर जायंट्स के स्टार ऑलराउंडर मिचेल मार्श टीम के आखिरी लीग मुकाबले से बाहर हो गए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ 23 मई को होने वाले अहम मुकाबले से पहले मार्श का टीम से बाहर होना स्र्स्त्र के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

**ऑस्ट्रेलिया टीम से जुड़ने के लिए छोड़ा एलएसजी कैंप** - मिचेल मार्श पाकिस्तान दौरे पर होने वाली ऑस्ट्रेलिया की वनडे सीरीज के लिए स्र्स्त्र कैंप छोड़ चुके हैं। वह इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे। नियमित कप्तान पैट कमिंस को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज 30 मई से शुरू होगी, जो आईपीएल 2026 फाइनल से एक दिन पहले खेली जाएगी।

**एलएसजी के सबसे बड़े रन स्कोरर थे मार्श** - मिचेल मार्श इस सीजन लखनऊ सुपर जायंट्स के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने 13 पारियों में 563 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 43.30 और स्ट्राइक रेट



163.18 रहा। मार्श ने इस सीजन एक शतक और तीन अर्धशतक भी लगाए। वह ऑरेंज कैप की रेस में छठे स्थान पर हैं। उनकी गैरमौजूदगी में स्र्स्त्र की बल्लेबाजी और कमजोर पड़ सकती है, क्योंकि टीम पहले ही इस सीजन लगातार संघर्ष करती नजर आई है।

**जोश इंग्लिस खेलेंगे, लेकिन ओपनिंग में बदलाव तय** - हालांकि मिचेल मार्श टीम से बाहर हो गए हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में उपलब्ध रहेंगे। मार्श के बाहर होने के बाद अब सवाल यह है कि इंग्लिस के साथ ओपनिंग कौन करेगा। टीम के पास आयुष बदोनी, ऋषभ पंत और अर्शिन कुलकर्णी जैसे विकल्प मौजूद हैं। सीजन के शुरुआती मैचों में ऋषभ पंत भी ओपनिंग कर चुके हैं, जबकि अर्शिन कुलकर्णी को भी एक और मौका मिल सकता है।

### एडेन मार्करम भी टीम से बाहर

स्र्स्त्र को इससे पहले एडेन मार्करम के रूप में भी झटका लग चुका है। मार्करम निजी कारणों की वजह से टीम कैंप छोड़ चुके हैं। ऐसे में टीम की बल्लेबाजी लाइनअप काफी कमजोर नजर आ रही है।

### सम्मान बचाने उतरेगी एलएसजी

लखनऊ सुपर जायंट्स का आईपीएल 2026 सीजन बेहद निराशाजनक रहा है। टीम 13 मैचों में 9 हार के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे है। ऐसे में पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में टीम सिर्फ सम्मान बचाने के इरादे से उतरेगी।

# इतने अच्छे खिलाड़ी को बाहर नहीं रख सकते

## • जायसवाल की अनदेखी पर भड़के पूर्व चयनकर्ता एमएसके प्रसाद

**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने हाल ही में अफगानिस्तान सीरीज के लिए भारत की टेस्ट और वनडे टीम का ऐलान किया, लेकिन युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल को वनडे टीम में जगह नहीं मिली। इतना ही नहीं, उन्हें श्रीलंका में होने वाली इंडिया ए ट्राई सीरीज के लिए भी नहीं चुना गया। अब इस फैसले पर पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने नाराजगी जताई है।

**'जायसवाल को इंडिया ए टीम में होना चाहिए था'** - पूर्व चयनकर्ता एमएसके प्रसाद का मानना है कि यशस्वी जायसवाल जैसे प्रतिभाशाली बल्लेबाज को किसी भी फॉर्मेट से बाहर नहीं रखा जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, यशस्वी जायसवाल को कम से कम इंडिया ए टीम में जरूर चुना जाना चाहिए था। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की मौजूदगी में उन्हें शायद वनडे टीम में ज्यादा मौके नहीं मिलते, लेकिन श्रीलंका ट्राई सीरीज में भेजा जा सकता था।



**'इतने अच्छे खिलाड़ी को बाहर नहीं रख सकते'** - एमएसके प्रसाद ने कहा कि जायसवाल बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और उन्हें इस फैसले से निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, वह इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि किसी भी फॉर्मेट से बाहर नहीं रखे जा सकते। उन्हें इसे निराशा की तरह नहीं लेना चाहिए। वह मजबूत खिलाड़ी हैं और इससे और बेहतर बनेंगे।

**श्रेयस अय्यर का उदाहरण देकर समझाई बात** - प्रसाद ने अपने चयनकर्ता कार्यकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि क्रिकेट में कई बार शानदार प्रदर्शन के बावजूद खिलाड़ियों को इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने कहा, जब मैं चयन समिति का अध्यक्ष था, तब शानदार घरेलू प्रदर्शन के बावजूद हम श्रेयस अय्यर के लिए जगह नहीं बना पा रहे थे। क्रिकेट में ऐसा होता रहता है।

**आईपीएल 2026 में शानदार फॉर्म में रहे जायसवाल** - राजस्थान रॉयल्स के स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 13 मैचों में 370 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 33.64 और स्ट्राइक रेट 159.48 रहा। उन्होंने सीजन में तीन अर्धशतक लगाए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुवाहाटी में खेली गई नाबाद 77 रन की पारी उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा।

## न्यूज बाइट्स

### रफीगंज महादेव मंदिर की पहली वर्षगांठ

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज के थाना गली स्थित शिव पंचायतन श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर की पहली वर्षगांठ शनिवार को मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ब्लू मिश्र ने विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई। वर्षगांठ समारोह के दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महाआरती में भी कई श्रद्धालु शामिल हुए। पूजा समिति के संयोजक राजू गुप्ता ने बताया कि इस स्थान पर प्राचीन ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर पहले से ही मौजूद था।

### फाइनेंस कर्मी ने थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग

# 12.65 लाख की ठगी, माइक्रो फाइनेंस कंपनी का पूर्व मैनेजर पैसे लेकर फरार

**निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)**



जिले के अंबा थाना क्षेत्र में करीब 12 लाख 65 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप माइक्रो फाइनेंस कंपनी के पूर्व शाखा प्रबंधक पर लगा है, जो ग्राहकों से वसूली की गई रकम लेकर फरार हो गया। इस मामले में स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड के कर्मी अंकुर तिवारी ने अंबा थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, शाखा के पूर्व मैनेजर सुनील कुमार गया जिले के सरैया बाजार के रहने वाले हैं। आरोप है कि ग्राहकों से वसूले गए 2 लाख 63 हजार 879 रुपए बैंक में जमा करने के लिए निकले थे, लेकिन उसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और उनसे संपर्क नहीं हो सका। मामले की जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी ने चिल्हकी गांव के मकान मालिक अमरेश कुमार पांडेय से भी करीब 10 लाख रुपए कर्ज के रूप में लिए थे। मकान मालिक का कहना है कि आरोपी पहले भी बैंक संबंधी कार्य का हवाला देकर कई बार रुपए ले चुका था और समय पर लौटा देता था, लेकिन इस बार रकम लेकर फरार हो गया। काफी देर तक शाखा प्रबंधक के कार्यालय नहीं पहुंचने पर कंपनी कर्मियों ने इंडियन बैंक, अंबा बाजार, बस स्टैंड समेत कई स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में मामले की सूचना कंपनी के उच्च अधिकारियों को दी गई। अधिकारी आरोपी के पैतृक गांव सरैया बाजार भी पहुंचे, जहां उसके परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ की गई। परिजनों ने संपर्क होने पर पैसा लौटाने का आश्वासन दिया है।

फिलहाल कंपनी की ऑडिट टीम पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। फील्ड वेरिफिकेशन के जरिए ग्राहकों के पैसे के गबन की स्थिति स्पष्ट की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट पुलिस को सौंपी जाएगी। अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि अंकुर तिवारी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी सुनील कुमार पर करीब 12.65 लाख रुपए गबन करने का आरोप है। पुलिस मामले की जांच और आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

### औरंगाबाद में जाम से राहत की तैयारी

# ऑटो परिचालन के लिए बनाए गए सात रूट

**एसवीीव संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद शहर में लगातार बढ़ रही यातायात समस्या और जाम से लोगों को राहत दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। शहर में ऑटो परिचालन व्यवस्था को पूरी तरह व्यवस्थित करने की दिशा में प्रशासन ने नई योजना तैयार की है। इसके तहत शहर में चलने वाले ऑटो वाहनों के लिए सात अलग-अलग रूट निर्धारित किए गए हैं। साथ ही प्रत्येक रूट के लिए अलग-अलग कलर कोडिंग भी लागू की जाएगी, ताकि यात्रियों और यातायात पुलिस को रूट पहचानने में आसानी हो सके। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी की अध्यक्षता में ऑटो एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, मोटरयान निरीक्षकों और प्रवर्तन अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगने वाले जाम, अनियंत्रित ऑटो परिचालन और यातायात व्यवस्था में सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र, कार्यालय कर्मी, मरीज और बाजार आने वाले आम लोग लंबे समय तक जाम में फंसे रहते हैं। प्रशासन का मानना है कि यदि ऑटो संचालन को रूटवार व्यवस्थित कर दिया जाए तो यातायात व्यवस्था में काफी सुधार आएगा। प्रशासन का कहना है कि इससे यात्रियों को सही वाहन चुनने में आसानी होगी और ट्रैफिक पुलिस के लिए भी वाहनों की निगरानी करना सरल हो जाएगा। कलर कोडिंग व्यवस्था लागू होने के बाद किसी भी ऑटो को निर्धारित रूट छोड़कर दूसरे मार्ग पर संचालन की अनुमति नहीं होगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ऑटो चालकों को निर्धारित रूट के लिए आवेदन करना होगा। जिला परिवहन कार्यालय की ओर से जल्द आवेदन पत्र जारी किए जाएंगे। रूट आवंटन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा।

प्रशासन ने सभी ऑटो मालिकों और चालकों को सात दिनों के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। आवेदन के बाद वाहनों का सत्यापन किया जाएगा और उसके बाद संबंधित रूट आवंटित किए जाएंगे। नई व्यवस्था के तहत जिन सात रूटों को चिन्हित किया गया है, उनमें महाकाल मंदिर से कर्मा भगवान पुलिस लाइन, रमेश चौक से जसोईया मोड़, बद्रीनाथ मार्केट से रामाबांध बस स्टैंड, रमेश चौक से सिन्हा कॉलेज, रमेश चौक से फारम तक का मार्ग शामिल है।

#### शहर में बढ़ती भीड़ बना परेशानी का कारण

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि शहर में बड़ी संख्या में ऑटो बिना निर्धारित व्यवस्था के अलग-अलग मार्गों पर संचालित हो रहे हैं। कई ऑटो चालक सड़कों पर कहीं भी वाहन रोककर सवारी बैठाने और उतारने लगते हैं, जिससे मुख्य बाजारों और चौक-चौराहों पर अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। खासकर रमेश चौक, काली क्लब, धर्मशाला चौक, बस स्टैंड और जसोईया मोड़ जैसे इलाकों में लोगों को हर दिन परेशानी झेलनी पड़ती है।

#### प्रत्येक रूट के लिए होगी अलग कलर कोडिंग

नई व्यवस्था के तहत सभी निर्धारित रूटों को अलग-अलग रंगों से चिन्हित किया जाएगा। जिस रूट पर ऑटो चलेगा, उस रूट का रंग वाहन पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। इससे यात्रियों को दूर से ही यह पता चल जाएगा कि कौन-सा ऑटो किस मार्ग पर जा रहा है।

# उर्वरक निगरानी समिति की बैठक, किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें किसानों को समय पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, रबी एवं खरीफ फसलों के अनुरूप कृषि विभाग की तैयारियों तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने समेत विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में किसानों को निर्बाध रूप से खाद उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि उर्वरकों की कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए और किसी भी स्तर पर किसानों को परेशानी नहीं होने दी जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी एवं व्यवस्थित रहे। बैठक के दौरान जैविक खेती को बढ़ावा देने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों को किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक करने तथा सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

# जनगणना 2027 के हाउस लिस्टिंग कार्य में प्रगति, 98.36 प्रतिशत कार्य पूरा

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस (एचएलबी) कार्य तेजी से जारी है। जिला पदाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अब तक 98.36 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। 23 मई 2026 तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 5189 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स निर्धारित हैं, जिनमें से 5104 एचएलबीएस का कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में 85 एचएलबीएस में कार्य जारी है। दाउदनगर नगर परिषद, देव, मदनपुर, जम्होर नगर पंचायत, गोह, रफीगंज, बारुण एवं नवीनगर प्रखंडों में 100 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं कुटुंबा, हसपुरा, दाउदनगर एवं देव प्रखंडों में 99 प्रतिशत से अधिक कार्य संपन्न हो चुका है। डीएम अभिलाषा शर्मा ने सभी अधिकारियों एवं प्रगणकों को शेष कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें शत-प्रतिशत शुद्धता और समयबद्धता आवश्यक है।

### जाने कहां गये वो दिन, रहते थे जब तेरी राहों में

# साहित्यिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से संपन्न जिला औरंगाबाद





**अरविन्द अकेला**

औरंगाबाद, मेरा नाम जोकर का वो गाना 'जाने कहां गये वो दिन कहते थे जब तेरी राहों में' आज भी बड़ा प्रासंगिक है। औरंगाबाद की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक बिरासत आज भी काफी समृद्ध है। साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं पत्रकारिता की दृष्टि से लोकप्रिय औरंगाबाद जिला ने पिछले 50 वर्षों में कई साहित्यकारों, कवियों, लेखकों, कहानीकारों, कथाकारों, शायरों, कलाकारों एवं पत्रकारों को खोया है जो हमारी सांस्कृतिक पहचान थे, जिले की शान थे जिनपर हम नाज़ करते थे। देव के भवानीपुर में जन्मे देश के लोकप्रिय साहित्यकार, कहानीकार एवं कथाकार कामता प्रसाद सिंह 'काम' हमारे जिला की शान थे जबकि उनके सुपुत्र, पूर्व सांसद एवं साहित्यकार डॉक्टर शंकरदयाल सिंह राष्ट्रीय पहचान थे। औरंगाबाद शहर से सटे भरथोली के रघुपति सिंह चौहान कई पुस्तकों के कवि, रचनाकार थे।औरंगाबाद के गेट स्कूल के पीछे रहनेवाले जैन कॉलेज, आरा के प्रोफेसर एवं कवि प्रोफेसर विश्वनाथ मिश्र 'चंचल' एवं मदनपुर के शिक्षक सह साहित्यकार कामेश्वर प्रसाद सिंह 'काम' किसी परिचय के मोहताज नहीं थे। मशहूर शायर प्रदीप रौशन को भुलाना सम्भव नहीं है।औरंगाबाद के दिनकर के नाम से जाने जानेवाले साहित्यकार मिथिलेश मिश्र मधुकर एवं हर दिल अजीज रचनाकार सावन औरंगाबादी को भला कौन भुला सकता है। उपरोक्त गुजरे हुए साहित्यकारों के अलावा वर्तमान साहित्यकारों, कवियों, शायरों में डॉक्टर सुरेंद्र कुमार मिश्रा, प्रोफेसर सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, डॉक्टर शिवनारायण सिंह, अनिल चंचल, शबीर हसन शबीर, श्रीराम रॉय, अरविन्द अकेला,कासिम, अलख देव प्रसाद अचल, योगेन्द्र उपाध्याय, उपेन्द्र कश्यप,सुषमा सिंह, प्रियदर्शी किशोर श्रीवास्तव, कासिम फरीदी, मोहम्मद जमील, विनय मामुली बुद्धि, धनंजय जयपुरी, नागेंद्र केशरी एवं सुरेश विद्यार्थी अपनी-अपनी रचनाओं के माध्यम से अपनी पहचान बनाये हुए हैं।

औरंगाबाद जिला के गुज़रे हुए कलाकारों की बात की जाय तो उसमें प्रथम नाम डॉक्टर ललिता प्रसाद का आता जो लोहा सिंह के नाम पर राष्ट्रीय स्तर के विख्यात थे।इसके बाद डॉक्टर जनार्दन प्रसाद सिंह,प्रदीप रौशन का आता है जो जिला की शान थे।आज के जीवित कलाकारों में सी पी सन्यासी, बृजेश जी,आफताब राणा, संजय सिन्हा एवं उदय कृष्ण को भला कौन भुला सकता है। पत्रकारिता के क्षेत्र में भी यह जिला काफी समृद्ध रहा है। गुजरे हुए पत्रकारों में नौलाख सिंह,अनिरुद्ध प्रसाद सिंह,श्री कृष्ण बल्लभ प्रसाद सिंह उर्फ नीलम बाबु, श्रीधर मिश्र,जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता,लल्लू प्रसाद सिंह,गोपाल प्रसाद सिंह एवं सोहेल अहमद अंसारी को भला कौन भूला सकता है। आज के जीवित पत्रकारों में सोन वर्षा वाणी के प्रधान संपादक श्रीराम अंबष्ट, आकाश वाणी के पत्रकार एवं नव बिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर,उप सम्पादक अजय कुमार श्रीवास्तव, समकालीन जवाबदेही के संपादक सुरेंद्र कुमार मिश्र, प्रमेन्द्र मिश्रा, सनोंज कुमार, प्रियदर्शी किशोर श्रीवास्तव, संजय सिन्हा, साकेत कुमार, अरविन्द अकेला एवं उपेन्द्र कश्यप के नाम की आज भी तूती बोलती है।

भारत की जनगणना CENSUS OF INDIA 2027

गृह मंत्रालय
भारत सरकार



जनगणना 2027 का पहला चरण

जनगणना कार्य निदेशालय बिहार

मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना

2 मई से 31 मई

एक कॉल, पूरी जानकारी

टोल-फ्री नंबर पर कॉल करें : 1855

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी

CensusIndia2027

cbc 19108/13/0119/2627